संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज | समूह संपादक : रवि भारद्वाज | नई दिल्ली, शुक्रवार, 10 मई 2024 ₹ 2 | www.actionindialive.com | facebook.com/actionindialive

राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
# एक्शन इंडिया

DL(N) /145/2021-23 वर्ष: 18 अंक: 128 पृष्ठ: 12 RNI : DELHIN/2006/19302

actionindianews@gmail.com | राष्ट्रीय संस्करण | दिल्ली - हरियाणा - हिमाचल प्रदेश - उत्तराखण्ड

RKB GROUP
Rakesh Bhardwaj Group



कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा के बयान को लेकर दिल्ली बीजेपी ने प्रदर्शन किया। प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा संबोधित करते हुए।

## सरकार की रिपोर्ट में दावा..65 साल में 7.8% घटी हिंदू आबादी

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत में 1950 से लेकर 2015 तक हिंदुओं की आबादी में 7.8% की गिरावट आई है। जबकि मुस्लिम की आबादी में 43.15% का इजाफा हुआ। प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद की रिपोर्ट में ये बात सामने आई है।

**रिलीजियस माइनॉरिटीज:** क्रॉस-कंट्री एनालिसिस (1950-2015) रिपोर्ट में ये भी कहा गया है कि जैनों की जनसंख्या में भी गिरावट आई है। 1950 में जैनों की आबादी 0.45% थी, जो 2015 में घटकर 0.36% रह गए। ये रिपोर्ट इकोनॉमिस्ट शमिका रवि, अब्राहम जोस और अपूर्व कुमार मिश्रा ने तैयार की है। अब लोकसभा चुनाव के बीच आबादी रिपोर्ट पर राजनीति शुरू हो गई है। भाजपा के आईटी सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने कहा, 'कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया है। उनके भरोसे छोड़ दिया जाए तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।' वहीं, असदुद्दीन ओवैसी ने इसे वॉट्सऐप यूनिवर्सिटी की रिपोर्ट करार दिया। प्रियंका गांधी ने कहा, 'हमें उन मुद्दों पर बात करनी चाहिए, जो लोगों के जीवन से जुड़े हैं। भाजपा अपने हिसाब से मुद्दे बनाती है। इस रिपोर्ट के बाद सियासी तौर पर माहौल गर्म होने लगा है। भाजपा सांसद साक्षी महाराज कहते हैं कि इसके स्पष्ट मायने हैं या तो हिंदू मारे



जा रहे हैं या फिर उनका धर्मांतरण कराया जा रहा है। साक्षी महाराज ने मांग की है कि देश में जल्द ही जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाया जाना चाहिए। यह कानून राष्ट्रहित में है। उनका कहना है कि वह हिंदू और मुसलमान की बात नहीं कर रहे हैं। लेकिन जो रिपोर्ट आई है वह बहुत ही आहत करने वाली है। वहीं भाजपा नेता

**सियासी बवाल**

▶▶ जैनों की जनसंख्या में भी गिरावट आई है। 1950 में जैनों की आबादी 0.45% थी, जो 2015 में घटकर 0.36% रह गए

और केंद्रीय मंत्री गिरिराज सिंह ने विपक्षी पार्टियों पर हमलावर होते हुए भारत को इस्लामिक स्टेट बनाने की साजिश करार दे दिया। इस रिपोर्ट के मीडिया में आने के बाद जिस तरीके की सियासत शुरू हुई है उस पर राजनीतिक जानकारों का रुख स्पष्ट है। जिस तरीके से भाजपा नेताओं ने इस पर अपनी प्रतिक्रिया देनी शुरू की है, उससे स्पष्ट है कि सियासत में मुद्दा अब आगे भी बढ़ने वाला है। इस रिपोर्ट को आधिकारिक वेबसाइट पर देखा तो नहीं है, लेकिन रिपोर्ट से जो हंगामा मचा है, वह हिंदू-मुस्लिम की राजनीति में ध्रुवीकरण की पूरी पिच तैयार कर रहा है। उनका कहना है कि अभी तक इस मामले में सबसे ज्यादा प्रतिक्रियाएं भारतीय जनता पार्टी के नेताओं की ओर से आ रहीं हैं। ऐसे में निश्चित तौर पर इस मुद्दे को भारतीय जनता पार्टी के नेता आगे बढ़ा रहे हैं। जबकि अन्य पार्टियों के बड़े नेताओं की ओर से फिलहाल इस पर चुप्पी है।

### आदर्श विचार



"कोई भी अपने कर्म से भाग नहीं सकता, कर्म का फल तो भुगतना ही पड़ता हैं"
- भगवत गीता

### मन की बात



"उठो, जागो और तब तक मत रुको जब तक लक्ष्य की प्राप्ति ना हो जाए।"
–स्वामी विवेकानंद

## 'कांग्रेस के हवाले कर दिया तो हिंदुओं के लिए नहीं बचेगा कोई देश'



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** प्रधानमंत्री की आर्थिक सलाहकार परिषद (ईएसी-पीएम) के एक अध्ययन से पता चला है कि 1950 से 2015 के बीच भारत में हिंदुओं की आबादी में 7.8 फीसदी की तेज से गिरावट आई है। इस आंकड़े के सामने आते ही राजनीतिक गलियारे में गलचल मच गई है। आरोप-प्रत्यारोप का दौर शुरू हो गया है। अब भाजपा ने इस रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा है। उसका कहना है कि अगर देश कांग्रेस के हवाले कर दिया गया तो हिंदुओं के लिए कोई देश नहीं बचेगा।

**कांग्रेस के दशकों के शासन ने हमारे साथ यही किया:** भाजपा के राष्ट्रीय सूचना एवं प्रौद्योगिकी विभाग के प्रभारी अमित मालवीय ने ईएसी-पीएम की रिपोर्ट को लेकर कांग्रेस को आड़े हाथ लिया।

## तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा विपक्षः शाह

● 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी हैः अमित शाह

**विपक्ष को घेरा**

▶▶ 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी है और विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला



**टीम एक्शन इंडिया**

**हैदराबाद:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुरुवार को तेलंगाना के भोंगिर लोकसभा क्षेत्र में एक चुनावी रैली को संबोधित किया। अमित शाह ने अपने संबोधन के दौरान कहा कि 2024 का चुनाव राहुल गांधी बनाम नरेंद्र मोदी है और यह विकास के लिए वोट और 'जिहाद के लिए वोट' के बीच मुकाबला है। चुनावी रैली को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि यह चुनाव प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की 'भारतीय गारंटी' के खिलाफ कांग्रेस नेता राहुल गांधी की 'चीनी गारंटी' के बीच है। उन्होंने कांग्रेस, बीआरएस और एआईएमआईएम को तुष्टिकरण का त्रिकोण बताते हुए कहा कि ये पार्टियां रामनवमी जुलूस नहीं निकलने देतीं और सीएए का भी विरोध करती हैं।

**गृह मंत्री ने विपक्ष पर लगाए कई आरोप:** गृह मंत्री ने कहा, "ये लोग 'हैदराबाद मुक्ति दिवस' (17 सितंबर) मनाने की अनुमति नहीं देते हैं। ये लोग सीएए का विरोध करते हैं। ये लोग तेलंगाना को शरिया और कुरान के आधार पर चलाना चाहते हैं।" अमित शाह ने कहा कि अब तक हुए लोकसभा चुनावों के तीन चरणों में भाजपा लगभग 200 सीटें हासिल करेगी और पार्टी को 400 सीटों के लक्ष्य को पार करने में मदद करने के लिए तेलंगाना में मतदान की जरूरत है।

### जनता कह रही, जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगेः योगी

**टीम एक्शन इंडिया**

**लखीमपुर खीरी:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि लोकसभा चुनाव- 2024 एक निर्णायक मोड़ पर आ चुका है। अब तक तीन चरणों में आधा चुनाव संपन्न हो चुका है। वहीं बचे चरणों ने पहले से ही रुझान तय कर दिये हैं। पूरे देश का रुझान है कि फिर एक बार मोदी सरकार। देश की जनता जनार्दन जो राम को लाए हैं, हम उनको लाने की बात कह रही है। योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को धौरहरा लोकसभा क्षेत्र की जनता को संबोधित करते हुए कहा कि इस बार देश में पहली बार देखने को मिल रहा है कि किसी सरकार ने 10 वर्ष का कार्यकाल पूरा किया और उसके बाद भी जनता जनार्दन पूरे उत्साह और उमंग के साथ बीजेपी के प्रत्याशियों को जिताकर तीसरी बार मोदी सरकार बनाने जा रही है। भारत की जनता यह कृतज्ञता इसलिए जाहिर कर रही है क्योंकि मोदी सरकार ने देश के विकास, कल्याण और सम्मान के लिए काम किया है।

## कैदियों की भीड़ कम करने का समाधान हो सकती है खुली जेलः सुप्रीम कोर्ट

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश की सर्वोच्च अदालत ने कैदियों के पुनर्वास पर टिप्पणी करते हुए खुली जेलों का सुझाव दिया है। अदालत ने कहा है कि खुली जेल की मदद से कैदियों की अधिक भीड़ को नियंत्रित किया जा सकता है। खुली या आंशिक रूप से खुली जेल में कैदियों को दिन के समय में परिसर के बाहर काम करने दिया जा सकता है, जिससे कि वह अपने जीवन यापन के लिए कुछ कमा सकें। इसके बाद काम निपटा कर शाम को सभी कैदी जेल में वापस लौट सकते हैं। अदालत ने यह सुझाव इसलिए दिया क्योंकि कैदी भी समाज से जुड़ सकें।

## चुनाव में बाहरी हस्तक्षेप मंजूर नहींः भारत

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** भारत में हो रहे आम चुनावों में पश्चिम के हस्तक्षेप वाले रूसी बयान पर भारत ने प्रतिक्रिया दी है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने गुरुवार को कहा कि हम किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे। भारत में हो रहे लोकसभा चुनाव में अगर कोई बाहर से हस्तक्षेप करना चाहे तो यह सरासर गलत है और वह कभी भी इसमें सक्षम नहीं होगा। हमने आरोपों पर एक बयान दिया है कि हम किसी भी हस्तक्षेप की अनुमति नहीं देंगे।

**कनाडा ने नहीं दी कोई जानकारी:** विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने निज्जर हत्याकांड में कनाडा में तीन भारतीयों को हिरासत में लिए जाने पर कहा कि हमें भी



इस बारे में बताया गया है। हालांकि, इस बारे में कोई औपचारिक राजनयिक संवाद नहीं हुआ है। उन्होंने कहा कि कनाडा ने इस बारे में भारत को किसी तरह की कोई जानकारी नहीं दी है। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने कनाडा से कहा कि वह अपनी धरती का उपयोग अलगाववादियों, चरमपंथियों और

**दो टूक**

▶▶ कनाडा धरती का उपयोग अलगाववादियों की वकालत करने वाले लोगों को राजनीतिक करने के लिए नहीं होने दें

हिंसा की वकालत करने वाले लोगों को राजनीतिक करने के लिए नहीं होने दें।

रणधीर जायसवाल ने मालदीव की विदेश मंत्री मूसा जमीर की भारत यात्रा पर अपडेट दिया है। उन्होंने कहा कि मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर भारत दौरे पर हैं, उन्होंने विदेश मंत्री डॉ. एस जयशंकर से मुलाकात की है।

## कांग्रेस खो चुकी जनता का विश्वासः सीएम नायब सिंह



**टीम एक्शन इंडिया**

**पानीपत:** हरियाणा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों ने अपना समर्थन वापस ले लिया है। जिसके बाद राजनीतिक नेताओं पर आरोप-प्रत्यारोप लगाने का हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले ही कांग्रेस के लोग विधानसभा में अविश्वास प्रस्ताव लेकर आए थे, तब हमने विश्वास मत हासिल किया। कहा कि जब विधानसभा सत्र चलेगा तब इस पर बात होगी। उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि कांग्रेस को जल्दी है, लेकिन हमारे साथ जनता का विश्वास है। कांग्रेस तो जनता का विश्वास खो चुकी है। वहीं, पानीपत में मंत्री व भाजपा नेता महिपाल ढांडा के आवास पर पूर्व सीएम से मिलने के लिए जजपा के विधायक पहुंचे।

## ईडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को फैसला सुनाएगा। इससे एक दिन पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया। ईडी ने कहा कि वे (केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है। प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ये हलफनामा इसलिए दिया कि 7 मई को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा था कि चुनाव 5 साल में आते हैं, ये असाधारण परिस्थिति है। अगर हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो हमारी शर्त रहेगी कि वे सरकार के काम में दखलंदाजी नहीं करेंगे। हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला किया जाएगा। दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। वे चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के गढ़ दिल्ली में 25 मई और पंजाब में 1 जून को लोकसभा चुनाव होने हैं।

**7 मई को जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणी**

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा- केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं हैं। यह एक अभूतपूर्व परिस्थिति है। लोकसभा चुनाव जारी हैं। वो दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं। अगर चुनाव नहीं चल रहे होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था।

चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर जमानत दी जाती है तो केजरीवाल सरकारी काम में दखल नहीं देंगे। वो अपने आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे। ऐसा हुआ तो हितों का टकराव पैदा होगा और हम यह नहीं चाहते।

**हलफनामा**

▶▶ प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं; कोर्ट ने कहा था- चुनाव 5 साल में होते हैं

## ईवीएम वाली स्ट्रांग रूम में लगेंगे अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने मद्रास हाई कोर्ट को सूचित किया कि सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों को उन स्ट्रांग रूम में अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने के निर्देश दिए गए हैं, जहां 19 अप्रैल के चुनावों के लिए इस्तेमाल की जाने वाली ईवीएम रखी गई हैं। न्यायमूर्ति ए.डी. जगदीश चंदीरा और न्यायमूर्ति आर. कलाईमथी की ग्रीष्मकालीन अवकाश पीठ के समक्ष भारत के चुनाव आयोग के स्थायी वकील निरंजन राजगोपालन पेश हुए। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के एजेंटों के लिए फुटेज देखने के लिए एक समर्पित लाइन और टीवी स्क्रीन होगी।

**तैयारी**

▶▶ राजनीतिक दल के एजेंटों के लिए फुटेज देखने के लिए एक समर्पित लाइन और टीवी स्क्रीन होगी

## पीओके भारत का हिस्साः विदेश मंत्री एस जयशंकर

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि गुलाम कश्मीर (पीओके) भारत का हिस्सा है और देश की हर राजनीतिक पार्टी उसकी वापसी सुनिश्चित करने के लिए प्रतिबद्ध है। यह वास्तव में हमारी राष्ट्रीय प्रतिबद्धता है।

**पीओके पर लोगों के मन की बात पूरी होगी:** विदेश मंत्री जयशंकर बुधवार को गार्गी कालेज में विद्यार्थियों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि लोगों ने मान लिया था कि अनुच्छेद 370 को बदला नहीं जा सकता, लेकिन भाजपा



सरकार ने अगस्त, 2019 में उसे निरस्त कर दिया। जयशंकर ने कहा कि आज देशवासियों के मन में गुलाम कश्मीर का मुद्दा भी आ गया है। यदि आपके विचारों में आ गया है तो बाकी चीजें निश्चित रूप से किसी न किसी बिंदु पर पूरी होंगी।

**प्रतिबद्धता**

▶▶ सभी दल भी गुलाम कश्मीर की वापसी के लिए प्रतिबद्धः विदेश मंत्री एस. जयशंकर

**गुलाम कश्मीर में लोगों की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं:** जयशंकर ने आगे कहा कि गुलाम कश्मीर में बिगड़ती आर्थिक स्थिति को लेकर राजनीतिक और मानवाधिकार संगठनों ने लंबा मार्च निकाला है। साथ ही 11 मई को पीओके के मुजफ्फराबाद में धरने का आह्वान किया है। यूनाइटेड कश्मीर पीपुल्स नेशनल पार्टी (यूकेपीएनपी) और ज्वाइंट अवामी एक्शन कमेटी (जेएएसी) ने संयुक्त बयान में घोषणा की है कि गंभीर बेरोजगारी, गेहूं और आटे पर सब्सिडी रद्द करने सहित अन्य मुद्दों को उठाया जाएगा। इससे पहले रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भी पीओके पर बयान देते हुए कहा था कि वहां हमें कुछ करने की जरूरत नहीं है और वो खुद भारत में आ मिलेगा।

**हथकरघा** हुड्डा ने मांग की है कि प्रदेश में भाजपा सरकार, अल्पमत में आ गई है, इसलिए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए

## हरियाणा में सियासी हलचल तेज, सत्ता पक्ष-विपक्ष के अपने-अपने दावे

**टीम एक्शन इंडिया**

**चंडीगढ़:** लोकसभा चुनाव के बीच हरियाणा की राजनीति में एकाएक हलचल बढ़ गई है। वजह, तीन निर्दलीय विधायकों ने पाला बदल लिया है। उन्होंने भाजपा सरकार से समर्थन वापस लेकर कांग्रेस पार्टी के साथ खड़े होने की बात कही है। कांग्रेस पार्टी के नेता भूपेंद्र हुड्डा ने मांग की है कि प्रदेश में भाजपा सरकार, अल्पमत में आ गई है, इसलिए राष्ट्रपति शासन लगाया जाए। दूसरी ओर, भाजपा नेताओं का कहना है, सरकार सुरक्षित है। पूर्व डिप्टी सीएम एवं जजपा नेता दुष्यंत चौटाला कहते हैं कि अगर कांग्रेस पार्टी, सरकार के खिलाफ



अविश्वास प्रस्ताव लाती है, तो जजपा उसे बाहर से समर्थन देगी। प्रदेश की राजनीति को करीब से जानने वाले बताते हैं, समर्थन लेने देने की कहानी, अभी खत्म नहीं हुई है। हरियाणा में अभी हिसाब खुलना बाकी है। भाजपा सरकार गिराने के चक्कर में कहीं कांग्रेस और जजपा में तो सेंध नहीं लग रही। पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर ने इस बाबत इशारा कर दिया है कि हमारे संपर्क में भी विधायक हैं।

**सेंधमारी**

▶▶ प्रदेश की राजनीति को करीब से जानने वाले बताते हैं, समर्थन लेने देने की कहानी, अभी खत्म नहीं हुई है

**'जजपा' विधायकों के समर्थन से सरकार का गठन:** हरियाणा में कांग्रेस और जजपा, दोनों दलों को एक दूसरे पर भरोसा नहीं है। हालांकि, पिछले वर्ष पूर्व सीएम भूपेंद्र सिंह हुड्डा ने कहा था, विधानसभा चुनाव में एक समान विचारधारा वाले दल साथ आ सकते हैं। उनसे जजपा के साथ किसी तरह के गठबंधन को लेकर सवाल पूछा गया था। उस वक्त तक जजपा, भाजपा सरकार में शामिल थी। गत मार्च में भाजपा ने जजपा के साथ गठबंधन तोड़ने की घोषणा की थी। मनोहर लाल खट्टर को मुख्यमंत्री पद से हटा कर नायब सैनी को सीएम बनाया गया था। उस वक्त भाजपा सरकार ने विधानसभा में विश्वासमत हासिल किया था। 2019 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 90 में से 40 सीटों पर जीत हासिल की थी।

## भारत-मालदीव के बीच हुई द्विपक्षीय वार्ता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** पहली बार भारत दौरे पर आए मालदीव के विदेश मंत्री मूसा जमीर ने भारतीय समकक्ष डॉ एस जयशंकर से मुलाकात की। दोनों देशों के विदेश मंत्रियों की बैठक के दौरान जयशंकर ने कहा, हमें विभिन्न क्षेत्रों में अपने दृष्टिकोणों के आदान-प्रदान को मजबूत करने में सक्षम बनाया। मूसा से मुखातिब विदेश मंत्री जयशंकर ने कहा, निकटतम पड़ोसियों के रूप में, हमारे संबंधों का विकास स्पष्ट रूप से आपसी हितों और पारस्परिक संवेदनशीलता पर आधारित है। उन्होंने कहा, भारत का सवाल है मालदीव के साथ रिश्ते हमारी पड़ोसी प्रथम नीति और सागर दृष्टिकोण पर आधारित है। जयशंकर



ने कहा, 'मुझे उम्मीद है कि आज की हमारी बैठक सफल होगी।' बता दें कि हिंद महासागर में आपसी समुद्री सहयोग के लिए भारत की नीति पर चलता है। इसका मतलब सिक्योरिटी एंड ग्रोथ फॉर ऑल इन द रीजन है। विदेश मंत्री मूसा का भारत दौरा इस मायने में भी अहम है क्योंकि पिछले कुछ महीने से भारत और मालदीव के संबंधों की तल्खी उभरी हैं। मालदीव के राष्ट्रपति ने चुनावी अभियान में 'इंडिया आउट' जैसे नारों का सहारा लिया, तो दूसरी तरफ उनके मंत्रियों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लक्षद्वीप प्रवास पर आपत्तिजनक टिप्पणियां कीं।

**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**अभिरुचि की अभिव्यक्ति (ईओआई)**

फाइल संख्या File No. IC-MG-MMLT -HUK-2024

दिल्ली मंडल, उत्तर रेलवे निजी पार्टियों को 'होलम्बी कलां, दिल्ली डिवीजन में प्रस्तावित "विश्व स्तरीय मल्टी मॉडल लॉजिस्टिक्स टर्मिनल" पर मूल्यवर्धित सुविधाएँ/सेवाएँ प्रदान करने के लिए अभिरुचि की अभिव्यक्ति' आमंत्रित करता है। ईओआई के संबंध में विस्तृत जानकारी उत्तर रेलवे की आधिकारिक वेबसाइट यानी www.nr.indianrailways.gov.in पर उपलब्ध है। ईओआई जमा करने की अंतिम तिथि 10.05.2024 को 16.00 बजे तक है।

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1401/24


## पहचान की अपील



आम जनता को सूचित किया जाता है कि एक महिला जिसका **नामः** दीपा, **पत्नीः** श्यामवीर, **पताः** गली नंबर 2, पेप्सी वाली गली, खिचड़ीपुर, दिल्ली, **उम्रः** लगभग 36 साल, **कदः** 4'11", **लिंगः** महिला, **रंगः** सांवला, **चेहराः** अण्डाकार, **शरीरः** मोटा, **पहनावाः** क्रीम रंग का सूट और सलवार, **बरामदी स्थलः** जो दिल्ली के खिचड़ीपुर, गली नंबर 2, पेप्सी वाली गली में मृत मिली थी। जिसे दिल्ली के लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल में एमएलसी नंबर 3048/24 के तहत स्थानांतरित कराया गया, जहाँ डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के शव को पहचान के लिए लाल बहादुर शास्त्री अस्पताल की मोर्चरी में 72 घंटे के लिए सुरक्षित रखा गया है।

इस सम्बंध में **DD No. 06A, दिनांक 29.04.2024, पुलिस स्टेशनः कल्याणपुरी, दिल्ली** में दर्ज है। यदि इसके बारे में कोई सुराग या जानकारी मिले तो तुरंत इसकी सूचना निम्नलिखित को दें।

**थानाध्यक्ष**
**पुलिस स्टेशनः कल्याणपुरी, दिल्ली**

**DP/5486/ED/2024 फोनः 011–22772251, 22772287, 8750871830**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**(धारा 82 Cr.P.C. देखिए)**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त **अंकित सोनी पुत्र कमल किशोर निवासी म.नं. 33ए, गली नं.10, स्वरूप विहार, जहांगीरपुरी, दिल्ली** ने एफआईआर नं. **265/18, दिनांक 11.11.2018, अन्तर्गत धारा 279/337/304ए आईपीसी, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किए गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित सोनी** मिल नही रहा है और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **अंकित सोनी** फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है) इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि एफआईआर नं. **265/18, दिनांक 11.11.2018, अन्तर्गत धारा 279/337/304ए आईपीसी, थाना सिविल लाइंस, दिल्ली** के उक्त अभियुक्त **अंकित सोनी** से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **28.06.2024** को **प्रातः 10:00 बजे** या उससे पहले हाजिर हों।

आदेशानुसार
**श्री गौरव गोयल**
महानगर दण्डाधिकारी
केन्द्रीय जिला, कमरा नं. 247
तीस हजारी न्यायालय, दिल्ली

**DP/5262/N/2024**
**(Court Matter)**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्घोषणा

**धारा 82 Cr. P.C. देखिए**

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह रावत, पुत्र श्री राजे सिंह रावत, निवासी मकान नं. आवारा गार्ड पुस्ता जमुना बाजार, दिल्ली। ने FIR No.138/2016 U/s 392/34 IPC, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गये गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह रावत मिल नहीं रहा है और मुझे समाधानप्रद रुप मे दर्शित कर दिया गया है कि उक्त अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह रावत फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आप को छिपा रहा है)। इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है FIR No.138/2016 U/s 392/34 IPC, थाना कश्मीरी गेट, दिल्ली के उक्त अभियुक्त धीरेन्द्र सिंह रावत से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष (या मेरे समक्ष) उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक 25.06.2024 को या इससे पूर्व हाजिर हो।

आदेशानुसार
**श्री चर्तिदर सिंह**
मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट (केंद्रीय)–07
कमरा नंबर 32, भूतल
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/5498/N/2024**

## अभियुक्त व्यक्ति की हाजिरी की अपेक्षा करने वाली उद्धघोषणा

(धारा 82 सीआरपीसी)

मेरे समक्ष परिवाद किया गया है कि अभियुक्त आरोपी **देवेन्द्र कुमार**, पुत्र सुरेंदर कुमार, निवासी (1) केएच–101/17, कमल विहार, कमालपुर, बुराड़ी, दिल्ली, (2) ए–4/191, कमालपुर, कमल विहार, बुराड़ी, दिल्ली, ने **एफआईआर संख्या 1217/2015, धारा 356/379/411 आईपीसी, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली**, के अधीन दण्डनीय अपराध किया है (या संदेह है कि उसने किया है) और उस पर जारी किये गए गिरफ्तारी के वारंट को यह लिखकर लौटा दिया गया है कि उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार**, मिल नहीं रहा और मुझे समाधानप्रद रूप से दर्शित कर दिया गया है की उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार**, फरार हो गया है (या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए अपने आपको छिपा रहा है)।

इसलिए इसके द्वारा उद्घोषणा की जाती है की उक्त अभियुक्त **देवेन्द्र कुमार**, केस **एफआईआर संख्या 1217/2015, धारा 356/379/411 आईपीसी, पुलिस थाना कोतवाली, दिल्ली**, से अपेक्षा की जाती है कि वह इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उक्त परिवाद का उत्तर देने के लिए दिनांक **20.08.2024** को या उससे पहले हाजिर हो।

आदेशानुसार
**सायशा चड्ढा,**
महानगर दण्डाधिकारी – 08,
कमरा नं. 272,
तीस हजारी कोर्ट, दिल्ली

**DP/4754/N/2024**
**(Court Matter)**

# गोल्डी बराड़-लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के 10 बदमाश पकड़े





**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्लीः** विदेश में बैठा गैंगस्टर गोल्डी बराड़ व जेल में बंद लॉरेंस बिश्नोई अपने नेटवर्क का इस्तेमाल कर देशभर में कांट्रेक्ट किलिंग व जबरन वसूली सहित अन्य अपराध करने की फिराक में थे। कई राज्यों में शूटर और दूसरे बदमाशों का इंतजाम कर हथियार भी मुहैया करवा दिए गए थे। दिल्ली पुलिस की स्पेशल सेल को भनक लगी तो 24 अप्रैल को मामला दर्ज किया गया। इसके बाद स्पेशल सेल की टीम हरकत में आई और 20 से अधिक टीमों को दिल्ली-एनसीआर के अलावा राजस्थान, मध्य प्रदेश, पंजाब, हरियाणा, यूपी और बिहार भेज दिया। ताबड़तोड़ छापे मारने के बाद पुलिस ने एक नाबालिग समेत 10 बदमाशों को दबोच लिया। इनके पास से सात पिस्टल, 31 कारतूस व 11 फोन और अन्य सामान बरामद किया गया है। बदमाश आकाओं के आदेश का इंतजार कर रहे थे। सभी एक दूसरे से फेसबुक, इंस्टाग्राम, व्हाट्सएप और दूसरे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के जरिये संपर्क में थे। स्पेशल सेल की पुलिस उपायुक्त प्रतीक्षा गोदारा ने बताया कि गोल्डी बराड़ और लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के बदमाशों के बीच हुई बातचीत का पता सेल की टीम को लगा था। इसकी जानकारी वरिष्ठ अधिकारियों को दी गई। 24 अप्रैल को स्पेशल सेल की टीम ने एक मुकदमा दर्ज कर छानबीन शुरू कर दी। एसीपी ललित मोहन नेगी, हृदय भूषण, इंस्पेक्टर शिवकुमार और सतीश राणा के नेतृत्व में 20 टीमों का गठन किया गया। सभी टीमों को अलग-अलग राज्य में भेजा गया। पुलिस ने 27 अप्रैल को शास्त्री पार्क पुश्ता, दिल्ली से जसप्रीत सिंह उर्फ राहुल (25) को गिरफ्तार किया। आरोपी रसूलपुर कलां, अमृतसर का रहने वाला है। इसके पास से पुलिस ने पिस्टल व चार कारतूस बरामद किए। दूसरी गिरफ्तारी हजरत निजामद्दीन रेलवे स्टेशन के पास से हुई। पुलिस ने यहां से गांव पात्रा, संधवा, कानपुर निवासी धर्मेंद्र उर्फ कार्तिक को गिरफ्तार किया। इसके पास से तमंचा और तीन कारतूस बरामद किए गए। तीसरी गिरफ्तारी 30 अप्रैल को खेड़ी दहिया, सोनीपत से हुई। पुलिस ने यहां से बड़ौता, सोनीपत निवासी मंजीत (34) को गिरफ्तार किया। चौथी और पांचवीं गिरफ्तारी 30 अप्रैल को डेरा बस्सी, मोहाली से हुईं। पुलिस ने गांव खेड़ी गुजरान, डेरा बस्सी निवासी गुरपाल सिंह (26) और मंजीत सिंह गुरी (22) को गिरफ्तार किया। इनके पास से एक पिस्टल व छह कारतूस बरामद हुए। छठी गिरफ्तारी जयपुर से हुई। पुलिस ने 27 अप्रैल को जयपुर निवासी अभय सोनी उर्फ कार्तिक उर्फ कबीर (22) को गिरफ्तार किया। इसके पास से एक पिस्टल व तीन कारतूस बरामद हुए।

**कौन हैं पकड़े गए आरोपीः** मनजीत सिंह पुलिस टीम पर हमला करने समेत तीन मामलों में शामिल रहा है। वह अजय राणा के जरिए गोल्डी बराड़ के संपर्क में आया। गोल्डी के कहने पर उसने गुरपाल व अन्यों के साथ मिलकर रंगदारी न देने पर प्रॉपर्टी डीलर की हत्या का प्रयास किया। जसप्रीत के खिलाफ दो मामले दर्ज हैं।

आईटीआई डिप्लोमा होल्डर सचिन कुमार एक मामले में शामिल रहा है। वह लॉरेंस बिश्नोई गिरोह के लिए हथियार सप्लाई कर रहा था। सोनीपत का मनजीत लॉरेंस बिश्नोई से काफी प्रभावित है। वह गैंग को हथियार सप्लाई कर रहा था। अभय सोनी जूलर है। कारोबार में नुकसान होने के बाद उसने राजस्थान शूटर के नाम से फेसबुक पर गिरोह बनाया। बाद में वह दूसरे गिरोह के संपर्क में आया।

# ठक-ठक गिरोह ने महिला का मोबाइल फोन लूटा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नोएडाः** कोतवाली सेक्टर-113 क्षेत्र में दो मई की सुबह कार से जा रहीं एक महिला के साथ लूट की वारदात हो गई। ठक-ठक गिरोह के बदमाशों ने पर्थला फ्लाईओवर के निकट कार के नीचे बच्चा आने की सूचना देकर मोबाइल फोन लूट लिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता वांछा गर्ग ने बताया कि वह दो मई की सुबह करीब 10 बजे ऑफिस जा रही थीं। पर्थला चौक के पास उनकी कार जाम में फंस गई थी। तभी दो व्यक्ति अचानक उनकी कार के दोनों तरफ आए और कहने लगे कि उनकी कार ने एक बच्चे को टक्कर मारकर घायल कर दिया। यह नहीं बताया कि बच्चा उनकी कार के पिछले पहिए के नीचे फंस गया है। इसी बीच कार की दूसरी ओर खड़े व्यक्ति ने खिड़की को पीटना शुरू कर दिया। उसने शीशा नीचे करने के लिए कहा, लेकिन उन्होंने उसे नजरअंदाज कर दिया। लोगों की बात सुनकर वह भयभीत हो गईं और उसकी बात सुनने के लिए कार का शीशा थोड़ा नीचे किया। जैसे ही शीशा नीचे किया उसने हाथ अंदर डाल दिया।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**इलेक्ट्रॉनिक निविदा ई प्रणाली के अन्तर्गत मदों की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रण**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मुख्य सामग्री प्रबन्धक उत्तर रेलवे नई दिल्ली–110001 द्वारा इच्छुक फर्मों से निम्नलिखित मदों के लिये ई–निविदा आमंत्रित की जाती है :–

| क्र.सं. | निविदा सं0 | संक्षिप्त विवरण | मात्रा | अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | 82243731A | क्रॉस लिंक्ड पॉली के साथ संपूर्ण घुटने के कृत्रिम अंग के लिए सेट। हड्डी सीमेंट के साथ हड्डी आरा ब्लेड के साथ विनिमेय आधार पर सीओसीआर और टाइटेनियम टिबिया | 60 | 03-06-2024 |

निविदा शर्तें –1. विस्तृत जानकारी IREPS वेबसाइट यानी www.ireps.gov.in पर देखी जा सकती है। 2. मैनुअल निविदा स्वीकृत नहीं की जायेगी।

टेंडर नोटिस स. सर्जरी आइटम–82243731A दिनांक 09.05.2024 1403/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



PUBLIC NOTICE

Reg: Plot No.330, Phase-I, HSIIDC, Industrial Estate Barhi, Distt. Sonipat.

Plot No.330, Phase-I, HSIIDC, Industrial Estate Barhi **measuring 450 sq. meters** was re-allotted by the Corporation to **Smt. Mamta Jain W/o Sh. Amit Jain** vide **Re-allotment Letter No.HSIIDC:B:17:1284 dated 11.09.2017 for setting up an industrial project of Mfg. of Pharmaceutical & Ayurvedic Medicine.** Subsequently, on request of the Legal heirs of original allottee namely Smt. Mamta Jain (demised on 13.04.2021), the Corporation granted the provisional transfer permission upon the death of original allottee in favour of **legal heirs of allottee Late Smt. Mamta Jain (now deceased), for the project of Mfg. of Pharmaceutical & Ayurvedic Medicine** subject to compliance of the terms & conditions of the PTL dated 18.01.2022.

The allottee/ transferee has complied the terms & conditions except submission of original Re-allotment Letter dated 11.09.2017. The Corporation has been informed that the original RLA has been lost/ misplaced on 23.12.2021at Ganaur and complaint for lost of above documents has been lodged vide application LR No.132390842400193 at Police Station HSIIDC Barhi. The Legal heirs confirmed before the Corporation that the plot is free from any mortgage/ lien/ encumbrances/ disputes and the same has not been handed over to any one in connection of sale of this plot.

Now the Corporation is in process of considering their request for transfer of plot and issuance of re-allotment letter in favour of the transferee allottee without submission of original RLA. Through this public notice, it is here by informed that any person having reservation/ objection w.r.t. above mentioned transfer in favour of **all legal heirs** may file his/ her objection in writing before this office alongwith an affidavit within a period of 30-days from the date of publication of this notice. In case no response is received within the aforesaid period, it will be presumed that nobody has any objection to transfer of the said plot and the Corporation shall go ahead with the transfer of plot in favour of **legal heirs.** The Re-allotment Letter dated 11.09.2017 shall be treated as null & void after expiry of the above notice period.

The Estate Manager
For & behalf of
Haryana State Industrial and Infrastructure Dev. Corpn. Ltd.
Branch Office Industrial Estate Barhi, Distt Sonepat
Ph.0130-2474756,E-mail:estate.barhi@hsiidc.org.in


# लेनदेन और ढ़ाबा पर कब्जा करने को की थी कुनाल की हत्या

**टीम एक्शन इंडिया**

**ग्रेटर नोएडा :** ग्रेटर नोएडा के बीटा-2 कोतवाली पुलिस और स्वाट टीम ने मुठभेड़ के बाद कुनाल की हत्या के दो आरोपी को गिरफ्तार किया है। एक आरोपी के पैर में गोली लगी है। पुलिस ने आरोपियों के पास से अपहरण में प्रयुक्त स्कोडा कार को बरामद किया है। पुलिस ने दावा किया है कि ब्याज के रुपयों के लेनदेन और रेस्टोरेंट पर कब्जा करने के लिए कुनाल की हत्या की गई। बताया जा रहा है कि दो आरोपी पुलिस की हिरासत में है। बृहस्पतिवार को पुलिस कुनाल हत्याकांड का खुलासा करेगी। बीटा-2 कोतवाली क्षेत्र में एक मई को ढ़ाबा संचालक कृष्ण कुमार शर्मा के बेटे कुनाल का अपहरण कर लिया गया था। रविवार को कुनाल का शव बुलंदशहर की एक नहर में मिला था। अपहरण के बाद हत्या से पुलिस की कार्रवाई पर सवाल उठ रहे थे। बुधवार की रात पुलिस को हत्या में शामिल आरोपियों के सबूत मिटाने आने की सूचना मिली थी। डाढ़ा गांव के पास पुलिस ने आरोपियों को घेर लिया। मेठभेड के बाद पुलिस ने दो आरोपी को गिरफ्तार किया। उनकी पहचान कुनाल भाटी निवासी डाढ़ा गांव और हिमांशु निवासी अगौता गांव बुलंदशहर के रुप में हुई है। कुनाल भाटी के पैर में गोली लगी है। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है।


**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेण्डरिंग निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक/विद्युत/वाराणसी निम्नलिखित कार्यों हेतु ऑनलाइन (ई-टेण्डरिंग) के माध्यम से "खुली निविदायें" आमंत्रित करते हैं। **क्रम सं.-01,** निविदा सूचना संख्याः ई-निविदा-एल-04-24-25, कार्य का नामः वाराणसी मण्डल के रेलवे स्टेशनों पर विभिन्न क्षमताओं के सौर संयंत्रों (रूफ टॉप) का प्रावधान। अनुमानित लागतः ₹ 6,14,81,748.50, अमानत राशिः ₹ 4,57,400/-, कार्य समापन का समयः 180 दिन, निविदा समापन की तिथि एवं समयः 30-05-2024, 14:30 बजे, निविदा खोलने की तिथि एवं समयः 30-05-2024, 14:30 बजे।

• उपरोक्त ई-निविदा कार्यों के पूर्ण विवरण एवं निविदा में प्रतिभाग करने हेतु भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर जायें।

वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर/सामान्य
मुजाधि/विद्युत-31 वाराणसी

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।


## डूबने से पूर्व फौजी की हुई मौत

**बुलंदशहर :** थाना क्षेत्र के गांव भटौना में एक व्यक्ति की तालाब में डूबने से मौत हो गई। मृतक की शिनाख्त वेद प्रकाश तेवतिया निवासी गांव भटौना के रूप में हुई है। गोताखोर समय पर न आने पर ग्रामीणों ने गुलावठी सिकंदराबाद मार्ग पर जाम भी लगा दिया। बताया गया कि वेद प्रकाश तेवतिया फौज में नौकरी करते थे। करीब 20 साल पूर्व वह फौजी की नौकरी छोड़कर गांव आ गए। फोर्स की नौकरी छोड़ने के बाद वह गांव में ही रह रहे थे। ग्रामीणों ने बताया कि काफी समय से वह मानसिक रूप से तनाव में थे। बृहस्पतिवार को वह गांव भावा जाने के लिए तालाब पार कर रहे थे। लेकिन, तभी वह तालाब में डूब गए। गोताखोरों के समय पर न आने पर ग्रामीणों ने गुलावठी सिकंदराबाद मार्ग पर जाम लगा दिया।


**Format C-2**

**Declaration about criminal antecedents of candidiates set up by the party**

As per the judgement dated 25th September, 2018 of Hon'ble Supreme Court in WP(Civil) No. 536 of 2011 (Public Interest Foundation and Ors. Vs. Union of India & Anr.)

Name of the Political Party: **AAM AADMI PARTY** Name of the Election: **GENERAL ELECTION 2024 TO LOK SABHA** Name of State/UT: **HARYANA**

| 1 | 2 | 3 | 4 | | | 5 | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| Sl. No | Name of Candidate | Name of Constitutuency | Pending Criminal Cases | | | Details about cases of conviction for Criminal Offences | |
| | | | Name of Court | Case No. & Status of the Case(s) | Section of the Acts concerned & brief description of offence(s) | Name of Court & date(s) of order(s) | Description of offence(s) & Punishment Imposed |
| 1. | **Shri Sushil Kumar Gupta** | **02-Kurukshetra** | **(i) Addl. Chief Metropolitan Magistrate (Ms. Tanya Bamniyal)** | **1) CT Case/16/2019** | **(i) Defamation (U/s 499,500,504 & 34 of IPC)** | **NIL** | **NIL** |



**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**ई–निविदा सूचना**

| क्र0 सं0 | निविदा संख्या | कार्य का विवरण | निविदा खुलने की तिथि तथा समय | अनुमानित लागत रूपये | धरोहर राशि रूपयें | कार्य पूरा करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ओ0टी–01/ 2024-25 | इंटरलॉकिंग ऑफ एलसी गेट हविंग टीवीयू मोर दन 20000 ओन प्रोपोजड 130 के एम पी एच रूट इन राजपुरा – बटिंडा सेक्शन ऑफ अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 19707703.42 | 248500 | 270 दिन |
| 2 | ओ0टी–02/ 2024-25 | प्रोविजन ऑफ सेग्रीगेष्न ऑफ पॉवर सप्लाई एंड मीडिया इन ब्लाक वर्किंग ऑवर अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 37611199.56 | 338100 | 270 दिन |
| 3 | ओ0टी–03/ 2024-25 | रिप्लेसमेंट ऑफ़ मेकनिकल लीफटिंग बैरियर वित इलेक्ट्रिक लीफटिंग बैरियर गेट्स इन यार्ड्स ओवर अम्बाला डिवीज़न. | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 16749223.32 | 233800 | 270 दिन |
| 4 | ओ0टी–04/ 2024-25 | एस एंड टी वर्क इन कनेक्शन वित कंस्ट्रक्शन ऑफ लएचएस एट एल–सिंग न. सी–82 इन फतूही इन बठिंडा श्री गंगा नगर सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 2032164.48 | 40700 | 180 दिन |
| 5 | ओ0टी–05/ 2024-25 | प्रोविजन ऑफ़ ओ.फ.सी. और एसोसिएटेड इक्विपमेंट इन 835.97 किलोमीटर ऑन नॉन–ओ.फ.सी सेक्शन ऑन नार्दन रेलवे इन रायपुर हरियाणा– सतरोड़ ब्लॉक सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 4194608.40 | 83900 | 180 दिन |
| 6 | ओ0टी–06/ 2024-25 | रिप्लेसमेंट ऑफ़ आउटलिव्ड टेलिकॉम केबल इन बरारा–मुस्तफाबाद, बरारा–केसरी, हिंडनकेबिन–खानआलमपुरा यार्ड–सहारनपुर एंड अम्बाला– मोहरी सेक्शन ऑफ़ अम्बाला डिवीज़न. | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 19327607.03 | 246600 | 270 दिन |
| 7 | ओ0टी–07/ 2024-25 | एनुअल रिपेयर कॉन्ट्रेक्ट ऑफ़ कार्डस ऑफ़ पि. डी. मक्स मेक वेबफिल फॉर थ्री इयर्स. | 03.06.2024 at 15:00 hrs | 1771109.45 | 35400 | 36 महीने |

नोट :– 1. वरि0 मंडल सिग0 एवं टेली0 इंजी0/उ0रे0, डी0आर0एम0 ऑफिस, रेल बिहार, अम्बाला छावनी के द्वारा इच्छुक निविदाकारों से उपरोक्त संदर्भित कार्यों हेतु खुली निविदा दर्शायी गयी तिथि अनुसार 15:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। निविदाकारों के द्वारा सभी आवश्यक दस्तावेज की स्कैन प्रतिलिपि अपलोड करें। 2. टैन्डर डाकूमैंटस व निविदा सूचना की विस्तृत जानकारी के लिए रेलवे वेबसाईट www.ireps.gov.in पर लाग ऑन करें। 3. निविदाकारों को ई–टेण्डरिंग में भाग लेने के लिए उनके पास क्लास–III डिजीटल सिगनेचर सर्टिफिकेट होना चाहिए तथा उन्हें उपरोक्त साइट पर रजिस्टर्ड होना आवश्यक है। निविदाकारों से निवेदन है कि टैन्डर नोटिस और टैन्डर डाकूमैन्टस में दी गई हिदायतों/शर्तों इत्यादि को टैन्डर डालने से पहले भली भांति पढ़ लें।

संख्या : एस.डब्लयू/सिग/अम्बाला/एन0आई0टी0–01/2024–25 दिनांक 09.05.2024 1378/2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ



# क्लासीफाइड

## टूर एण्ड ट्रैवल्स

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** फ्री वीजा, रहना, खाना, 2 साल का वर्क परमिट। कमाएं 3 लाख महीना। कोई पैसा ना वीजा से पहले ना बाद में। चाहिए हेल्पर, कारपेंटर, मेसन, वैल्डर, प्लम्बर, ड्राइवर, ऑपरेटर, स्टोरकीपर, वेटर, सुपरवाईजर, मैनेजर, कुक इत्यादि। सरकारी रजिस्टर्ड कंपनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 73476708

**वर्क वीजा** कैनेडा, ऑस्ट्रेलिया, कंस्ट्रक्शन/स्टोर/आईटी कंपनियों में जरूरत :
स्टोर कीपर, कम्प्यूटर आपरेटर, फूड पैकर, ड्राईवर, इलेक्ट्रीशियन, प्लम्बर, सिक्योरिटी, गार्ड, वेटर, कुक, नो एडवांस, रहना, खाना, टिकट, बीमा फ्री। एजेंट्स वैलकम। **रूद्राश** 9815119633, 9855577523

**कैनेडा-ऑस्ट्रेलिया** 3 साल का वीजा, फ्री रहना, खाना और टिकट कम्पनी देगी। सैलरी 2 से 3 लाख महीना। हैल्पर, कारपेन्टर, मैसन, प्लम्बर, ड्राईवर, कुक, वेटर, आपरेटर, सुपरवाईजर इत्यादि चाहिये। रजिस्टर्ड कम्पनी से ही अप्लाई करें।
**फोन :** 7087033731

**कनाडा, ऑस्ट्रेलिया,** दुबई, कुवैत, सऊदी, रशिया, सिंगापुर, में पढ़े-लिखे और अनपढ़ कारीगरों और हैल्पर की भारी जरूरत। वीजा के पैसे सैलरी से कटवाएं। फोन : 7710404041

## खोया-पाया

मैं श्वेता पाठक, पुत्री श्री प्रशांत कुमार शर्मा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0122362 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

## बेदखली सूचना

**मैं** सुरेश पुत्र संजय सिंह बी1, तिलक नगर का निवासी हूं। मेरा पुत्र रमेश कुमार शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम महिमा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

**सार्वजनिक सूचना**

इस सूचना के माध्यम से हर आम व खास को सूचित किया जाता है। इस कार्यालय में श्री विनोद कुमार पुत्र स्वर्गीय श्री बाबू राम निवासी मकान नंबर 1, सैक्टर-32, करनाल द्वारा संपत्ति कर आई.डी. नंबर 1EONGP14 स्थित करनाल में नाम दर्ज कराने बारे आवेदन किया है। संपत्ति कर रिकार्ड अनुसार उपरोक्त संपत्ति कर आई.डी. नंबर 1EONGP14 में बिना नाम के दर्ज है तथा श्री बाबू राम पुत्र अनंत राम की मृत्यु दिनांक 25-01-2016 को हो चुकी है। प्रार्थी द्वारा इस कार्यालय में नाम तबदील करने हेतु एक प्रलेख / वसीयत नंबर ....दिनांक .......तथा शपथ पत्र की प्रति प्रस्तुत की है। अतः यदि किसी आमजन या खासजन को उक्त वसीयत अनुसार संपत्ति कर आई.डी. 1EONGP14 स्थित मकान पी.टी.सी. गेट के सामने मधुबन में स्वर्गीय श्री बाबू राम पुत्र अनंत राम निवासी गांव दहा, करनाल का नाम तबदील करने हेतु किसी प्रकार की आपत्ति हो तो इस कार्यालय में नोटिस प्रकाशन की तिथि से 15 दिनों के अंदर-अंदर अपनी आपत्ति / एतराज दर्ज करवा सकते हैं। अन्यथा समयावधि पश्चात माना जाएगा कि उपरोक्त तबदील बारे किसी को कोई आपत्ति नहीं है। परिणामस्वरूप इस कार्यालय के संपत्ति कर में संबंधित युनिक संपत्ति कर आई.डी. नंबर 1EONGP14 में आवेदक का नाम दर्ज / तबदील कर दिया जायेगा। समयावधि पश्चात कोई भी क्लेम मान्य नहीं होगा।

हस्ताक्षर/
क्षेत्रिय कराधान अधिकारी,
नगर निगम, करनाल।

## बेदखली सूचना

मैं दयशंकर पुत्र राम सिंह बी1, जनकपुरी का निवासी हूं। मेरा पुत्र राजू सिंह शादीशुदा है व उसकी पत्नी का नाम पूजा है। दोनों अपनी मनमानी करते है व परिवार में दिन-रात झगड़ा करते हैं। वहीं मेरी पुत्रवधू महिमा दहेज उत्पीड़न के केस में फंसाने की धमकी देती है। जिस कारण पूरा परिवार परेशान है। मैं अपने पुत्र व उसकी पत्नी को अपनी चल-अचल संपित्त से बेदखल करता हूं। भविष्य में उनसे जो भी संबंध रखेगा या लेन-देन करेगा वो खुद जिम्मेवार होगा। मेरे या मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी। २

## बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे मुवक्किल श्री उदय प्रदाप पुत्र स्व. श्री मजोल लाल व चंदा पत्नी श्री मजोल लाल, निवासी-नंगली जालिब, जनकपुरी, बी-1 ब्लॉक , नई दिल्ली-58 के पुत्र राधेश्याम व उसकी पत्नी रमावती को उनके व्यवहार ठीक नहीं होने के कारण दिनांक 16-01-2015 को बेदखल कर दिया था लेकिन अब उनके व्यवहार मेरे मुवक्किल के प्रति अच्छे हो गये हैं। अब उनसे अपने सभी प्रकार के संबंध अपना लिए हैं तथा अब उपरोक्त दोनों उनके समस्त चल व अचल सम्पत्ति में हकदार होंगे और भविष्य में अब दोनों मेरे मुवक्किल के साथ रहेगें। अब उन दोनों से मेरे मुवक्किल को कोई शिकायत नहीं है।

## खोया-पाया

मैं राधा सचदेवा, पुत्री श्री संजय सचदेवा, मकान नं. 62 गांव पोशंगीपुर, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 की निवासी हूं। त्रुटिवश मेरी 10वीं की मार्कशीट महावीर नगर में कही खो गई है, जिसका अनुक्रमांक नंबर 0224532 है। जिस किसी को मिले कृप्या उपरोक्त पते पर संपर्क करे।

# ईडी ने केजरीवाल की जमानत का विरोध किया

## 'वे (केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है, प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं'

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** सुप्रीम कोर्ट दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की अंतरिम जमानत पर 10 मई को फैसला सुनाएगा। इससे एक दिन पहले गुरुवार को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने कोर्ट में हलफनामा दाखिल किया।

ईडी ने कहा कि वे (केजरीवाल) चुनाव नहीं लड़ रहे हैं और इससे पहले किसी नेता को प्रचार के लिए न्यायिक हिरासत से जमानत नहीं मिली है। प्रचार करना मौलिक अधिकार नहीं है। केंद्रीय जांच एजेंसी ने ये हलफनामा इसलिए दिया कि 7 मई को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से कहा था कि चुनाव 5 साल में आते हैं, ये असाधारण परिस्थिति है। अगर हम केजरीवाल को जमानत देते हैं तो हमारी शर्त रहेगी कि वे सरकार के काम में दखलंदाजी नहीं करेंगे। हम शुक्रवार को अंतरिम जमानत पर अंतरिम आदेश सुनाएंगे। गिरफ्तारी को चुनौती देने से जुड़े मुख्य मामले पर भी उसी दिन फैसला किया जाएगा। दिल्ली शराब नीति केस में केजरीवाल एक अप्रैल से तिहाड़ जेल में बंद हैं। वे चुनाव प्रचार नहीं कर पा रहे हैं। आम आदमी पार्टी (आप) के गढ़ दिल्ली में 25 मई और पंजाब में 1 जून को लोकसभा चुनाव होने हैं।



**7 मई को जमानत पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट के 4 कमेंट**

जस्टिस संजीव खन्ना और जस्टिस दीपांकर दत्ता ने कहा- केजरीवाल कोई आदतन अपराधी नहीं हैं।

यह एक अभूतपूर्व परिस्थिति है। लोकसभा चुनाव जारी हैं। वो दिल्ली के चुने हुए मुख्यमंत्री हैं।

अगर चुनाव नहीं चल रहे होते तो अंतरिम जमानत का सवाल ही नहीं उठता था।

चुनाव 5 साल में सिर्फ एक बार होते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा- अगर जमानत दी जाती है तो केजरीवाल सरकारी काम में दखल नहीं देंगे। वो अपने आधिकारिक कार्य नहीं करेंगे। ऐसा हुआ तो हितों का टकराव पैदा होगा और हम यह नहीं चाहते। 3 मई को सुनवाई दो घंटे चली थी। इस लंबी बहस के बाद बेंच ने कहा था कि मेन केस यानी जिसमें केजरीवाल ने अपनी गिरफ्तारी और रिमांड को चुनौती दी है।

### सुप्रीम कोर्ट ने ईडी से पूछे थे कई सवाल

**क्या** बिना किसी न्यायिक कार्यवाही के विजय मदनलाल चौधरी या अन्य मामले में जो कहा गया है, उसके संदर्भ में आपराधिक कार्यवाही शुरू की जा सकती है? (जस्टिस खन्ना ने कहा कि केजरीवाल के मामले में अब तक कोई कुर्की नहीं हुई है। अगर हुई है तो ईडी को यह बताना होगा कि उनका संबंध कैसे था)

मनीष सिसोदिया मामले में फैसले के दो हिस्से हैं- एक, जो उनके पक्ष में है, दूसरा, जो उनके पक्ष में नहीं है। केजरीवाल का मामला किस भाग में आता है?

पीएमएलए के सेक्शन-19 की व्याख्या कैसे की जाए, क्योंकि केजरीवाल जमानत के लिए आवेदन करने के बजाय गिरफ्तारी और रिमांड के खिलाफ आ रहे हैं। यदि वे बाद का रास्ता अपनाते हैं तो उन्हें पीएमएलए के सेक्शन-45 के तहत उच्च प्रावधानों का सामना करना पड़ेगा? मामले में कार्यवाही शुरू होने और कुछ समय बाद बार-बार शिकायत दर्ज होने के बीच का समय। (इस संबंध में यह बताया गया कि अंतर के गंभीर नतीजे होंगे। चूंकि धारा 8 न्यायिक प्रक्रिया के लिए 365 दिनों की अधिकतम समय सीमा निर्धारित करती है)

### केजरीवाल 21 मार्च को अरेस्ट हुए थे

ईडी ने शराब नीति केस में केजरीवाल को 21 मार्च को अरेस्ट किया था। ईडी ने 22 मार्च को उन्हें राउज एवेन्यू कोर्ट में पेश किया। कोर्ट ने दिल्ली सीएम को 28 मार्च तक ईडी रिमांड पर भेजा, जो बाद में 1 अप्रैल तक बढ़ाई गई। कोर्ट ने 1 अप्रैल को उन्हें 15 अप्रैल तक न्यायिक हिरासत में तिहाड़ जेल भेज दिया था। तब वे जेल में हैं। शराब नीति केस में केजरीवाल को इस साल 27 फरवरी, 26 फरवरी, 22 फरवरी, 2 फरवरी, 17 जनवरी, 3 जनवरी और 2023 में 21 दिसंबर और 2 नवंबर को समन भेज गया था। हालांकि, वे एक बार भी पूछताछ के लिए नहीं गए।

# सीएम अरविंद केजरीवाल की बढ़ेगी मुसीबत!



**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल की मुसीबतें कम होने का नाम नहीं ले रही है। दरअसल, प्रवर्तन निदेशालय ने सीएम केजरीवाल के खिलाफ चार्जशीट दायर करने की तैयारी कर ली है। जांच एजेंसी इस मामले में आज चार्जशीट दाखिल करेगी। बता दें, ईडी ने कोर्ट को कई बार बता चुकी है कि दिल्ली शराब घोटाले के मुख्य साजिशकर्ता सीएम केजरीवाल ही हैं। दिल्ली की राऊज एवेन्यू कोर्ट में सुनवाई के दौरान ईडी ने शराब घोटाले को लेकर कई बड़े दावे किए थे। ईडी ने कहा था कि अरविंद केजरीवाल नई आबकारी नीति मामले में मुख्य साजिशकर्ता के तौर पर शामिल रहे हैं और इसके जरिए रिश्वत ली गई थी। रिश्वत के पैसे का इस्तेमाल गोवा चुनाव में भी किया गया था। कोर्ट में एएसजी ने दलील दी थी कि केजरीवाल आबकारी नीति बनाने में अहम भूमिका निभाई थी।

ईडी ने दावा किया था कि इस मामले में अरविंद केजरीवाल के करीबी विजय नायर शामिल रहे और उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया केजरीवाल से मिले थे और उन्हें नीति से जुड़ी फाइल दी थी।

# पुलिस से बचने के लिए की दूसरी शादी, आरोपी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** आरके पुरम थाना पुलिस ने फैक्ट्री के लिए जमीन दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले आरोपित को 14 साल बाद गिरफ्तार किया है। आरोपित ने पुलिस से बचने के लिए दूसरी शादी कर ली थी और अपनी पहचान छिपाकर कोटला मयूर विहार में रह रहा था। दक्षिणी पश्चिमी जिले के पुलिस उपायुक्त रोहित मीना ने बताया कि आरोपित की पहचान 65 वर्षीय सत्यप्रकाश उर्फ बलजीत के रूप में हुई है। सत्यप्रकाश मूलरूप से ग्रेटर नोएडा के बैदपुरा का रहने वाला है।

**भीकाजी कामा प्लेस में खोला था ऑफिस :** सात सितंबर 2010 में आरके पुरम थाने में आरोपित के खिलाफ धोखाधड़ी व फर्जी दस्तावेज तैयार करने का केस दर्ज किया गया था। पुलिस को दी शिकायत में पीड़ित बृजपाल सिंह ने बताया कि आरोपित सत्यप्रकाश ने अपने साथियों के साथ मिलकर भीकाजी कामा प्लेस में एक ऑफिस खोल रखा था। वह फैक्ट्री खोलने के लिए जमीन दिलाने का झांसा देते थे। सत्यप्रकाश ने एक फैक्ट्री की जमीन बेचने के बहाने बृजपाल से लाखों रुपये ठग लिये थे।

# सैम के बयान पर बवाल: दिल्ली में भाजपा का प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** कांग्रेस मुख्यालय के बाहर सैम पित्रोदा की रंग भेदी टिप्पणी के खिलाफ भाजपा ने विरोध-प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी से देशवासियों से माफी मांगने की मांग की। प्रदर्शन में कांग्रेस छोड़ भाजपा में शामिल हुए राजकुमार चौहान, नसीब सिंह, अमित मल्लिक, नीरज बसोया समेत कई नेताओं ने हिस्सा लिया और हाथों में कांग्रेस विरोधी तख्ती लेकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की। इस मौके पर प्रदेश भाजपा अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा ने कहा कि भारत की सुंदरता उसकी विविधता है। यही इस देश की ताकत है। संस्कृति के रूप अलग हो सकते हैं लेकिन उसका सूत्र एक ही है, देश की अखंडता। जिस प्रकार कांग्रेस नेताओं ने रंगभेदी टिप्पणी की है वह सीधे तौर पर हमारे देश की एकता और अखंडता के खिलाफ है। पित्रोदा का बयान अचानक नहीं आया है बल्कि चुनाव के तीन फेस के बाद कांग्रेस खिसकती जमीन को देखते हुए आया है। यह टिप्पणी सिर्फ एक बयान नहीं है बल्कि जान बूझकर लोगों को रंगों के आधार पर बांटने की साजिश है। जो देश को बांटने की साजिश करेगा उसको बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। भाजपा सांसद रमेश बिधूड़ी ने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान देश का अपमान है। इसे कोई भी देशवासी नहीं सहेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा था कि भाजपा को गाली देना, मुझे गाली देना बर्दाश्त किया जाएगा लेकिन अगर देश के 140 करोड़ जनता को गाली दी जाएगी तो यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। हर राष्ट्रवादी इस बयान के खिलाफ सड़कों पर है। प्रदर्शन में ऋचा पांडे मिश्रा, मोहन लाल गिहारा, नीरज तिवारी, प्रवीण शंकर कपूर समेत कई कार्यकर्ता शामिल हुए।




**नारेबाजी**

कई नेताओं ने हिस्सा लिया और हाथों में कांग्रेस विरोधी तख्ती लेकर कांग्रेस पार्टी के खिलाफ नारेबाजी की

**कांग्रेस की बढ़ी मुश्किलें:** इससे पहले कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने कुछ ऐसा कह दिया था, जिसे लेकर बुधवार को विवाद खड़ा हो गया। उन्होंने कहा था कि देश के पूर्वी हिस्से के लोग चीनी और दक्षिण भारतीय अफ्रीकी नागरिकों जैसे दिखते हैं। हम 75 साल से बहुत सुखद माहौल में रह रहे हैं, जहां कुछ लड़ाइयों को छोड़ दें।

# जीटीबी अस्पताल में एक्स-रे की फिल्म का अभाव

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** दिलशाद गार्डन स्थित गुरु तेग बहादुर (जीटीबी) अस्पताल में एक्स-रे की फिल्म के अभाव से मरीजों व चिकित्सकों की परेशानियां बढ़ गई हैं। मरीजों को उनके स्मार्टफोन पर फोटो खींचकर एक्स-रे की रिपोर्ट दी जा रही है। इसकी वजह से स्मार्टफोन नहीं चलाने वाले मरीजों को अधिक परेशानी हो रही है। वहीं, एक्स-रे की फिल्म की कमी से चिकित्सकों को भी मरीज का इलाज करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इस संबंध में अस्पताल के मीडिया प्रवक्ता डॉ. रजत झाम्ब से पक्ष जानने का प्रयास किया गया, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

**कमरा नंबर-46 में रोजाना होते हैं 600 से अधिक एक्स-रे:** अस्पताल में प्रतिदिन तीन-चार हजार की ओपीडी होती है। अस्पताल के कमरा नंबर-46 में प्रतिदिन 600 से अधिक एक्स-रे भी होते हैं। सूत्रों से पता चला कि अस्पताल में बीते दो महीनों से एक्स-रे की फिल्म का अभाव चल रहा है। सुंदर नगरी से आईं रेशमा ने बताया कि 15 दिन पहले उनका साढ़े तीन साल का बेटा उमर बक्से के ऊपर से गिर गया था। जिससे उसके कूल्हे और पैर में चोट लग गई थी। जीटीबी की इमरजेंसी में दिखाया।

# लिव-इन पार्टनर के साथ वैवाहिक संबंध बनाने के लिए नहीं मिली पैरोल

**फैसला**

लिव-इन पार्टनर्स के साथ वैवाहिक संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल देने की अनुमति नहीं देता

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** उच्च न्यायालय ने लिव-इन पार्टनर के साथ वैवाहिक संबंध बनाने के लिए पैरोल की इजाजत देने से इनकार कर दिया। अदालत ने कहा भारतीय कानून लिव-इन पार्टनर्स के साथ वैवाहिक संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल देने की अनुमति नहीं देता है। न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा ने कहा कि लिव-इन-पार्टनर जेल में बंद अपने साथी के साथ बच्चा पैदा करने के अधिकार का दावा नहीं कर सकता, खासकर तब जब दोषी की पहली पत्नी जीवित हो। अदालत ने कहा कि बच्चा पैदा करने या लिव-इन पार्टनर के साथ वैवाहिक संबंध बनाए रखने के आधार पर पैरोल देना, जहां दोषी की पहले से ही कानूनी रूप से विवाहित पत्नी है और उस विवाह से पैदा हुए बच्चे हैं, एक हानिकारक मिसाल कायम करेगा।

**लिव-इन पार्टनर परिवार की परिभाषा में नहीं आता :** न्यायमूर्ति शर्मा ने आगे कहा कि जेल नियम के अनुसार लिव-इन पार्टनर परिवार के सदस्य की परिभाषा के अंतर्गत नहीं आता है। इस प्रकार यहां याचिकाकर्ता की लिव-इन पार्टनर को दिल्ली जेल नियमों के तहत परिवार की परिभाषा के दायरे में नहीं माना जा सकता है। जिसके पास पत्नी या पति के रूप में कानूनी मान्यता नहीं है।

**दोषी सोनू सोनकर ने दायर की याचिका :** खंडपीठ ने हत्या के दोषी सोनू सोनकर द्वारा दायर याचिका पर सुनवाई करते हुए ये टिप्पणियां कीं। जिसमें उसने अपनी पत्नी के साथ विवाह संपन्न करने और सामाजिक संबंधों को बनाए रखने के लिए पैरोल की मांग की थी। अदालत ने पाया कि सोनकर को कई मौकों पर पैरोल दी गई थी और जब वह पैरोल पर था तब उसने दूसरी महिला से शादी की। उनकी वर्तमान याचिका इस महिला के साथ वैवाहिक संबंध बनाए रखने के लिए पैरोल की मांग करते हुए दायर की गई थी। हालाँकि शादी को साबित करने या यह दिखाने के लिए कि उसने अपनी पहली पत्नी को तलाक दे दिया था।



### भविष्य में बढ़ सकती हैं ऐसी याचिकाएं: कोर्ट

**कोर्ट** ने कहा यदि ऐसे आधार पर पैरोल दी जाती है, तो इससे ऐसी याचिकाओं की बाढ़ आ जाएगी जहां कई दोषी इस आधार पर पैरोल की मांग कर सकते हैं कि उनके कानूनी रूप से विवाहित साथी के अलावा एक लिव-इन पार्टनर है या अविवाहित दोषी के मामले में एक लिव-इन पार्टनर जो दोषी के साथ बच्चा पैदा करना चाहता हो। इस अदालत की राय में मौजूदा कानून के मापदंडों के साथ-साथ दिल्ली जेल नियम, 2018 के तहत पैरोल देने के प्रासंगिक नियमों के तहत इसकी अनुमति नहीं दी जा सकती है।

# लारेंस-गोल्डी के सामने खड़ा हुआ भाऊ गैंग

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** देश भर में जबरन उगाही मामले में एकछत्र राज करने वाले गैंगस्टर लारेंस बिश्नाई- गोल्डी बरार के सामने अब हिमांशु उर्फ भाऊ रिटोलिया गैंग खड़ा हो गया है। तिलक नगर इलाके में फ्यूजन कार शोरूम पर फायरिंग कर पांच करोड़ की रंगदारी इसी गैंग ने मांगी है। यह खुलासा मामले की जांच में हुआ। भाऊ सोशल मीडिया पर गोल्डी बरार और लारेंस बिश्रोई के फोटो पर कांटा लगाकर पोस्ट करता है और कहता है कि ये उसके सामने कुछ नहीं हैं। खास बात ये है कि भाऊ पहले पर्ची फेंकवाता है, फिर फायरिंग करवाता है और इसके बाद रंगदारी मांगता है। हरियाणा पुलिस ने इसका रेड कॉर्नर नोटिस जारी करवा रखा है। स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों ने बताया कि भाऊ रोहतक के पास स्थित रिटोली गांव का रहने वाला है। इसकी गांव के ही सनी और बाबा से रंजिश चल रही हैं। इस रंजिश में चार-पांच हत्याएं हो चुकी हैं। भाऊ अपने बचपन के दोस्त साहिल उर्फ आंटा के साथ फर्जी पासपोर्ट पर वर्ष 2022 में विदेशी भाग चुका है। स्पेशल सेल के अधिकारी मानते है कि भाऊ अपना वर्चस्व बढ़ाता जा रहा है। उसके गिरोह में 20 से 25 वर्ष के 12 से ज्यादा शूटर हैं। वह नवीन बाली व नीरज बवानिया से भी जुड़ा हुआ है। साथ ही पलवल के कौशल गिरोह को चलाने वाला नीरज फरीदपुरिया भी इसके साथ है। दिल्ली पुलिस व हरियाणा पुलिस इसके शूटरो को दबाचने के लिए दिल्ली, हरियाणा व यूपी में दबिश दे रही हैं। स्पेशल सेल के पुलिस अधिकारियों के अनुसार, पीड़ित से वचुर्अल नंबर से रंगदारी मांगी है। इसकी जांच में समय लगेगा।

# कांग्रेस ने प्रचार के लिए उतारी 13,600 बूथ समितियां

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** लोकसभा चुनाव प्रचार और पार्टी का संदेश घर-घर तक पहुंचाने के लिए कांग्रेस की 13 हजार से ज्यादा बूथ समितियां मैदान में उतरी हैं। प्रदेश कांग्रेस कमेटी की विशेष टीम द्वारा इनके द्वारा किए जा रहे प्रचार की निगरानी की जा रही है यूं तो कांग्रेस दिल्ली की तीन सीटों पर ही चुनाव लड़ रही है, लेकिन आइएनडीआइ गठबंधन के तहत पार्टी सभी सातों सीटों पर प्रचार में जुटी हुई है। इस क्रम में पार्टी ने पूरी दिल्ली भर में मौजूद अपनी 13 हजार 600 बूथ समितियों को सक्रिय किया है। पार्टी के कम्युनिकेशन विभाग के चेयरमैन अनिल भारद्वाज ने बताया कि चुनाव में जनसंपर्क बढ़ाने के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है।




# आरएमएल में सिस्टम से होता रहा रिश्वतखोरी का धंधा

**टीम एक्शन इंडिया**

**नई दिल्ली:** राष्ट्रीय राजधानी के डॉ राम मनोहर लोहिया अस्पताल में भ्रष्टाचार और रिश्वतखोरी का पूरा एक सिस्टम काम करता है। सीबीआई की एफआईआर के मुताबिक अगर कॉर्डियोलॉजिस्ट अजय राज व पर्वतगौड़ा चन्नप्पागौड़ा को बतौर रिश्वत 20 हजार रुपये नहीं मिलते थे तो गर्भवती को वार्ड से बाहर निकाल दिया जाता था। अस्पताल के क्लर्क भुवाल व नर्स शालू धमकाते हैं और लेनदेन सुचारू ढंग से बिना व्यवधान हो इसके लिए यूपीआई का विकल्प भी मौजूद है। सीबीआई ने रिश्वतखोरी के इस मामले में अपनी एफआईआर में 11 व्यक्तियों और चार फर्मों को नामित किया है, जिनमें छह अस्पताल कर्मचारी, एक बिचौलिया और चार चिकित्सा उपकरण आपूर्तिकर्ता शामिल हैं। एजेंसी ने एफआईआर में यह भी दावा किया कि पर्वतगौड़ा ने चिकित्सा आपूर्तिकर्ताओं से उन्हें मिलने वाली रिश्वत जल्द से जल्द देने के लिए कहा था। 2 मई को, उन्होंने नागपाल को 2.48 लाख रुपये की रिश्वत राशि देने के लिए कहा, जिसे नागपाल ने मंगलवार तक देने का आश्वासन दिया। पर्वतगौड़ा ने 23 अप्रैल को अहमद से सभी रिश्वत जल्द से जल्द देने को कहा था क्योंकि वह गर्मी की छुट्टियों के दौरान यूरोप जाने वाला था। अहमद ने इससे पहले मार्च में पर्वतगौड़ा के पिता बसंत गौड़ा के खाते में 1.95 लाख रुपये जमा कराए थे। इसी तरह पर्वतगौड़ा ने एक दूसरे सप्लायर आकर्षण गुलाटी से यूपीआई के जरिये 36 हजार रुपये और शेष रकम नकद ली थी। सीबीआई ने एफआईआर में कॉर्डियोलॉजिस्ट अजय राय और भारती मेडिकल टेक्नोलॉजीज के भरत सिंह दलाल के बीच कई लेनदेन का भी जिक्र किया।




**रेट चार्ट**

पर्वतगौड़ा ने चिकित्सा आपूर्तिकर्ताओं से उन्हें मिलने वाली रिश्वत जल्द से जल्द देने के लिए कहा था

**मेडिकल बनवाने के लिए फिक्स था क्लर्क संजय का रेटचार्ट:** अस्पताल का क्लर्क संजय 100 रुपये में एक दिन की रेस्ट का मेडिकल सर्टिफिकेट चुटकी बजाते बनवा देता था।

यही नहीं उसका रेट चार्ट फिक्स था। एक दिन के 100 रुपये तय थे। एजेंसी की एफआईआर में ऐसे चार मौके दिखाए गए हैं जब क्लर्क संजय ने 700 रुपये में सात दिन, 300 रुपये में तीन और 500 रुपये में पांच दिन का मेडिकल बनवा कर दिया है।

# सैनी सरकार बहुमत में है और पूरी तरह से मजबूत : मनोहर लाल

## पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल का गुरुवार को घरौंडा-पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा के बाद पत्रकारों से संवाद, हरियाणा की नायब सिंह सैनी सरकार बहुमत में है और पूरी तरह से मजबूत : मनोहर लाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़/पानीपत/कमाल हुसैन**
पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल ने दावा किया है कि आने वाली 4 जून को जब लोकसभा चुनाव के परिणाम आएंगे तो हरियाणा की जनता 11 के 11 कमल के फूल खिलाकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की झोली में डालने का काम करेगी। उन्होंने हरियाणा की सभी 10 लोकसभा सीटों को करनाल विधानसभा की सीट समेत बड़े अंतर से जीत का दावा किया। पूर्व सीएम गुरुवार को घरौंडा और पानीपत ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में जनसंपर्क यात्रा के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि हरियाणा की जनता ने फैसला कर लिया है कि वह विपक्ष के बहकावे में नहीं आने वाली है और हर हाल में भारतीय जनता पार्टी की तीसरी बार सरकार बनाने का काम करेगी। पूर्व मुख्यमंत्री ने एक सवाल के जवाब में कहा कि विपक्ष को 4 जून को अपनी असलियत पता चल जाएगी। हरियाणा के 3 निर्दलीय विधायकों द्वारा सरकार से समर्थन वापस लेने के मामले में उन्होंने कहा कि नायब सिंह सैनी की सरकार बहुमत में है



और पूरी तरह से मजबूत है। दुष्यंत चौटाला द्वारा कांग्रेस के साथ मिलकर सरकार गिराने के प्रयास पर उन्होंने कहा कि दुष्यंत को जो करना है वह करे, यह उसका काम है। जब उनसे यह पूछा गया कि दुष्यंत चौटाला अपने विधायकों की शिकायत विधानसभा अध्यक्ष को करने वाले हैं तो उन्होंने कहा कि जब शिकायत आएगी तब उस शिकायत पर उस हिसाब से कार्रवाई की जाएगी।

इससे पहले आज सुबह कोहंड गांव से पूर्व मुख्यमंत्री की जनसंपर्क यात्रा शुरू हुई। यह यात्रा दोपहर में आसन कला गांव में संपन्न हुई। इस दौरान करीब डेढ़ दर्जन गांव में पूर्व मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करने का काम किया। करनाल लोकसभा क्षेत्र से भाजपा उम्मीदवार एवं पूर्व मुख्यमंत्री के साथ इस अवसर पर हरियाणा के पंचायती राज मंत्री महिपाल ढांडा और राज्यसभा सांसद कृष्ण पंवार समेत अनेक कार्यकर्ता और नेता मौजूद। गांव में अपने स्वागत से अभिभूत पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों का यह उत्साह इस बात का सूचक है कि केंद्र और प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों से लोगों में भाजपा के प्रति लहर पैदा हुई है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी की सरकार ने 10 साल में इतने काम किए हैं कि कांग्रेस को सोच भी नहीं सकती। धारा 370, राम मंदिर, हाईवे, गरीबों के कल्याण के लिए

**सरकार मजबूत**

**उनकी सरकार ने बिना खर्ची और बिना पर्ची शिक्षित युवाओं को नौकरी देने का काम किया है : मनोहर लाल**

मकान, शौचालय, बिजली पानी और उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रसोई गैस के कनेक्शन का जिक्र किया।

पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी सरकार ने बिना खर्ची और बिना पर्ची शिक्षित युवाओं को नौकरी देने का काम किया है। हर गांव में बड़ी संख्या में युवा बिना किसी सिफारिश और पैसे के नौकरी लगे हैं। उन्होंने कहा कि पहले जब कोई बच्चा नौकरी लगता था तो उसके बाप को या तो अपनी जमीन बेचनी पड़ती है या प्लाट बेचना पड़ता है और इनमें से कुछ नहीं होता था तो उसकी मां को अपने गहने बेचकर पैसे देने पड़ते थे, लेकिन आज सरकार ने इस प्रकार की व्यवस्था की है कि युवाओं को नौकरी के लिए केवल पढ़ाई करनी है और टेस्ट पास करना है।

## यौन शोषण मामले में सजा काट रहे जलेबी बाबा की मौत

**टीम एक्शन इंडिया**
**हिसार:** राजगढ़ रोड स्थित केन्द्रीय कारागार-2 में सजा काट रहे जलेबी बाबा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह महिलाओं की अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने व एक सौ से अधिक महिलाओं से रेप के मामलों में 14 साल की सजा काट रहा था। हिसार में केंद्रीय कारागार-2 में सजा काट रहे बिल्लू राम उर्फ जलेबी बाबा की बुधवार देर रात तबीयत बिगड़ गई। पुलिसकर्मी उसे नागरिक अस्पताल में लेकर आए, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन यहां डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। वह दुष्कर्म व आईटी एक्ट के मामले में 14 साल की सजा काट रहा था, जलेबी बाबा के नाम से मशहूर कैदी का सही नाम बिल्लू राम उर्फ अमरपुरी था।

# जेजेपी नेता दुष्यंत चौटाला ने राज्यपाल को लिखा पत्र

**विपक्ष पर दबाव**

**तीन निर्दलियों के समर्थन वापस लेने के बाद विपक्ष का बहुमत परीक्षण कराने का दबाव**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा की नायब सैनी के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार से तीन निर्दलीय विधायकों के समर्थन वापस लेने के बाद विपक्ष ने सदन में बहुमत साबित कराने के लिए दबाव बढ़ा दिया है। उधर कांग्रेस ने सीधे तौर पर नायब सैनी सरकार को अल्पमत में बताते हुए प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की है।कांग्रेस प्रतिनिधिमंडल ने



शुक्रवार को राज्यपाल से मिलने का समय मांगा है।इंडियन नेशनल लोकदल के नेता चौधरी अभय सिंह ने भी राज्यपाल को पत्र लिखकर नायब सैनी सरकार का बहुमत परीक्षण कराने की मांग की है। कांग्रेस ने अपने सभी विधायको की राज्यपाल के सामने परेड कराने की पेशकश की है। पूर्व मुख्यमंत्री और नेता प्रतिपक्ष भूपेंद्र हुड्डा ने कहा है कि जेजेपी भी अपने विधायको की परेड राज्यपाल के समक्ष कराए।

विधानसभा में कुल नब्बे के मुकाबले 88 सदस्य है। इनमे 40 भाजपा, 30कांग्रेस, 10 जेजेपी,6निर्दलीय और 1हलोपा और 1 इनेलो के है।




## मोदी के नेतृत्व में भारत को मिली विश्व पटल पर पहचान: कंवरपाल

**टीम एक्शन इंडिया**
**यमुनानगर:** हरियाणा के कैबिनेट कंवरपाल ने अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में बुधवार रात तक जगाधरी शहर में शिवपुरी सोसाइटी, वाल्मीकि बस्ती , गोमती गली, नालागढ़ और कई कालोनियों में धुआंधार जनसंपर्क किया। कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विरासत और विकास का ये अदभूत समन्वय अगर किसी एक महापुरूष के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज देश में देखने को मिल रहा है, तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है। आज देश ने दुनिया में जो अभूतपूर्व ख्याति प्राप्त की है, उससे हर भारतीय का मान-सम्मान बढ़ा है। उससे न केवल देश के सभी विपक्षी दल बल्कि विश्व के दूसरे देशों के लीडर भी आश्चार्य चकित हैं। इसी वजह से प्रधानमंत्री मोदी को जो मान-सम्मान दूसरे देशों में मिलता है, वह मान-सम्मान हम सभी भारतवासियों का है और यही वजह है कि आज भारत की गणना विश्व के श्रेष्ठ पांच देशों में होती है।

# इनेलो ने राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की

## प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट रूप से अपना बहुमत खो दिया

**मांग**

**किसी भी पार्टी को सदन में यह प्रदर्शित करना होता है कि उसने अपना बहुमत नहीं खोया ह**

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** इनेलो के प्रधान महासचिव एवं ऐलनाबाद के विधायक अभय सिंह चौटाला ने वीरवार को महामहिम राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय को पत्र लिख कर हरियाणा प्रदेश में राष्ट्रपति शासन लागू करने की मांग की। पत्र में महामहिम को इस तथ्य की ओर ध्यान दिलाते हुए कहा कि हरियाणा में भाजपा सरकार ने विधानसभा में अपना बहुमत खो दिया है, भारतीय राष्ट्रीय लोकदल (आईएनएलडी) मांग करता है कि हरियाणा प्रदेश की भाजपा सरकार को तुरंत बहुमत साबित करने के लिए विधानसभा का



सत्र बुलाने के लिए कहा जाना चाहिए ताकि यह साबित हो सके कि उसे अभी भी विश्वास प्राप्त है। किसी भी पार्टी का सरकार में बने रहना विधानसभा में लगातार विश्वास बनाए रखने की उसकी क्षमता पर निर्भर करता है और यदि ऐसा लगता है कि उसने अपना बहुमत खो दिया है, तो इसका एकमात्र रास्ता है कि संवैधानिक तरीके से सदन में बहुमत साबित करें। सत्ता में रहने के लिए किसी भी पार्टी को सदन में यह प्रदर्शित करना होता है कि उसने अपना बहुमत नहीं खोया है। वर्तमान मामले में प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने स्पष्ट रूप से अपना बहुमत खो दिया है और उन्हें मुख्यमंत्री के पद पर बने रहने का कोई कानूनी या नैतिक अधिकार नहीं है। यदि महामहिम को लगता है कि वर्तमान परिस्थितियों में विधानसभा को बुलाकर विश्वास परीक्षण कराना संभव नहीं है, तो महामहिम राज्य में राष्ट्रपति शासन की सिफारिश कर सकते हैं। इनेलो, ऐसी स्थिति के लिए संवैधानिक रूप से सही प्रतिक्रिया की अपेक्षा करता है जहां सरकार ने अपना बहुमत खो दिया है।

## अल्पमत की सरकार चला रहे सीएम सैनी: डॉ. सुशील गुप्ता



**टीम एक्शन इंडिया**
**कलायत/कैथल:** आम आदमी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष और कुरुक्षेत्र लोकसभा से इंडिया गठबंधन के प्रत्याशी डॉ. सुशील गुप्ता ने बृहस्पतिवार को कलायत विधानसभा के गांव एवं वार्ड में चुनावी यात्रा की। इस दौरान उनके साथ कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व केंदीय मंत्री जयप्रकाश जेपी के सुपुत्र विकास सहारण और दिल्ली सरकार में विधायक महेंद्र गोयल मौजूद रहे। डॉ. सुशील गुप्ता ने अपनी चुनावी यात्रा गांव तितरम से शुरू की। इसके बाद वे गांव कैलरम में लोगों से मिले। वहां से सारण में ग्रामीणों से रूबरू हुए। इसके बाद गांव बालू में पहुंचे। यहां से गांव सोंगरी, गुलियाना, किठाना, तारागढ़, खेड़ी सिंबलवाली, माजरा, रायवाली, किछाना, जाखौली होते हुए खेड़ी शेरू पहुंचकर लोगों को संबोधित किया और आशीर्वाद लिया। इस दौरान उन्होंने बुजुर्गों और महिलाओं का आशीर्वाद लिया और "इंडिया" गठबंधन को भारी

**चुनावी यात्रा**

**कुरुक्षेत्र लोकसभा के गांवों में भाजपा उम्मीदवार को घुसने नहीं दिया जा रहा: सुशील गुप्ता**

बहुमत से जिताने की अपील की। उन्होंने कहा कि जब से इंडिया गंठबंधन कुरुक्षेत्र से चुनाव प्रचार में उतरा है, तब से हम कुरुक्षेत्र के गांव गांव में जा रहे हैं। सभी गांव में भाजपा के प्रति रोष देखने को मिल रहा है।

कुछ लोगों ने पोस्टर लगा रखे हैं कि इस गांव में भाजपा वालों की एंट्री नहीं है। इस माहौल के देखते हुए भाजपा के नेता टिकट लेने को तैयार नहीं हैं। क्योंकि वह जानते हैं कि यदि भाजपा की टिकट ली तो उनका गांवों में घुसना मुश्किल हो जाएगा। उन्होंने कहा कल सबने देखा कि कलायत में किस प्रकार से नवीन जिंदल का विरोध हुआ।



## न्यूज फ्लैश

### बाइक के हैंडल पर टंगा 60 हजार रुपयों से भरा बैग चोरी


**गन्नौर। बेगा रोड पर** दुकान के बाहर खड़े सेल्समैन की बाइक से पैसों सा भरा बैग चोरी हो गया। सेल्समैन ने मामले की शिकायत बड़ी थाना में दी। शिकायत में पुरखास राठी गांव के बिजेंद्र ने बताया कि वह सेल्समैन है और दुकानों पर समान सप्लाई करने का काम करता है। 8 मई की दोपहर को वह बेगा रोड पर किराने की दुकान पर समान देने गया था। उसके पास के बैग था, जिसमें आरसी, आधार कार्ड, लाइसेंस व करीब 60 हजार रुपये थे। वह बैग को बाइक हैंडल पर टंगा छोड़ कर समान देने किराने की दुकान पर चला गया। इस दौरान एक युवक आया और उसका बैग उठा कर आपने साथी के साथ स्कूटी पर फरार हो गया। बड़ी थाना प्रभारी महेश कुमार ने बताया कि पुलिस ने शिकायत पर अज्ञात के खिलाफ चोरी का केस दर्ज कर लिया है। पुलिस आस-पास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। जल्द ही चोरों का पता लगाकर उन्हें गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

### 11 केवी के फीडर से तार चोरी

**गन्नौर। आहुलाना स्थित** 11 केवी के फीडर से चोर तार चोरी कर ले गए। बिजली निगम के एसडीओ ने चोरी की शिकायत गन्नौर थाना में दी। शिकायत में निगम के एसडीओ अभिषेक ने बताया कि 2 व 3 मई की रात को चोर आहुलाना से 11 केवी के फीडर की करीब 2400 मीटर तार चोरी कर ले गए। जिस कारण विभाग को करीब 1 लाख 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। पुलिस ने अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

### एमेजॉन में देबार्पिता दास का मातृत्व एवं करियर में संतुलन बनाने का प्रेरणाप्रद सफर

**करनाल।** मदर्स डे माँओं और बच्चों के पालन-पोषण में माँ की महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली महिलाओं को सम्मानित करने का एक विशेष अवसर है। आज की व्यस्त दुनिया में वो अपने परिवारों की देखभाल करने के साथ ही काम में भी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन कर रही हैं। इन प्रेरणाप्रद माँओं में से एक हैं देबार्पिता दास, जो एक वर्ष की बेटी की माँ होने के साथ ही एमेजॉन इंडिया में प्रोग्राम मैनेजर भी हैं।



देबार्पिता एमेजॉन में 2017 में मैनेजर-कस्टमर सर्विस के रूप में शामिल हुईं और वर्तमान में वे फाइनेंस (ऑपरेशंस) डिवीजन में प्रोग्राम मैनेजर के रूप में कार्यरत हैं। वे एडब्लूएस, एमेजॉन के डिजिटल और डिवाइसेज बिजनेस के प्रोजेक्ट्स का नेतृत्व करती हैं, जो दस भौगोलिक क्षेत्रों में फैले हुए हैं। देबार्पिता के मुख्य प्रोजेक्ट्स में एमेजॉन इंडिया के पहले ऑल-वीमेन वर्चुअल कस्टमर सर्विस (वीसीएस) का लॉन्च शामिल है, जो महिलाओं को सशक्त बनाने का एक अभियान है।
देबार्पिता ने 2023 में एक बच्ची को जन्म देकर अपने जीवन का एक नया अध्याय शुरू किया। अपनी बेटी की देखभाल के लिए उन्होंने एक लंबा मैटरनिटी अवकाश लिया। इसी दौरान उन्हें एमेजॉन के पैरेंटएक्स प्रोग्राम और इसके लाभों के बारे में पता चला। पैरेंटएक्स प्रोग्राम का उद्देश्य कर्मचारियों को अभिभावक के रूप में अपना अनुभव बेहतर बनाने में मदद करना है। यह प्रोग्राम सहकर्मियों का ग्रुप सपोर्ट और स्नेह बढ़ाकर पैरेंटल विषयों पर विशेषज्ञ परामर्श उपलब्ध कराता है। इस प्रोग्राम के बारे में उन्होंने कहा, ह्यह्यमुझे इस संगठन का हिस्सा बनने पर गर्व है, जो नए अभिभावकों की सेहत को प्राथमिकता देता है। पैरेंटएक्स प्रोग्राम मेरे लिए काफी मददगार रहा, खासकर उस समय इससे मुझे काफी सपोर्ट मिली, जब एक लंबे मैटरनिटी अवकाश के बाद मैं काम पर वापस आई। शुरू में मुझे अपनी बेटी को पर्याप्त समय नहीं दे पाने के कारण गलती का अहसास होता रहता था, लेकिन इस प्रोग्राम ने मुझे सांत्वना और मार्गदर्शन दिया।

# सिख समुदाय भी 400 पार के संकल्प मे भागीदार होगा: सरदार गुरप्रीत सिंह

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र : भारतीय जनता** पार्टी अल्पसंख्यक मोर्चा के राष्ट्रीय प्रभारी एवं सद्भाव अभियान के लोकसभा चुनाव के प्रभारी के रूप मे आज पत्रकारवार्ता मे सरदार गुरप्रीत सिंह ने बताया की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सिख समुदाय के लिये बहुत काम किया है जिन मे विशेष रूप से करतारपुर कॉरीडोर बनाया जाना उतना ही महत्वपूर्ण है जितना भगवान राम जी का भव्य मंदिर, सिख समाज की भावना करतारपुर कॉरीडोर से जुड़ी हुई है कोरीडोर बनने से पूरे देश का सिख समाज मोदी जी का मुरीद हो गया है इतना ही नहीं छोटे शाहीबजादो



की याद मे वीर बाल दिवस की घोषणा करना तथा सिख गुरुओं की याद में 550 साला व 350 साला समागम देश भर मे मनाए जाने की घोषणा हुई जिस कारण प्रदेशों के मुख्यमंत्रीयो ने अपने अपने आवासों पर गुरुग्रंथ साहब जी का प्रकाश कर बड़े समागम हुए तथा स्वयं प्रधानमंत्री मोदी जी ने अपने आवास 7, लोक कल्याण मार्ग पर बड़ा समागम किया जिस मे देश भर के बड़े जत्थेदायर भी शामिल हुये सिख समुदाय के हर प्रोग्राम मे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी अपने सर पर खंडे वाला रुमाला बांध कर गुरुग्रंथ साहब जी को दंडवत प्रणाम करते रहते है इसके अलावा कई योजनाये सीखो के लिये चलाई है उन्होंने बताया है की अब सिख समाज का फर्ज है की भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवारों को जिताने के लिये कमल का बटन दबाकर नरेंद्र मोदी जी के हाथ मजबूत करे व मोदी जी के संकल्प 400 पार के लक्ष्य में सिख समुदाय सहयोगी बने `कुरुक्षेत्र लोकसभा के प्रत्याशी नवीन जिंदल के बारे मे कहा की कुरुक्षेत्र के लोग भाग्यशाली है उन्हे समाज सेवक उमीदवार मिला है इसलये 25 मई को कमल का बटन दबाकर नवीन जिंदल जी को विजय बनाये जिस से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधान मंत्री बनकर सिख समाज के लिये जादा कार्य करने की शक्ति प्राप्त हो `पत्रकार वार्ता से पहले कुरुक्षेत्र जिला परिषद के पूर्व चेयरमेन गुरदयाल सिंह सुनहेड़ी जी ने गुरुप्रीत जी को फूलों का गुलदस्ता देकर कर स्वागत किया तथा मोजूद कार्यकर्ताओ ने फूल मालाओ से स्वागत किया भाजपा कुरुक्षेत्र लोकसभा मीडिया प्रभारी शेलेश वत्स , विकसित भारत विकसित हरियाणा के सयोजक रघुमल भट्ट, भाजपा हरियाणा अनु. मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष रामपाल पाली, महिला मोर्चा की प्रदेश सचिव रेखा बाल्मीकि, दीपक रत्न व अन्य उपस्थित रहे।

## श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट ने दो बालिकाओं के विवाह में दिया सहयोग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**




श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत द्वारा अपने सी०एस०आर० कार्यक्रम की लाडली योजना के अन्तर्गत संस्थान के आसपास के क्षेत्र के ग्रामीण गरीब परिवारों की लडकियों के विवाह में सहायता के रूप में विवाह का सामान जैसे कि पलंग, गददा, अलमारी, पंखा एवं बर्तन आदि प्रदान किया जाता है। देवेन्द्र माथुर, उप महाप्रबन्धक, कार्मिक एवं प्रशासन ने बताया कि श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत द्वारा अपने इसी कार्यक्रम लाडली योजना के अन्तर्गत ग्राम सुताना की मोनिका एवं ग्राम मतलौडा की सुश्री काजल के विवाह में उपरोक्त विवाह का सामान पलंग, गददा, अलमारी, पंखा एवं बर्तन आदि प्रदान किया गया। उपरोक्त समारोह में श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत के अधिकारी प्रियंका चौधरी, राहुल भारद्वाज एवं रंजीत भी इस अवसर पर मौजूद रहें। ग्राम सरपंच एवं लडकी के माता-पिता द्वारा श्री फाउण्डेशन ट्रस्ट, श्री सीमेन्ट, पानीपत का इस नेक कन्यादान के लिए बहुत साधुवाद दिया।

## डी ए वी सैंटेनरी स्कूल में ' मदर्सडे हर्षोल्लास के साथ मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**डी ए वी सैंटेनरी** पब्लिक स्कूल समालखा में ' मदर्स डे हर्षोल्लास के साथ के साथ मनाया गया। 12वीं कक्षा की छात्रा नेहा ने संयोजकता करते हुए माता के संदर्भ में बताते हुए कहा कि माता का स्थान सबसे ऊंचा है। इसके पश्चात खुशी किंजल तथा सुनैना ने लुकाछिपी गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया तथा लक्ष्य ने मां जन्नत का फूल है माता के ऊपर कविता पाठ किया।



तत्पश्चात पूर्वा एवं ऋषिका ने तू कितनी सुंदर है तू कितनी भोली है प्यारी प्यारी है ओ मां ओ मां गीत प्रस्तुत किया । इसके बाद अक्षु अहाना अविशा और परी ने उंगली पकड़ कर तूने चलना सिखाया गीत पर नृत्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम के अंत में स्कूल प्राचार्या भव्या शर्मा ने विद्यार्थियों को बताया कि शास्त्रों में जननी जन्मभूमि च स्वर्गादपि गरीयसि। ऐसा कहा गया है अर्थात माता और मातृभूमि हमें स्वर्ग से भी बढ़कर है।
माता का प्यार तीनों लोको की सभी मिठास से बढ़कर है। हम मां का कहना मानकर और उनकी सेवा करके उनके ऋण से उऋण हो सकते हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों की हौसला अफजाई करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

## सोने का कड़ा ठगने वाले आरोपी को पुलिस ने पकड़ा

### इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान राजेश निवासी कैथल के रूप में हुई

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

समालखा काठ मंडी में दुकान पर बैठे बुजुर्ग को सम्मोहित कर हाथ से सोने का कड़ा उतरवा कर फरार होने वाले आरोपी को थाना समालखा पुलिस बुधवार को उत्तराखंड की हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। थाना समालखा प्रभारी इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि आरोपी की पहचान राजेश निवासी कैथल के रूप में हुई। आरोपी ठगी के अन्य मामले में उत्तराखंड की हरिद्वार जेल में बंद था। आरोपी के खिलाफ करनाल, फतेहाबाद व उत्तराखंड के हरिद्वार में ठगी की वारदातों के आधा दर्जन के करीब मुकदमे दर्ज है। आरोपी को सितम्बर 2023 में उत्तराखंड की देहरादून पुलिस ने गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी उत्तराखंड



की वारदात के अतिरिक्त पानीपत की उक्त वारदात को अंजाम देने बारे भी स्वीकारा था। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा पुलिस बुधवार को आरोपी राजेश को हरिद्वार जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे 1 दिन के पुलिस रिमांड पर हासिल किया। पूछताछ में आरोपी ने पुलिस को बताया उसने समालखा काठ मंडी में घी, चीनी की एक दुकान पर बैठे बुजुर्ग को बातों में उलझाकर देखने के लिए उसके हाथ से सोने कड़ा निकलवाया और उसे लेकर फरार हो गया था।
आरोपी ने बुजुर्ग से ठगे सोने के कड़े को बाद में तुड़वाकर दो कड़े बनवा लिए। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से सोने के दोनों कड़े बरामद कर वीरवार को रिमांड अवधी पूरी होने पर आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया। इंस्पेक्टर फुल कुमार ने बताया कि थाना समालखा में गौरव निवासी काठ मंडी समालखा ने पुलिस को दी शिकायत में बताया था कि काठ मंडी में उसकी बंसल ट्रेडिंग कंपनी के नाम से दुकान है।
10 अगस्त की शाम एक 40 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति दुकान पर आया। व्यक्ति सामान लेने का बहाना कर उसके पिता के हाथ से सोने का कड़ा निकलवा कर ले गया। गौरव की शिकायत पर थाना समालखा में अभियोग दर्ज कर पुलिस ने आरोपी की पहचान व धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे।

## मानवता के मसीहा को निरंकारी भक्तों का शत् शत् नमन

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हृदय सम्राट बाबा** हरदेव सिंह जी की पावन स्मृति में समर्पण दिवस का आयोजन सोमवार, 13 मई को सांय 5 से रात्रि 9.30 बजे तक, संत निरंकारी आध्यात्मिक स्थल समालखा (हरियाणा) में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज एवं निरंकारी राजपिता रमित जी के सान्निध्य में किया जाएगा जिसमें समस्त निरंकारी परिवार एवं श्रद्धालुगण सम्मिलित होकर बाबा हर-देव सिंह जी के प्रति अपने श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे। बाबा हरदेव सिंह जी प्रेम एवं करूणा की सजीव मूरत थे। उन्होंने अपनी सादगी और दिव्य मुस्कुराहट से न केवल भक्तों को निहाल किया अपितु समस्त मानव




जाति को कल्याण का मार्ग अपनाकर एक सार्थक एवं संतुष्ट जीवन जीने की कला सिखाई। यही कारण रहा कि वह प्रत्येक वर्ग के लोगों के सदैव प्रिय बने रहे। बाबा जी ने एक पथप्रदर्शक बनकर हर भक्त का हाथ थामा ताकि वह एक सहज एवं सशक्त जीवन जी पाए। आध्यात्मिक जागरुकता के अतिरिक्त समाज कल्याण की गतिविधियों में बाबा जी ने अपना सकारात्मक योगदान दिया जिसमें रक्तदान, स्वच्छता अभियान, वृक्षारोपण, स्वास्थ्य जाँच शिविर, महिला सशक्तिकरण, शिक्षा, इत्यादि जैसी परियोजनाएं अहम है। बाबा हर-देव सिंह जी ने सतगुरु रूप में 36 वर्षो तक निरंकारी मिशन की बागड़ोर सम्भाली। उनके अथक प्रयासों का ही सकारात्मक परिणाम है कि मिशन विश्व के प्रत्येक महाद्वीप में 60 राष्ट्रों तक पहुंच चुका है जिसमें राष्ट्रीय एवं अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर संत समागम, युवा सम्मेलन एवं समाज की कल्याणकारी सेवाओं का आयोजन निरंतर हो रहा है। उनके अमूल्य योगदान के फलस्वरूप मिशन को विश्व स्तर पर ख्याति के साथ-साथ अनेक पुरस्कारों द्वारा भी सम्मानित किया गया। संयुक्त राष्ट्र संघ द्वारा निरंकारी मिशन को सामाजिक एवं आर्थिक परिषद के सलाहकार रूप में मान्यता भी प्राप्त हुई।संसार में अमन, शांति कायम करने के लिए युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी ने एकत्व में सद्भाव, वसुधैव कुटुम्बकम्, और एक को जानो, एक को मानो, एक हो जाओ इत्यादि जैसे अनेक दिव्य संदेश दिये जिसमें निसंदेह लोक कल्याण की भावना निहित है।
इसके अतिरिक्त आपने परस्पर प्रेम और मिलवर्तन के भावों को सुदृढ़ करने के लिए दीवार रहित संसार की सुंदर कल्पना को भी साकार रूप प्रदान किया। वर्तमान में सतगुरु माता सुदीक्षा जी महाराज, युगदृष्टा बाबा हरदेव सिंह जी के इसी सत्य संदेश को जनमानस तक पहुंचाने हेतु प्रयासरत हैं; जिनसे निरंकारी मिशन का प्रत्येक भक्त प्रेरणा लेते हुए अपने जीवन को सार्थक बना रहा है।

## गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत, कमाल हुसैन**

**एंटी** नारकोटिक्स सेल पुलिस की टीम ने 4 किलो गांजा पत्ती तस्करी मामले में आरोपी सप्लायर को सनौली रोड विद्यानंद कॉलोनी मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी की पहचान संजय निवासी खुखराना हाल किरायेदार विद्यानंद कॉलोनी के रूप में हुई। एंटी नारकोटिक्स सेल इंचार्ज सब इंस्पेक्टर संदीप ने बताया कि उनकी टीम ने 6 अप्रैल 2023 को श्रीराम मार्ग पर सोम गार्डन के पास वीर कॉलोनी के कुंदन पुत्र रेमश को 4 किलो गांजा पत्ती सहित गिरफ्तार किया था। पूछताछ में आरोपी ने उक्त गांजा पत्ती शार्टकट तरिके से पैसे कमाने के लिए संजय पुत्र गुलाब निवासी खुखराना से कम कीमत पर खरीदकर लाने बारे स्वीकारा था। पुलिस ने आरोपी कुंदन के खिलाफ थाना चांदनी बाग में एनडीपीएस एक्ट के तहत अभियोग दर्ज कर आरोपी को माननीय न्यायालय में पेश कर जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजने के बाद नशा सप्लायर आरोपी संजय की धरपकड़ के प्रयास शुरू कर दिए थे। सब इंस्पेक्टर संदीप ने बातया कि एंटी नारकोटिक्स सेल पुलिस टीम ने बुधवार देर शाम मिली गुप्त सूचना पर दबिश देकर आरोपी संजय को सनौली रोड विद्यानंद कॉलोनी मोड़ से गिरफ्तार किया। आरोपी पुलिस पकड़ के बचने के लिए ठीकाने बदल कर छुप कर रह रहा था। पूछताछ में आरोपी ने कुंदन को 4 किलो गांजा पत्ती 54 हजार रुपए में बेचने बारे स्वीकारा। आरोपी संजय ने गांजा पत्ती बेचकर हासिल की नगदी खाने पीने में खर्च कर दी। पूछताछ के बाद पुलिस ने वीरवार को आरोपी को न्यायालय में पेश किया जहा से उसे न्यायिक हिरासत जेल भेजा गया।

## कीटनाशक दवा के प्रभाव से बच्चों के बीमार के मामले में टीम ने जांचे कारण

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौरः लक्ष्य इंटरनेशनल** स्कूल घसौली में कीटनाशक दवा के छिड़काव से स्कूल की विभिन्न कक्षाओं के करीब 3 दर्जन छात्रों के स्वास्थ्य खराब होने के मामले में जहां छात्रों की तबीयत में काफी सुधार है वहीं खंड शिक्षा अधिकारी , तहसीलदार सुमन व एसएमओ डा. टीना आन्नद ने विभिन्न पहलुओं को लेकर तीन सदस्यों की टीम ने स्कूल निदेशक व शिक्षकों के अलावा छात्रों व अभिभावकों से पूछातछ की है। टीम का कहना कि जांच की गई रिपोर्ट तैयार कर उच्च अधिकारियों को सौंप दी जाएगी।

**जांच कमेटी के तीनों अधिकारियों ने कहा कि रिर्पोट तैयार की जा रही**

खंड शिक्षा अधिकारी सतीश कुमार, तहसीलदार सुमन व एसएमओ डा. टीना ने बताया कि कीटनाशक दवा के प्रभाव से काफी बच्चों की तबीयत बिगड़ गई थी, टीम ने सभी मामलों को लेकर बारीकी से जांच की है। जांच कमेटी शीघ्र ही एसडीएम को रिर्पोट सौंप देगी। इसके अलावा जिन अस्पतालों में स्कूल के बच्चे एडमिट करवाए गए थे। उक्त अस्पतालों में इलाज कर रहे चिकित्सकों से भी रिपोर्ट मांगी है।

**रिर्पोट जल्द तैयार करने के दिए आदेश : एसडीएम**

एसडीएम निर्मल नागर ने बताया कि मामले को लेकर प्रशासन पूरी तरह से गंभीर है। जांच कमेटी को तय समय में रिर्पोट देने के आदेश दिए है। रिर्पोट आती है उसके आधार पर आगामी कार्रवाई अमल में लाई जाएगी।

## जन विरोधी सरकार को बदलेगी जनता: अरुणा

**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला: युवा कांग्रेस** की राष्ट्रीय सचिव अरुणा महाजन ने कहा कि देश व प्रदेश के लोग 10 साल से भाजपा की जन विरोधी सरकार को झेल रहे हैं, लेकिन इस बार जनता पक्का मन बना चुकी है कि लोकसभा चुनाव में भाजपा को सबक सिखाया जाए और देश में इंडिया गठबंधन की सरकार बनाई जाए। अरुणा महाजन अंबाला लोक सभा से कांग्रेस प्रत्याशी वरुण मुलाना के चुनाव प्रचार लिए अंबाला पहुंची थी। सेक्टर 9 में कांग्रेस नेता चेतन चौहान ऑफिस



में युवा कांग्रेस के सदस्यों को संबोधित करते हुए अरुणा महाजन ने कहा कि 25 मई को हरियाणा में लोकसभा चुनाव का मतदान है, ऐसे में युवा कांग्रेस के सभी साथियों का कर्तव्य बनता है कि वें विभिन्न टीमें बनाकर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान लगातार चलाए रखें और कांग्रेस पार्टी के घोषणा पत्र के बारे में जनता को विस्तार से जानकारी दें। उन्होंने कहा कि भाजपा के लोग कांग्रेस के घोषणा पत्र के बारे में लोगों के बीच भ्रम फैला रहे हैं, जबकि हकीकत है कि कांग्रेस के घोषणा पत्र में युवाओं, महिलाओं, किसानों सहित तमाम हर वर्ग का ध्यान रखा गया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को लोगों का भारी जन समर्थन मिल रहा है। इस मौके पर मुख्य तौर पर कांग्रेस एससी सेल वर्किंग प्रेसिडेंट विक्की चौहान, कांग्रेस सेवा दल के हलका प्रधान रविंद्र प्रजापति, यूथ कांग्रेस के प्रदेश सचिव मुकेश शर्मा व स्वर्ण धीमान, विकी राणा, रमन गुप्ता, एडवोकेट रघुबीर सिंह, सतीश, जोगिंदर, जशन कोछड़ , आशु बाजवा व अन्य शामिल रहे।

## प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में धूमधाम से मनाया मदर्स-डे

### अभिभावकों को अपनी माता का सम्मान करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थियों की माताएं शामिल हुई

**टीम एक्शन इंडिया**

**गन्नौर: शहर के प्रयास इंटरनेशनल** स्कूल में मदर्स डे कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गनौर की तहसीलदार सुमन ने बतौर मुख्यातिथि के रूप में शामिल हुई। उन्होंने अभिभावकों को अपनी माता का सम्मान करने के लिये प्रेरित किया। कार्यक्रम में भारी संख्या में विद्यार्थियों की माताएं शामिल हुई। अनेक प्रकार की प्रतियोगिताओं में भाग लेकर सभी माताओं ने मदर्स-डे कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए। स्कूल के एम डी अमित बत्रा, डायरेक्टर रुचिका बत्रा, रजिस्ट्रार डॉ मनोज कुमार, प्रधानाचार्य सुरेंद्र




छाबडा व वाईस-प्रिंसिपल दीपमाला ने सभी पधारे हुए अतिथियों व अभिभावकों का पुष्पपुंज से अभिनंदन किया। कार्यक्रम के दूसरे चरण में प्रयास स्कूल की विद्यार्थी परिषद के नव निर्वाचित सदस्यों का दायित्व ग्रहण व शपथ ग्रहण समारोह हुआ। प्रयास इंटरनेशनल स्कूल में स्टूडेंट काउन्सिल के लिए चुनाव कराया गया था। चुनाव में कक्षा चार से बारह तक के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। स्कूल रजिस्ट्रार डा. मनोज कुमार ने बताया ,भारतवर्ष में लोकसभा चुनाव का माहौल है। विद्यार्थियों की लोकतंत्र के प्रति निष्ठा बढ़ाने व अभिभावकों को सौ प्रतिशत मतदान के लिए जागृत करने के उद्देश्य से प्रयास स्कूल में पूरी स्टूडेंट काउन्सिल के लिए इ-वोटिंग के जरिये मतदान कराया गया। विद्यार्थियों को पूरी चुनावी प्रक्रिया समझाई गई। कम्प्यूटर में वर्चुअल इ. वी. एम. क्रिएट की गई व पूरी प्रक्रिया के तहत चुनाव हुआ।

**कार्तिक त्यागी को हेड ब्वाय व हिना को हेड गर्ल चुना गया**

हेड बॉय का चुनाव कक्षा 12 विज्ञान संकाय के कार्तिक त्यागी ने 31 वोट से जीता, हेड गर्ल का चुनाव हिना ने 95 मतों से जीता।
आर्यन चौहान मात्र 12 मतों से जीत कर स्कूल के स्पोर्ट्स कैप्टेन बने।

## दहिया दांतों के अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने मारा छापा

**टीम एक्शन इंडिया**
**खरखौदा/सोमपाल सैनी**

**वीरवार को खरखौदा** के थाना कलां रोड पर पुलिस स्टेशन के नजदीक अवैध रूप से चल रहे दहिया दांतों का अस्पताल पर सीएम फ्लाइंग की टीम ने छापा मारा है। इस दौरान सीएम फ्लाइंग की टीम में इंस्पेक्टर सुनील कुमार, इंस्पेक्टर श्रवण कुमार की अगुवाई, एवं स्वास्थ्य विभाग की तरफ से डेंटल सर्जन डॉ सुभाष द्वारा संयुक्त कार्रवाई की है। जिसमें डेंटल सर्जन डॉ सुभाष ने जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली थी कि खरखौदा में फर्जी तरीके से डेंटल



अस्पताल चल रहा है। मौके पर सीएम फ्लाइंग की टीम के साथ जांच की गई तो बाहर बोर्ड दहिया दांतों का अस्पताल के लगे मिले। वही अंदर युवक द्वारा डेंटल अस्पताल संचालित किया जा रहा था। युवक से संबंधित कागजात मांगे जाने पर वह कोई कागजात पेश नहीं कर पाया। मौके से उपकरण अपने कब्जे में लिए गए हैं। आवश्यक कार्रवाई को अमल में लाया जा रहा है।

## संपादकीय

# भाषण बेस्वाद हो चले


**लोकसभा** के इस चुनाव में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जहां एक ओर अत्यंत गरिमाहीन व अमर्यादित भाषण दे रहे हैं, वहीं उनके बयान एकदम तथ्यहीन भी होते हैं जो देश के लिये आश्चर्य कम और झटके अधिक साबित हो रहे हैं। वैसे तो श्री मोदी जब से देश के राजनीतिक क्षितिज पर उभरे हैं, अपने वक्तव्यों से वे झूठ के अंबार खड़े कर रहे हैं। दो कार्यकाल के जरिये दस साल का शासन लगभग पूरे कर चुके प्रधानमंत्री ने जितने असत्य व अर्द्ध सत्य कहे हैं, उसकी चाहे जितनी बड़ी फेहरिस्त बना ली जाये, कई झूठ छूट ही जायेंगे। कई लोगों का मानना है कि तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने के लिये अति व्यग्र मोदी तीन चरण के हो चुके मतदान के बाद अपनी साफ दिखती पराजय से इतने खौफ खाये बैठे हैं कि उन्होंने लोगों को प्रभावित करने के लिये अपने भाषणों में झूठ का तड़का बढ़ा दिया है। हालांकि उसकी मात्रा कुछ ऐसी ज्यादा हो चली है कि अब ये भाषण बेस्वाद व कड़ुए हो चले हैं। विपक्ष, खासकर कांग्रेस पर वे अधिक हमलावर होते हैं। 'कांग्रेस मुक्त भारत' के नारे के साथ दिल्ली की गद्दी पर 2014 में विराजमान हुए मोदी ने 2019 में कहीं बड़ा बहुमत हासिल किया था। इससे ताकतवर बने मोदी के सामने अब बड़ा लक्ष्य था 'विपक्ष मुक्त भारत' बनाने का जिसके लिये भारतीय जनता पार्टी ने तमाम अनैतिक उपाय किये। इनमें विरोधी दलों की सरकारों को गिराने से लेकर विपक्षियों को डरा-धमकाकर या खरीदकर अपने खेमे में लाना शामिल था। उन्हें भी भाजपा में शामिल किया गया जिन पर उसकी ओर से भ्रष्टाचार या परिवारवाद के आरोप लगाये जाते रहे हैं। इसकी भी बहुत बड़ी सूची है। इस 'ऑपरेशन लोटस' के चलते देश का संघीय ढांचा ही नहीं वरन पूरी की पूरी लोकतांत्रिक प्रणाली ही ध्वस्त कर दी गई। विपक्ष के कमजोर होने से मोदी सतत मजबूत होते चले गये। उन्होंने खुद को एकमात्र विकल्प बनाये रखने के लिये प्रतिपक्ष के साथ ही खुद की पार्टी को भी अपनी मुठ्ठी में कर लिया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की भी उनके सामने एक नहीं चलती, जिसके कार्यकर्ता के रूप में खुद उनका सार्वजनिक जीवन शुरू हुआ था। दूसरी ओर दस वर्षों में देश की संसद के साथ सभी संवैधानिक संस्थाओं को किस कदर कमजोर कर दिया गया- यह हर कोई देख रहा है। सारे फैसले चुनिंदा लोगों के हित में लिये जा रहे हैं। देश के सार्वजनिक उपक्रम कौड़ियों के मोल प्रधानमंत्री के कारोबारी मित्रों के नाम चढ़ चुके हैं। प्रतिरोध की आवाजें उठनी ही बन्द हो गई थीं। विरोधी सांसदों समेत अपने खिलाफ उठने वाली हर आवाज को मोदी कुचलते चले गये। संसद के भीतर जनविरोधी फैसले कभी विरोधियों की अनुपस्थिति में तो कभी बिना चर्चा के, कभी अध्यादेशों के द्वारा या फिर सामान्य आदेशों के माध्यम से लिये गये। सभी राजनैतिक, सामाजिक एवं आर्थिक शक्तियां नरेंद्र मोदी ने अपनी जेबों में डाल दी हैं। देश में जातिवाद व साम्प्रदायिकता का चरम तो दिख ही रहा है, पूंजीवाद भी अपने उत्कर्ष पर है। प्रधानमंत्री मोदी के परम मित्र गौतम अदानी एवं मुकेश अंबानी को जिस मनमाने ढंग से भाजपा सरकार द्वारा फायदा पहुंचाया गया, उसकी गूंज देश के भीतर ही नहीं वरन विदेशों में भी पहुंच चुकी है। सितम्बर, 2022 के बाद समय ने पलटना शुरू किया जब राहुल गांधी ने कन्याकुमारी से श्रीनगर की पैदल यात्रा निकाली। इससे जहां एक ओर राहुल की वह छवि ध्वस्त हो गई जो भाजपा के आईटी सेल द्वारा करोड़ों रुपये खर्च कर बनाई गई थी, तो वहीं दूसरी तरफ कांग्रेस पुनर्जीवित हो उठी। बड़ा परिवर्तन वह आया जिसका लोकतांत्रिक मूल्यों में भरोसा रखने वाली अवाम बेसब्री से इंतजार कर रही थी।

# सबसे बड़ी कुप्रथा: नासूर बनते बाल विवाह

रमेश सर्राफ धमोरा

> "अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करना होगा"

**हमारे देश** में प्राचीन समय से कुछ ऐसी प्रथाएं चली आ रही है। जिसका लोगों के दैनिक जीवन पर बुरा प्रभाव पड़ता है। जिनमें बाल विवाह भी एक हैं। किसी भी बच्चे की शादी उसके निश्चित आयु से पहले यानी बाल्यकाल में होना बाल विवाह कहलाता है। यह एक रूढ़िवादी प्रथा है। यह प्रथा बच्चों की सारे मनवा अधिकारों को खत्म कर देता है। जैसे-खेलकूद, मनोरंजन, शिक्षा आदि के अधिकारों को समाप्त कर उन्हें ऐसे बंधन में बांध दिया जाता है, जिसके बारे में उन्हें बिल्कुल भी ज्ञान नहीं होता है। प्राचीन सभी प्रथाओं में बाल विवाह सबसे बड़ा कुप्रथा है। क्योंकि कम उम्र में बच्चों की शादी कर देने से उनके स्वास्थ्य, शारीरिक और मानसिक विकास के साथ-साथ उनके खुशहाल जीवन पर असर पड़ता है। साथ ही वह अपने शिक्षा और खेलकूद के अधिकारों आदि से वंचित रह जाते हैं। इस कुप्रथा का शिकार ज्यादातर कम उम्र की लड़कियां होती है। बाल्यकाल में विवाह होने से बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास नहीं हो पाता है। विकास के दौर में बाल विवाह एक नासूर के समान है। देश में हर व्यक्ति को शिक्षित करने की मुहिम चल रही है। हर व्यक्ति को उत्तम स्वास्थ्य सुविधा प्रदान करने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऐसे में बाल विवाह होना समाज के माथे पर एक कलंक के समान है। देश में अक्षय तृतीया (आखा तीज) पर हर वर्ष हजारों की संख्या में बाल विवाह किए जाते हैं। तमाम प्रयासों के बाबजूद हमारे देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। भारत में बेटी-बचाओ-बेटी पढ़ाओ जैसे अभियान के शुरू होने के बावजूद एक नाबालिग बेटी की जबर्दस्ती शादी करा दी जा रही है। बाल विवाह मनुष्य जाति के लिए एक अभिशाप है। यह जीवन का एक कड़वा सच है कि आज भी छोटे-छोटे बच्चे इस प्रथा की भेंट चढ़े जा रहे हैं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हर जगह बेटी बचावो बेटी पढ़ाओ का नारा देते हैं। देश के सभी प्रदेशों में बेटियां शिक्षित हो रही है। ऐसे में समाज को आगे आकर कम उम्र में लड़कियों के होने वाले बाल विवाह रुकवाने के प्रयास करने होंगे। आजकल कई लड़कियां खुद भी आगे आकर अपना बाल विवाह रुकवाने का प्रयास करने लगी है। भारत में यह प्रथा लम्बे



समय से चली आ रही है जिसके तहत छोटे बच्चों का विवाह कर दिया जाता है। आश्चर्य की बात तो यह है कि आज के पढ़े लिखे समाज में भी यह प्रथा अपना स्थान बनाए हुए है। जो बच्चे अभी खुद को भी अच्छे से नहीं समझते। जिन्हें जिन्दगी की कड़वी सच्चाईयों का कोई ज्ञान नहीं। जिनकी उम्र अभी पढने लिखने की होती है। उन्हे बाल विवाह के बंधन में बांधकर क्यों उनका जीवन बर्बाद कर दिया जाता है। देश में बाल विवाह के 50 प्रतिशत से अधिक मामले केवल 5 राज्यों से संबंधित हैं जिनमें उत्तर प्रदेश शीर्ष पर है। शेष चार राज्यों में बिहार, पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश शामिल हैं। वर्तमान में भारत में बाल विवाह के लगभग 22 प्रतिशत मामले हैं जो कि लगातार कम हो रहे हैं। इसके प्रमुख कारणों में महिलाओं में साक्षरता और जागरूकता का बढ़ना, शिक्षा के प्रसार के कारण लड़कियों के प्रति अभिभावकों की सोच में परिवर्तन आना, शहरीकरण में वृद्धि तथा कठोर कानूनों की उपस्थिति को माना जा सकता है। भारत में बाल विवाह में गिरावट आई है। लेकिन देश में पांच लड़कियों में से एक और छह लड़कों में से एक की अभी भी बचपन में शादी कर दी जाती है। हाल के वर्षों में यह प्रथा कुछ राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में अधिक प्रचलित हो गई है। दिसंबर 2023 में द लैंसेट ग्लोबल हेल्थ में प्रकाशित एक रिपोर्ट के अनुसार यह अनुमान लगाने वाले पहले अध्ययनों में से एक है कि राज्य व केंद्र शासित प्रदेश स्तर पर समय के साथ लड़की और लड़के के बाल विवाह की दर में क बदलाव आया है। अध्ययन में पाया गया कि 1993 से 2021 के बीच राष्ट्रीय स्तर पर बाल विवाह में गिरावट आई है। बालिका बाल विवाह का प्रचलन 1993 में 49 प्रतिशत से घटकर 2021 में 22 प्रतिशत हो गया। जबकि बालक बाल विवाह 2006 में 7 प्रतिशत से घटकर 2021 में 2 प्रतिशत हो गया। बाल विवाह के प्रचलन में सबसे बड़ी कमी 2006 और 2016 के बीच हुई। सबसे कम कमी 2016 से 2021 के बीच हुई। इन बाद के वर्षों के दौरान छह राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों में बालिका विवाह में वृद्धि देखी गई। आंकड़ों से साफ है कि आजादी के 77 साल बाद भी इस देश में महिलाओं की स्थिति में कोई खास सुधार नहीं आया है। हम अपनी बेटियों को बाल विवाह और कम उम्र की गर्भावस्था से नहीं बचा पाए हैं। यही कारण है कि इस देश में 50 फीसदी से ज्यादा महिलाएं और बच्चे एनीमिया (रक्ताल्पता) के शिकार हैं। यूनिसेफ द्वारा जारी की एक रिपोर्ट में कहा गया था कि भारत के कई क्षेत्रों में अब भी बाल विवाह हो रहा है। इसमें कहा गया है कि पिछले कुछ दशकों के दौरान भारत में बाल विवाह की दर में कमी आई है। लेकिन कई प्रदेशों में यह प्रथा अब भी जारी है। रिपोर्ट के अनुसार बाल विवाह की यह कुप्रथा आदिवासी समुदायों सहित कुछ विशेष जातियों के बीच प्रचलित है। रिपोर्ट में कहा गया है कि बालिका शिक्षा की दर में सुधार, किशोरियों के कल्याण के लिये सरकार द्वारा किये गए निवेश व कल्याणकारी कार्यक्रम और इस कुप्रथा के खिलाफ सार्वजनिक रूप से प्रभावी संदेश देने जैसे कदमों के चलते बाल विवाह की दर में कमी देखने को मिली है। यूनिसेफ के अनुसार अन्य सभी राज्यों में बाल विवाह की दर में गिरावट लाए जाने की प्रवृत्ति दिखाई दे रही है। किंतु कुछ जिलों में बाल विवाह का प्रचलन अब भी उच्च स्तर पर बना हुआ है। यह रिपोर्ट हमारे सामाजिक जीवन के उस स्याह पहलू कि ओर इशारा करती हैं। जिसे अक्सर हम रीति-रिवाज व परम्परा के नाम पर अनदेखा करते हैं। देश में बाल विवाह के खिलाफ कानून बने हैं और समय-समय पर उसमें संशोधन कर उसे ओर प्रभावशाली बनाया गया हैं। फिर भी लगातार बाल विवाह हो रहे हैं। भारत में बाल विवाह पर रोक संबंधी कानून सर्वप्रथम सन् 1929 में पारित किया गया था। बाद में सन् 1949, 1978 और 2006 में इसमें संशोधन किये गए। बाल विवाह निषेध अधिनियम 2006 के तहत बाल विवाह कराने पर 2 साल की जेल व एक लाख रुपए का दंड निर्धारित किया है। अगर सरकार के तमाम प्रयासों के बावजूद देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा का अन्त नही हो पा रहा है। तो इस असफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण है इसके प्रति सामाजिक जागरुकता की कमी। जब तक समाज में बल विवाह रोकने के प्रति जागरूकता नहीं आएगी तब तक यह कुरीति खत्म नही होने वाली है। बाल विवाह एक सामाजिक समस्या है। सिर्फ कानून के भरोसे बाल विवाह जैसी कुप्रथा को नहीं रोका जा सकता है। देश में बाल विवाह जैसी कुप्रथा को जड़ से खत्म करना है तो इसके लिए समाज को ही आगे आना होगा तथा बालिकाओं के पोषण, स्वास्थ्य, सुरक्षा और शिक्षा के अधिकार को सुनिश्चित करना होगा। समाज में शिक्षा को बढ़ावा देना होगा। अभिभावकों को बाल विवाह के दुष्परिणामों के प्रति जागरुक करना होगा। सरकार को भी बाल विवाह की रोकथाम के लिये बने कानून का कड़ाई से पालन करवाना होगा। बाल विवाह प्रथा के खिलाफ समाज में जोरदार अभियान चलाना होगा। साथ ही सरकार को विभिन्न रोजगार के कार्यक्रम भी चलाने होंगे ताकि गरीब परिवार गरीब परिवारों की बच्चियां बाल विवाह का निशाना न बन पाएं।

## कविता

### आसमां के स्वामी

आसमां को देखकर, धरती पुकारती है
उठती है आग दिल मे, ठंडक तलाशती है
ये आस भारी निगाहें, क्यो नम पड़ी हुई है
आजा! अब आरजू मेरी, ये दूरियाँ तड़पाती है।

तपिस भारी चुभन में, तर बतर हुआ तन है
कांटें सी चुभती दूरी, किया बहुत जतन है
आसमान के स्वामी, न आक मुझको कमतर
एक बार करदे तू, मुझको करदे तर-बतर।

ये आँख नम हुई है, तेरे दीदार के खातिर
ये टकटकी लगी है, इंतजार में हूँ माहिर
मेघ के रखवाले, काली घटा के स्वामी
मुझको तू पूरा भरदे, अडसे से हूँ मैं खाली।

तेरी नजर से अब तो, मेरी नजर मिलाले
मत फेर आँखे मुझसे, सीने से तू लगाले
आई है बेला ऐसी, प्यासे सावन के जैसी
मत दूर रहना मुझसे, तू दूरियाँ मिटाले।

आसमां को देखकर, धरती पुकारती है
मिलने की आस में, खुद को सबारती है
तपिस भरी बैचेनी, ठंडक तलाशती है
मिलने को 'श्याम' धरती, ऊपर निहारती है ।

श्याम कुमार

## पुतिन फिर पांचवीं बार रूस के सर्वे सर्वा

संजीव

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन फिर रूसी सरकार के पांचवें राष्ट्रपति चुने गए। उन्होंने रूस के ग्रैंड क्रेमलिन पैलेस में 33 शब्दों में शपथ ग्रहण की है। उनके पांचवीं बार शपथ ग्रहण लेते ही विश्व में शांति स्थापना के प्रयासों को एक बड़ा झटका लगा है । इस शपथ ग्रहण समारोह का रूस,ब्रिटेन तथा अन्य यूरोपीय देशों ने बहिष्कार कर दिया। 2000 में पहली बार व्लादिमीर पुतिन रूस के राष्ट्रपति तथा प्रधानमंत्री चुने गए थे, उसके बाद 2004 2012 और 2018 में राष्ट्रपति की शपथ ले चुके हैं। व्लादिमीर पुतिन के राष्ट्रपति चुने जाने के साथ ही वैश्विक देश तथा अन्य संगठनों के विश्व स्तर पर चलाए जा रहे शांति प्रयासों में निराशा जनक वातावरण तैयार हुआ है। व्लादिमीर पुतिन को साम्राज्यवादी विचारधारा का बड़ा समर्थक बताया जाता है और इसी विस्तारवादी सनक के चलते उन्होंने यूक्रेन में बड़ा सैनिक हमला किया था, अरबो रुपए के नुकसान तथा जान माल की हानि के बाद भी युद्ध अभी तक जारी है। अभी भी व्लादिमीर पुतिन तथा यूक्रेन के राष्ट्रपति के हौसले लड़ाई के लिए बुलंद देखे जा रहे हैं।

रूस में 2000 से लेकर 2024 तक व्लादिमीर पुतिन 5 बार राष्ट्रपति चुने गए हैं इस दौरान अमेरिका में पांच अलग-अलग राष्ट्रपति और ब्रिटेन के सात प्रधानमंत्री बदले जा चुके हैं। शपथ लेने के बाद कांस्टीट्यूशनल कोर्ट के अध्यक्ष वालेरी जरकिन ने स्वागत किया और विक्ट्री शेक हैंड किया। पुतिन ने शपथ ग्रहण के बाद 21 तोपों की सलामी लेते हुए राष्ट्रगान भी किया इसके बाद उन्होंने अपनी स्पीच में कहा कि हम उन देशों से बात करने सहर्ष तैयार हैं जो हमें परंपरागत दुश्मन समझते हैं। हम अन्य देशों से अपने संबंध बेहतर बनाना चाहते हैं उल्लेखनीय की शपथ ग्रहण समारोह का अमेरिका ब्रिटेन यूरोप के अन्य देशों ने बहिष्कार किया है हालांकि भारत के राजदूत विनय कुमार इस कार्यक्रम में मौजूद थे। दिनांक 15 मार्च से 17 मार्च 24 तक राष्ट्रपति चुनाव आयोजित किए गए थे इसमें व्लादिमीर पुतिन को 88% वोट मिले थे और उनके विरोधी निकोले खरातीनोव केवल 4% वोट ही मिले हैं।

वैश्विक स्तर पर इस चुनाव को गैर-पारदर्शी और गैर-निष्पक्ष चुनाव माना गया है क्योंकि इस चुनाव में पुतिन का कोई खास विरोध नहीं किया गया था। रूस में जोसेफ स्टालिन के बाद व्लादिमीर पुतिन ही सबसे ज्यादा समय से राष्ट्रपति बने हुए हैं रूस की जनता उन्हें कितना पसंद करती है यह तो नहीं मालूम पर वर्ष 2000 से 24 तक व्लादिमीर पुतिन ने रूस में आर्थिक सामरिक तथा सामाजिक परिवर्तन किए हैं एवं लगातार यूरोपीय देशों का विरोध करते आ रहे हैं। पिछले 2 वर्ष से ज्यादा समय से यूक्रेन से साम्राज्यवादी युद्ध की आधारशिला भी व्लादिमीर पुतिन ने ही रखी है एवं अभी भी युद्ध जारी है। यह तो तय है कि वैश्विक स्तर पर बाहुबली अमेरिका, ब्रिटेन,कनाडा, फ्रांस की वैश्विक दादागिरी को रूस व्लादिमीर पुतिन के नेतृत्व में चेक एंड बैलेंस करने में कामयाब रहा है।

## विचार

# सैम अंकल की टिप्पणी चुनावी मुद्दा क्यों ?

राकेश

**सैम** अंकल यानि सैम पित्रोदा की एक टिप्पणी से 56 इंच का सीना सिकुड़कर 36 इंच का हो गया। अब्बल तो सैम पित्रोदा का भारतीय राजनीति से फिलहाल कोई सीधा रिश्ता नहीं है और वे अब इतने महत्वपूर्ण भी नहीं रह गए हैं कि उनकी टिप्पणियों को विश्वगुरु माननीय नरेंद्र भाई दामोदर दास मोदी संज्ञान लें। लेकिन दुर्भाग्य ये है कि माननीय मोदी जी की झोली खाली है इसलिए सैम अंकल की टिप्पणी उन्हें डूबते को तिनके का सहारा बन गयी है। सैम अंकल की टिप्पणी यदि नस्लवादी लगती है तो सभी को उसकी निंदा करना चाहिए और मै तो कहता हूँ की यदि भाजपा तीसरी बार सत्ता में आये तो सैम अंकल को दिया गया पदम् अलंकरण भी वापस ले लेना चाहिए। सैम अंकल का भारत के तकनीकी विकास में जो योगदान है उसे ठुकराया नहीं जा सकता। उन्हें मुद्दा बनाने की एक मात्र वजह ये है कि वे उस परिवार के नजदीकी हैं जो परिवार पूरी भाजपा को और खासकर माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र भाई दामोदर दास यदि को फूटी आँख नहीं सुहाता। मोदी जी सैम के मित्र परिवार को शाही परिवार और उस परिवार के मुखिया को शाहजादा कहते हैं। सैम का मित्र परिवार इन दिनों भूत बनकर सरकार और सरकारी पार्टी के सर पर सवार है। कभी -कभी मुझे इसी वजह से भाजपा के प्रति सहानुभूति भी होती है।

आज की पीढ़ी सैम अंकल के बारे में शायद ज्यादा न जानती हो ,इसलिए बता दूँ कि सैम अंकल कोई एलियन नहीं बल्कि भारतवंशी हैं। मोदी जी की ही तरह गुजराती हैं।सैम पित्रोदा का पूरा नाम सत्यनारायण गंगाराम पित्रोदा है। उनका जन्म ओडिशा के टिटलागढ़ में एक गुजराती बढ़ई परिवार में हुआ था।सैम अंकल भी मोदी जी कि ही तरह गरीब और पिछड़े परिवार से आते हैं मोदी जी और सैम अंकल में फर्क सिर्फ इतना है कि मोदी जी कि शैक्षणिक उपाधियों को लेकर चुनातियाँ दी गयी हैं ,उन पर संदेह जताया गया है जबकि सैम अंकल कि उपाधियों को लेकर कोई विवाद नहीं है। पित्रोदा ने अपनी शुरूआती पढ़ाई गुजरात के वल्लभ विद्यानगर से पूरी की। इसके साथ ही वडोदरा के महाराजा सयाजीराव यूनिवर्सिटी से फिजिक्स और इलेक्ट्रॉनिक्स में मास्टर किय। इसके बाद वो 1964 अमेरिका चले गए और वहां से उन्होंने इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग में मास्टर उपाधि हासिल की फिर उन्होंने 1965 से टेलिकॉम इंडस्ट्री में हाथ आजमाया. साल 1981 में पित्रोदा भारत वापस लौट आए। माननीय मोदी जी मानें या न माने किन्तु पूरी दुनिया और देश मानता है कि भारत आकर पित्रोदा ने देश की टेली कम्युनिकेशन सिस्टम को आधुनिक बनाने के बारे में सोचा और शायद इसीलिए उन्हें भारत में सूचना क्रांति का जनक माना जाता है। भाजपा जब कुल चार साल कि थी तब तत्कालीन प्रधानमंत्री राजीव गांधी के निमंत्रण पर 1984 में उन्होंने टेलीकॉम के क्षेत्र में अनुसंधान और विकास के लिए सी-डॉट अर्थात ह्यसेंटर फॉर डेवलपमेंट ऑफ टेलिमैटिक्सह्ण की स्थापना की थी। पित्रोदा की क्षमता से राजीव गांधी बेहद प्रभावित हुए. जिसके बाद उन्होंने पित्रोदा को डोमेस्टिक और फॉरेन टेलीकॉम पॉलिसी पर काम करने को कहा.आज की सरकार को शायद पता है या नहीं किन्तु हकीकत ये है कि सैम अंकल ने तत्कालीन प्रधनमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी से प्रौद्योगिकी को डिजिटल बनाने की जरूरत पर बात की। इंदिरा गांधी पित्रोदा से काफी प्रभावित हुईं। अमेरिका की नागरिकता मिलने के बाद भी इंदिरा गांधी के बुलावे पर पित्रोदा भारत आ गए और यहां की नागरिकता ले ली। ये उनका अपना राष्ट्रवाद था। इंदिरा गांधी के निधन के बाद राजीव गांधी ने अपनी सरकार में पित्रोदा को अपना सलाहकार नियुक्त किया. इस सरकार में उन्होंने दूरसंचार, जल, साक्षरता, टीकाकरण, डेयरी उत्पादन और तिलहन से संबंधित छह प्रौद्योगिकी मिशनों का नेतृत्व किया. साल 2005 से 2009 तक सैम पित्रोदा भारतीय ज्ञान आयोग के अलावा वे भारत के दूरसंचार आयोग के संस्थापक और अध्यक्ष भी रहे।सैम अंकल की टिप्पणियों को चुनावी मुद्दा बनाना भाजपा की विवशता है क्योंकि उसे नहीं पता कि सैम अंकल राजीव गांधी की हत्या के बाद वापस अमेरिका चले गए। 1995 में उन्हें इंटरनेशनल टेलीकम्युनिकेशन यूनियन इनिशिएटिव का चेयरमैन बनाया गया।


# एक्शन इंडिया दैनिक

**भगवान शंकर जी के ग्यारहवें रुद्रावतार हनुमान जी (मेंहदीपुर, श्री बाला जी) के संरक्षण में संचालित किया जाता है। समाचार-पत्र का यह अंक भी उन्हीं के चरणों में श्रद्धापूर्वक समर्पित है।**

**आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302**

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं संपादक रवि भारद्वाज, एक्शन बालाजी हाउस, बी-244, मजलिस पार्क, लेन-3, राकेश भारद्वाज चौक के नजदीक, दिल्ली-33 ने मारुतिनंदन प्रिंटर्स एंड पब्लिशर्स, शक्ति कॉम्प्लेक्स, 6/18, समयपुर इंडस्ट्रियल एरिया, दिल्ली-110042 से छपवाकर प्रकाशित किया।

"एक्शन इंडिया" में प्रकाशित लेखों में व्यक्त किये गये विचार एवं दृष्टिकोण संबंधित लेखक के हैं। संपादक केवल पीआरबी एक्ट के तहत ही उत्तरदायी। किसी भी विवाद का न्यायिक क्षेत्र दिल्ली ही होगा।

**संस्थापक : श्रद्धेय राकेश भारद्वाज जी**
**समूह संपादक : रवि भारद्वाज ( 9999889104)**
**मेट्रो संपादक : दीपक कांडपाल (8447314925)**
ई-मेल : actionindianews@gmail.com



**वैधानिक सूचना**

पाठकों को सलाह है कि एक्शन इंडिया, समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के आधार पर कोई निर्णय लेने से पहले विज्ञापन में प्रकाशित उक्त उत्पाद या सेवा के बारे में आवश्यक जांच-पड़ताल कर लें। समाचार पत्र प्रबंधक किसी भी विज्ञापन में गुणवत्ता, सेवा आदि के विवरण के बारे में विज्ञापनदाता द्वारा किए गए दावे या उल्लेख की पुष्टि या समर्थन नहीं करता है। अत: समाचार पत्र उक्त विज्ञापनों के बारे में किसी प्रकार से उत्तरदायी नहीं होगा।


## चिंतन

# जलकर मरना है...

डॉ. सुरेश कुमार

**फिर** किसी ने एकतरफा प्रेम में सात लोगों को जिंदा जला दिया। जलाने की चिंगारी जलने से शुरू होती है और जलने की प्रक्रिया में बाहर का जलना भीतर के जलने की तुलना में बेबस नजर आता है। वैसे ये बातें आँखोंदेखी-कानोंसुनी कलम की स्याही से लिखी जाती हैं। इसीलिए समाचार पत्र के पन्नों पर छपी ऐसी खबरों को पलटने में तकलीफ नहीं होती। भोगने वाले इसी को दर्द की स्याही से अपने मन-मस्तिष्क पर लिख लेते हैं। इसीलिए जिनके लिए यह एक सामान्य सी खबर बनकर रह जाती है, वही कुछ लोगों के जीवन में अरमानों की कब्र बनकर रह जाती है। दर्द की स्याही से लिखी बातों को समझने के लिए शब्दकोश की नहीं ह्रदय की आवश्यकता पड़ती है। शब्दकोश फलाँ अक्षर से आरंभ होकर फलाँ अक्षर तक जाकर समाप्त हो जाते हैं। दर्द के मामले में पदबंध के नियम भी धराशायी हो जाते हैं। न इसका भाषा भेद पहचाना जा सकता है, न वचन, न लिंग और न काल। यह तो इन सबसे परे है। जलना और जलाना भाषा, वचन, लिंग और काल से ऊपर है। चीखों की कोई भाषा नहीं होती। इसमें वचन नहीं बेचैन का बोलबाला होता है। लिंग तो मात्र पहचान है, वास्तव में जलना और जलाना उसका प्रारब्ध है। काल की दृष्टि से यह अतीत और भविष्य के साथ साथ शोरगुल का कलकल है। प्रेम की दाल में जोर-जबरदस्ती का तड़का लग जाए तब उसमें से खुश्बू नहीं जलने की बू आने लगती है। एकतरफा प्रेम यह मान लेता है कि उसका प्रेम हर हाल में स्वीकार्य होना चाहिए। बाजार में स्वीकार्य बनाने की कई सुविधाएँ उपलब्ध हैं। माचिस, तेल, चाकू, तलवार, एसिड, फंदा और जहर ऐसे एकतरफाओं के शब्दकोश में मोटे और गहरे स्याही में छपे पड़े होते हैं। इनके लिए किसी पादटिप्पणी की आवश्यकता नहीं पड़ती। ये अपने आप में इतने व्याप्त हैं कि बेबसों की बेबसी को बस्साने पर मजबूर कर देते हैं। इनके हिसाब से प्रेम का मतलब एक-दूसरे को काटकर खा जाना है। यह एक ऐसा रसायन है जो शरीर के कार्बन को इतना काला कर देता है कि एकतरफा प्रेमी का नाम जो भी हो वह नाम से काला, काम से काला और खून से भी काला होता है।

## मेडिकल प्रोफेशनल बनने की यात्रा

विजय गर्ग

**भारत में** कई छात्रों के लिए मेडिकल प्रोफेशनल बनना एक सपना है। राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (एनईईटी) देश में चिकित्सा और दंत चिकित्सा में करियर बनाने का प्रवेश द्वार है। इस लेख में, मैं एक एनईईटी उम्मीदवार की यात्रा और उनकी आकांक्षाओं को प्राप्त करने में एनईईटी कोचिंग की भूमिका का पता लगाऊंगा। हम नीट परीक्षा के विवरण, इसके महत्व और पेशेवर कोचिंग प्राप्त करने के लाभों के बारे में जानेंगे। चाहे आप नीट की तैयारी करने वाले छात्र हों या अपने बच्चे का मार्गदर्शन करने वाले माता-पिता हों, यह लेख आपको सफलता की राह पर आगे बढ़ने में मदद करने के लिए बहुमूल्य अंतर्दृष्टि प्रदान करेगा। तो, आइए एक चिकित्सा पेशेवर बनने की यात्रा शुरू करें और जानें कि कैसे नीट कोचिंग इस खोज का एक महत्वपूर्ण पहलू हो सकती है। नीट कोचिंग: नीट क्या है? राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा का संक्षिप्त रूप है, भारत में आयोजित एक राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा है। यह देश भर के सरकारी और निजी कॉलेजों में स्नातक चिकित्सा और दंत चिकित्सा पाठ्यक्रमों में प्रवेश पाने के इच्छुक छात्रों के लिए एकमात्र प्रवेश परीक्षा है। नीट को 2013 में मेडिकल काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा पेश किया गया था और बाद में सभी राज्य स्तरीय मेडिकल प्रवेश परीक्षाओं की जगह ले ली गई। नीट कोचिंग: नीट के लिए पात्रता मानदंड नीट के लिए पात्र होने के लिए, उम्मीदवारों को कुछ मानदंडों को पूरा करना होगा, जिनमें शामिल हैं: आयु: न्यूनतम आयु सीमा 17 वर्ष है, और नीट में उपस्थित होने के लिए कोई ऊपरी आयु सीमा नहीं है। शैक्षिक योग्यता: उम्मीदवारों को भौतिकी, रसायन विज्ञान, जीवविज्ञान और अंग्रेजी के मुख्य पाठ्यक्रम के साथ 10+2 प्रमाणपत्र या इसके समकक्ष अर्जित होना चाहिए। न्यूनतम प्रतिशत: सामान्य श्रेणी के उम्मीदवारों को योग्यता परीक्षा में कुल मिलाकर न्यूनतम 50% अंक प्राप्त करने होंगे, जबकि आरक्षित श्रेणी के उम्मीदवारों को 40% अंक की आवश्यकता होती है। एनईईटी कोचिंग: एनईईटी परीक्षा पैटर्न और पाठ्यक्रम नीट एक पेन-एंड-पेपर-आधारित परीक्षा है जिसमें कुल 200 बहुविकल्पीय प्रश्न होते हैं।

## न्यूज फ्लैश

### समय का सदुपयोग करना सीखना है तो मनोहर और नायब से सीखें



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जन कारज के** बीच मोहे कहां आराम। यह लाइनें पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल और मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के ऊपर सटीक बैठती हैं। अपने निर्वाचन क्षेत्र की चिंता के साथ पूरे प्रदेश में चुनाव प्रचार का दायित्व किस खूबी के साथ निभाते हैं, यह काबिले तारीफ है। दोनों नेताओं के बीच गजब का कोर्डिनेशन है। दोनों एक पल का समय भी खराब नहीं होने देते हैं। दिन में चौबीस घंटे का प्रयोग वह पूरी गंभीरता से करते हैं। मुख्यमंत्री नरवाना से अपने विधानसभा चुनाव का प्रचार करने करनाल हवाई पट्टी पहुंचे और पूर्व सीएम मनोहर लाल अपने निर्वाचन क्षेत्र में रोड शो कर करनाल से दिल्ली जाने के लिए हवाई पट्टी पहुंचे थे। यहीं दोनों के बीच मुलाकात हुई। दोनों ने चुनावी चर्चा दफ्तर में करने की बजाए वहीं हवाई पट्टी पर ही खड़े होकर चर्चा शुरू कर दी। दोनों ने एक-दूसरे से फीड बैक लिया। प्रदेश में चुनाव प्रचार को लेकर रोड मेप तैयार किया। प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पास संगठन के प्रधान पद की जिम्मेदारी भी है। वहीं मुख्यमंत्री के पास प्रशासनिक जिम्मेदारी तो है ही साथ ही करनाल विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार होने के नाते प्रचार-प्रसार की जिम्मेदारी भी है। इस बीच उन्हें एक एक पल का उपयोग करना होता है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भाजपा और संघ की भट्ठी में तप कर कुंदन बन कर निखर चुके हैं, वहीं पूर्व सीएम मनोहर लाल कुशल संगठक, राजनीति के चाणक्य और प्रदेश में दस सीटों पर कमल खिलाने के लिए रोडमेप तैयार कर रहे हैं। वह हर पल पर अपडेट होते रहते हैं। यही कारण है कि उन्होंने चर्चा के लिए दफ्तर जाने की बजाय एयर पोर्ट पर खड़े होकर ही चर्चा कर ली। इस बीच उनके समय का सदुपयोग हो गया।

### विदेश न जा पाने के कारण युवक ने की आत्महत्या



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। जिले के काछवा** गांव के 22 वर्षीय युवक ने जहरीला पदार्थ खाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। युवक विदेश जाने का प्रयास कर रहा था, लेकिन एजेंट उसे बार-बार आश्वासन दे रहा था। घर वालों ने ब्याज पर 6 लाख रुपए उठाकर एजेंट को दे दिए थे, लेकिन इसके बावजूद एजेंट ने न तो युवक को विदेश भेजा और न ही पैसे वापस किए। जिसकी वजह से मृतक युवक विशाल मानसिक रूप से परेशान चल रहा था। युवक ने बुधवार को जहरीला पदार्थ खा लिया, जिसकी देर रात मृत्यु हो गई। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया। काछवा गांव निवासी मृतक युवक विशाल के परिजन प्रेम का कहना है कि विशाल जर्मनी जाना चाहता था। उसने अगस्त 2023 में भी जर्मनी जाने की ट्राई की थी, लेकिन बात नहीं बन पाई थी। एजेंट का कुछ सिस्टम नहीं बन पाया, इसलिए उसे बीच रास्ते से ही वापस बुला लिया गया था। काफी लंबे समय से आश्वासन पर आश्वासन दिए जा रहे थे कि वह आज भेजेगा-कल भेजेगा, लेकिन एजेंट ने उसको जर्मनी नहीं भेजा। इससे विशाल के मन में यह बात घर कर गई थी कि एजेंट उसे विदेश नहीं भेजेगा। प्रेम ने बताया कि मानसिक रूप से परेशान विशाल ने कोई जहरीला पदार्थ खा लिया था। उसने हमें सिर्फ इतना बताया कि उसके पेट में दर्द है। जब हम उसे करनाल के कल्पना चावला मेडिकल कॉलेज में लेकर पहुंचे तो वहां पर पता चला कि विशाल ने कोई जहरीला पदार्थ खाया हुआ है। यहां से डॉक्टरों ने उसे पीजीआई चंडीगढ़ के लिए रेफर कर दिया था, लेकिन हम उसे एक प्राइवेट अस्पताल में ले गए थे, जहां पर ईलाज के दौरान विशाल ने दम तोड़ दिया। परिजनों ने बताया कि 6 लाख रुपए ब्याज पर उठाए थे। एजेंट जब विशाल को विदेश नहीं भेज पाया तो एजेंट से पैसे वापस मांगे गए।

# महाराणा प्रताप ने कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की : नायब

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। मुख्यमंत्री एवं विधानसभा** उप चुनाव भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने कहा कि वीर शिरोमणि महाराणा प्रताप ने देश की एकता, अखंडता और सुरक्षा के लिए जो कार्य किए, उन्हें कभी भुलाया नहीं जा सकता। महाराणा प्रताप ने देश की रक्षा के लिए अंग्रेजों और मुगलों का डटकर सामना किया। उन्होंने जीवन में कभी पराधीनता स्वीकार नहीं की। मुख्यमंत्री राजपूत सभा करनाल की ओर से महाराणा प्रताप जयंती के अवसर पर महाराणा प्रताप चौक पर आयोजित कार्यक्रम में पहुंचे लोगों को संबोधित कर रहे थे। संबोधन से पहले मुख्यमंत्री एवं करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी ने महाराणा प्रताप की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित किए। साथ में मंत्री असीम गोयल विशेष रूप से मौजूद रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजपूत सभा के प्रधान डा. एनपी सिंह ने की। आयोजकों की ओर से मुख्यमंत्री को पुष्पगुच्छ व पगड़ी भेंट कर स्वागत किया गया। नायब सिंह सैनी ने कहा कि शौर्य, पराक्रम और अदम्य साहस की प्रतिमूर्ति महाराणा प्रताप ने मातृभूमि के लिए त्याग का उच्च मानदंड स्थापित किया। संस्कृति, स्वधर्म व स्वाभिमान के ऐसे महानायक के जीवन से देश युगों-युगों तक प्रेरणा लेता रहेगा। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप ने देश हित में जो मिशन शुरू किए उन सभी को दृढ़ संकल्प के साथ पूरा किया। उन्होंने कभी अपने संकल्पों के साथ समझौता नहीं किया। सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मिशन देश को विकसित बनाना और वह दृढ़ संकल्प के साथ आगे बढ़ रहे हैं। परिवहन मंत्री असीम गोयल ने कहा कि महाराणा ने अपने जीवन में निर्भीक रहते हुए स्वाभिमान के साथ मातृ भूमि की रक्षा की। भाजपा ने महापुरुषों का सम्मान करके हर समाज के लोगों का मान बढ़ाया है। भाजपा भारतीय संस्कृति को मानने वाली पार्टी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी राष्ट्रहित को सर्वोपरि मानकर देश सेवा कर रहे हैं और हमारी संस्कृति को संजोए रखने का काम कर रहे हैं। भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा ने कहा कि महाराणा प्रताप की वीरता, साहस, और मातृभूमि के प्रति समर्पण हमारे लिए प्रेरणा का अटूट स्रोत हैं। उन्होंने अपनी मातृभूमि की रक्षा के लिए अदम्य साहस और बलिदान का परिचय दिया। उनका जीवन हमें संघर्ष, आत्मसम्मान, और स्वाधीनता के महत्व को समझाता है। उनके जीवन की कहानियां हमें यह सिखाती हैं कि हर कठिनाई का सामना साहस और धैर्य के साथ किया जा सकता है। इस अवसर पर हरियाणा परिवहन मंत्री असीम गोयल, भाजपा जिलाध्यक्ष योगेंद्र राणा, पूर्व सीएम मीडिया कोर्डिनेटर जगमोहन आनंद, निवर्तमान मेयर रेनूबाला गुप्ता, संजय बठला, सुभाष चंद्र, अशोक सुखीजा, गुरदीप राणा, कविन्द्र राणा व सोहन सिंह राणा सहित अन्य मौजूद रहे।

**कांग्रेस ने अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति अपनाई**

गुरुवार को महाराणा प्रताप की मूर्ति पर पुष्प चढ़ाकर मुख्यमंत्री नायब सैनी ने चुनाव प्रचार की शुरूआत की। इस कार्यक्रम के बाद उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने अंग्रेजों की फूट डालो राज करो की नीति अपनाई। लंबे समय तक कांग्रेस ने शासन करने के बावजूद देश का भला नहीं किया। वह हमेशा झूठ बोलती रही है। गरीबी हटाओ का वादा कर कांग्रेस ने उसे पूरा नहीं किया। कांग्रेस के राहुल गांधी अब चुटकियों में गरीबी हटाने की बात करते हैं, पर उनके पास इसका जवाब नहीं है कैसे अंजाम देंगे। इस चुनाव में कांग्रेस को देश की जनता नकार देगी। मुख्यमंत्री सैनी ने एक अन्य सभा में कहा कि गरीबी से लड़ाई प्रधानमंत्री मोदी ने लड़ी है। बुनियादी सुविधा देकर लोगों का जीवन सुगम बनाया है। 2014 के करनाल और अब में काफी अंतर है। आज करनाल में चारों ओर विकास दिख रहा है। करनाल से अमृतसर जाने में लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था, लेकिन अब सुगमता पूर्वक बिना जाम के लोग बाघा वार्डर तक पहुंचते है। कांग्रेस ने देश के विकास को काफी अटकाया है उनके पास कोई विजन नहीं था। कांग्रेस का विजन बस यही है झूठ बोल वोट लो फिर लोगों का शोषण करो। कांग्रेस अच्छी तरह समझ ले कि काठ की हांडी एक ही बार चढ़ती है।

**जरूरत पड़ी? पर आसानी से विश्वासमत प्राप्त करेगी सरकार : नायब सिंह सैनी**

चुनाव प्रचार के दौरान पत्रकारों के सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि जो सरकार की अल्पमत का आरोप लगा रहे हैं, वह पहले अपने विधायकों को देख लें। उनकी सरकार जरूरत पड़ी? पर आसानी से विश्वासमत प्राप्त करेगी। करनाल के नरसी विलेज में चुनाव प्रचार करते हुए, कहा कि बीजेपी की सरकार ने हरियाणा में सभी जगहों का समान रूप से विकास करने पर ध्यान दिया है। कांग्रेस के शासन में सिर्फ रोहतक के ही विकास पर ध्यान दिया जाता था।

### निर्दलीय प्रत्याशियों को आबंटित किये गए चुनाव चिन्ह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। लोकसभा आम** चुनाव 2024 के लिए नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन वीरवार को करनाल संसदीय क्षेत्र के लिए 29 प्रत्याशियों में से अब 19 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए है तथा दो निर्दलीय प्रत्याशियों ने नाम वापिस लिए हैं, इनमें रोमी राणा व नवजोत रंधावा शामिल है। विभिन्न राजनैतिक दलों के प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से मनोहर लाल, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से दिव्यांशु, बहुजन समाज पार्टी से इंद्र सिंह, समस्त समाज पार्टी से अशोक कुमार कटारिया, शिरोमणि अकाली दल,अमृतसर (सिमरनजीत सिंह) हरजीत सिंह।

### देशवासियों को परिवार मानकर काम करते हैं मोदी: सुमन

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। मुख्यमंत्री एवं** करनाल विधानसभा उप चुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी की धर्मपत्नी सुमन सैनी ने कहा कि देश को मजबूत करने के लिए सरकार भी मजबूत होनी चाहिए। पिछले 10 वर्षों में हमारा देश इतना मजबूत हुआ है कि आज पूरा विश्व भारत की बात सुनता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने करोड़ों देशवासियों को अपना परिवार मानकर काम किया है। इसलिए नरेंद्र मोदी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाना है। सुमन सैनी गुरुवार को करनाल में सुभाष कोच, शिव कालोनी में मनोरमा सैनी, शास्त्री नगर में शिव नंदन शर्मा, जुंडला गेट घंटा सराय में राम करण कश्यप, रेलवे रोड संजीव बंसल सिगनस अस्पताल में अबीब भट्ट द्वारा आयोजित कार्यक्रमों में पहुंचीं। इस दौरान उन्होंने करनाल लोकसभा से भाजपा प्रत्याशी मनोहर लाल और विधानसभा उपचुनाव में भाजपा प्रत्याशी नायब सिंह सैनी के लिए मतदान की अपील की। जनसभाओं में उपस्थित लोगों ने विश्वास दिलाया कि वे मनोहर लाल और नायब सिंह सैनी को प्रचंड मतों से विजयी बनाएंगे। सुमन सैनी ने कहा कि देश और प्रदेश की जनता राष्ट्रहित और राष्ट्र की सुरक्षा के लिए मतदान करे। हमारा राष्ट्र आगे बढ़े और निरंतर तरक्की करे इसके लिए मतदान करे। यह हमारा राष्ट्रीय महापर्व है और सभी को इसमें भाग लेकर अपना कर्तव्य निभाना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के शासन में राष्ट्र मजबूत हुआ है। मनोहर लाल ने पिछले साढ़े नौ सालों में हरियाणा की तस्वीर बदल दी है। जनता 2014 से पहले और 2014 के बाद का काम देख चुकी है कि किस तरह मनोहर लाल ने एक समान पूरे प्रदेश में विकास कार्य करवाए हैं और अब मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी भी इसी तरह अपनी जिम्मेदारी निभा रहे हैं। उन्होंने कहा कि करनाल लोकसभा क्षेत्र की जनता मनोहर लाल को एक बड़ी जीत दिलाने का काम करेगी और नायब सिंह सैनी भी भारी मतों से जीत दर्ज कर विकास को आगे बढ़ाने का काम करेंगे।

### मास्टर सतीश राणा बने फोर्थ डैन ब्लैक बेल्ट



टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। एसके मार्शल** आर्ट फाउंडेशन ऑफ इंडिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष मास्टर सतीश कुमार राणा को ताइक्वांडो के क्षेत्र में वर्ल्ड ताइक्वांडो हैडक्वार्टर कोरिया कुकिवोन से फोर्थ डैन ब्लैक बेल्ट प्राप्त हुई। यह उपलब्धि हासिल करने वाले सतीश कुमार राणा करनाल के पहले खिलाड़ी हैं, जिन्होंने यह उपलब्धि अपने नाम कर करनाल ही नहीं प्रदेश का नाम रोशन किया है। सतीश की इस उपलब्धि से करनाल के मार्शल आर्ट खिलाड़ि?ों ने खुशी व्यक्त करते हुए उन्हें बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। इससे पहले भी सतीश राणा ने करनाल का नाम राष्ट्रीय व अंतराष्ट्रीय स्तर पर रोशन किया है। सतीश ने 2019 में वर्ल्ड बुक ऑफ रिकार्ड लंदन में अपना नाम दर्ज कराकर नाम चमकाया। 2017 में एशिया बुक ऑफ रिकार्ड में भी दो रिकार्ड बनाकर शहर का नाम रोशन किया था। ग्लोबल बुक ऑफ रिकार्ड में भी सतीश ने दो बार रिकार्ड बनाया था।

### सभी तबकों को मानवता के कार्यों में आगे आना चाहिए: उधम सिंह

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। हमेशा** की तरह समाज के पीड़ित तबकों की मदद के लिए पहचाने जाने वाले डीएम हैफेड उधम सिंह व उनकी धर्मपत्नी आरती कांबोज ने विश्व रेडक्रास दिवस को मानवता के दिन मानवता का काम की संज्ञा देते हुए कोढ़ी आश्रम में अपनी निजी आमदनी से राशन वितरित कर दुआएं बटोरी। इस मौके पर डीएम हैफेड उधम सिंह ने अपने चिरपरिचित अंदाज में कहा कि भागदौड़ की इस जिंदगी में इंसान को अपने अलावा समाज के ऐसे तबकों के लिए भी सोचना चाहिए। जिन्हें हमारी जरूरत है, हम सब क्षमता अनुसार इनकी और जीवों की जरूर मदद करें। पावन ग्रंथ गीता की बात करते हुए उन्होंने कहा कि इस दुनिया में यदि आप सिर्फ अपने बच्चों व बुढ़ापा सुरक्षित करने के लिए कमा रहे हैं तो मान के चलिए के आप अपने कर्म के खाते में कुछ नहीं डाल रहे, इसलिए, जितने जी काम करते हुए अपने सामर्थ्य के मुताबिक पीड़ितों, कमजोरों और जीवों की सहायता करें। विश्व रेडक्रास दिवस हमें मानवता का पावन संदेश देता है, ये दिन हमें दूसरों की मदद के लिए प्रेरित करता है। वे बताता है कि दूसरों के लिए जीने वालों के लिए भले ही राह कठिन हो, लेकिन ईश्वर की नजर में वे हमेशा अग्रज होते हैं। उन्होंने कहा कि कोई भी पुनीत कार्य धर्मपत्नी के बिना संभव नहीं होता और पेशे से प्राध्यापिका होने के साथ-साथ उनकी धर्मपत्नी आरती कांबोज उन्हें समाजसेवा के लिए सदा प्रेरित करती हैं और परिवार की ताकत ही उनकी सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने कहा कि अपने निजी कोष से राशन का सामान देने का उद्देश्य यही है कि हम निजी स्तर पर इस विशेष तबके के लिए ऐसा कुछ कर जाएं, जिससे हमारे मन को सुकून और शांति का एहसास हो। उधम सिंह ने कहा कि वे भविष्य में भी कोढ़ी आश्रम में जीवन बसर कर रहे लोगों की सहायता के लिए हरसंभव प्रयास करते रहेंगे।

### करनाल ब्लॉक के 720 अध्यापकों का निपुण प्रशिक्षण हुआ समाप्त

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। पीएम श्री राजकीय** वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना परिषद के तहत जेबीटी अध्यापकों की निपुण प्रशिक्षण कार्यशाला जिला शिक्षा अधिकारी सुदेश ठुकराल के मार्गदर्शन में जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार के नेतृत्व में प्रशिक्षण कार्यक्रम समाप्त हुआ। जिला एफएलएन कोऑर्डिनेटर विपिन कुमार ने कहा कि विद्यालय के प्रत्येक बच्चों को साक्षरता एवं संख्यात्मक ज्ञान में निपुण बनाना ही मुख्य उद्देश्य है। अध्यापक अपनी मेहनत से बच्चों का भविष्य संवारने का कार्य करें। उन्होंने कहा कि निपुण कार्य में बेहतर कार्य करने वाले अध्यापकों को सम्मानित किया जाएगा। प्रशिक्षण के तुरंत बाद विद्यालय का निरीक्षण कार्य शुरू किया जाएगा।

### एक निर्दलीय प्रत्याशी ने लिया नाम वापस

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। करनाल विधान** सभा के उप चुनाव के लिए नामांकन वापिस लेने के अंतिम दिन वीरवार को करनाल विधान सभा-21 क्षेत्र के लिए 13 उम्मीदवारों में से अब 9 उम्मीदवार चुनाव मैदान में रह गए है तथा एक निर्दलीय प्रत्याशी प्रवेश कुमार ने अपना नामांकन पत्र वापिस लिया है, जबकि 3 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र जांच पड़ताल के दौरान रद्द हो गए थे। दलों के प्रत्याशियों में भारतीय जनता पार्टी से नायब सिंह, भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस से तरलोचन सिंह, जन नायक जनता पार्टी से राजिन्द्र का नाम शामिल है।

### कृषि विभाग के कार्यालय में लगी आग

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। जिले में नेशनल** हाईवे स्थित एग्रीकल्चर विभाग के कार्यालय में अचानक आग लग गई। इस दौरान कार्यालय में मौजूद सभी कर्मचारियों व अधिकारियों में अफरा-तफरी मच गई। आग खेतों से होते हुए तेज हवा के कारण कार्यालय में घुसी। इस दौरान कार्यालय में खड़े लाखों रुपए के कृषि उपकरण जलकर राख हो गए। कर्मचारियों का आरोप है दमकल विभाग की गाडि?ां भी देरी से पहुंची, जिस कारण नुकसान ज्यादा हुआ। मौके पर मौजूद कृषि विभाग के कर्मचारी राजेश ने बताया कि दोपहर को सभी कर्मचारी व अधिकारी कार्यालय में थे। कृषि विभाग के कार्यालय के नजदीक खेत में आग लगी थी। तेज हवा चलने के कारण आग ने देखते ही देखते कृषि विभाग के कार्यालय को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग की चपेट में आने से कार्यालय में बाहर जो भी कृषि यंत्र रखे थे, उनमें से 30 प्रतिशत से ज्यादा कृषि यंत्र जलकर राख हो गए। कर्मचारियों ने बताया कि आग लगने के कारणों का पता नहीं चल सका है, लेकिन यह आग कार्यालय के पीछे से खेतों से होते हुए तेज हवा करण कार्यालय में पहुंची। जब खेतों से आग कार्यालय की तरफ बढ़ रही थी। उसी समय दमकल विभाग को सूचना दे दी गई। इस दौरान पुलिस के साथ सभी कर्मचारियों व अधिकारियों ने पानी सहित अन्य संसाधनों के साथ बुझाने का प्रयास किया, लेकिन आग पर काबू नहीं पाया जा सका। कर्मचारी श्याम सिंह ने बताया कि सूचना देने के करीब 20 मिनट बाद दमकल विभाग की गाडि?ां मौके पर पहुंची, लेकिन तक तक कार्यालय में खड़े कृषि उपकरणों में आग चुकी थी। करीब 30 प्रतिशत उपकरण जलकर राख हुए है। सदर थाना के प्रभारी राजपाल ने बताया कि आग लगने के कारणों का अभी पता नहीं चल पाया है। खेतों की तरफ से आग कृषि कार्यालय तक पहुंची है। पुलिस आग लगने के कारणों का पता लगा रही है।

### लोकसभा चुनाव को लेकर नये सिरे से नोडल अधिकारी नियुक्त

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस

**करनाल। उपायुक्त** एवं जिला निर्वाचन अधिकारी उत्तम सिंह ने लोकसभा के आम चुनाव को लेकर नये सिरे से अलग-अलग कार्यों के लिये नोडल अधिकारी नियुक्त किये हैं। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के अनुसार मानव संसाधन प्रबंधन के लिये चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, प्रशिक्षण प्रबंधन के लिये जिला परिषद के सीईओ विवेक चौधरी, बिजली सामग्री प्रबंधन के लिये डीआरओ मनीष यादव, परिवहन व जीपीएस प्रबंधन के लिये आरटीए विजय देशवाल, कंप्यूटराइजेशन, साइबर सुरक्षा व आईटी के लिये एचएसवीपी के ईओ जसपाल सिंह, स्वीप के लिये अतिरिक्त उपायुक्त अखिल पिलानी, कानून व्यवस्था, वीएम और सुरक्षा प्लान के लिये एसपी दीपक सहारण, ईवीएम/वीवीपैट प्रबंधन के लिये पंचायती राज के कार्यकारी अभियंता परमिंद्र सिंह, आदर्श आचार संहिता (एमसीसी) के लिये डीएमसी अशोक कुमार (शहरी क्षेत्र) तथा सीईओ जिला परिषद विवेक चौधरी को (ग्रामीण) नोडल अधिकारी नियुक्त किया है। इसी प्रकार खर्चा निगरानी के लिये डीईटीसी (निरीक्षण) जितेंद्र राघव, बीपी/ पोस्टल बैलेट पेपर, ईटीबीपीएस, मुद्रण/ निर्गमन(इश्यूइंग) के लिये सैनिक, अर्ध सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल राजीव कुंडू, मीडिया/एमसीएमसी के लिये



डीआईपीआरओ नरेंद्र सिंह, संचार योजना और एसएमएस निगरानी/आईटीसी के लिये एडीसी अखिल पिलानी, ईंद्री के एसडीओ (नागरिक) अशोक कुमार, करनाल एसडीओ (नागरिक) अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीओ (नागरिक) राजेश सोनी और असंध के एसडीओ (नागरिक) वीरेंद्र ढुल, मतदाता सूचियों के लिये एडीसी अखिल पिलानी, इंद्री के एसडीओ (नागरिक) अशोक कुमार, करनाल एसडीओ (नागरिक) अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीओ (नागरिक) राजेश सोनी और असंध के एसडीओ (नागरिक) वीरेंद्र ढुल को नोडल अधिकारी बनाया गया है। उन्होंने बताया कि शिकायत निवारण व सी-विजिल आदि के लिये चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, पर्यवेक्षकों से संपर्क के लिये डीईटीसी (एक्साइज) समीर यादव, डीसीसी(जिला संपर्क केंद्र)-1950 के लिये चीनी मिल के एमडी हितेंद्र कुमार, वीडियोग्राफी प्रबंधन के लिये उप जिला शिक्षा अधिकारी शुभम सोलंकी, मेडिसन किट के लिये सीएमओ डा. कृष्ण कुमार, माइक्रो पर्यवेक्षक के लिये एलडीएम एसके हंडूजा, खाद्य एवं तेल प्रबंधन के लिये डीएफएससी अनिल कुमार कालड़ा, कल्याणकारी उपायों के लिये जिला समाज कल्याण अधिकारी सत्यवान, सुविधा एप(रैली, जुलूस, वाहनों व जनसभाओं के लिये मंजूरी) के लिये एडीसी अखिल पिलानी, इंद्री के एसडीओ (नागरिक) अशोक कुमार, करनाल एसडीओ (नागरिक) अनुभव मेहता, घरौंडा के एसडीओ (नागरिक) राजेश सोनी और असंध के एसडीओ (नागरिक) वीरेंद्र ढुल को नोडल अधिकारी बनाया गया है।

### मतदाता जागरूकता वॉकथन:विद्यार्थी और संस्थाओं के प्रतिनिधि करेंगे शिरकत-पिलानी

टीम एक्शन इंडिया
राजकुमार प्रिंस



**करनाल। अतिरिक्त** उपायुक्त अखिल पिलानी ने कहा कि मतदान करने के उद्देश्य को पूरा करने के लिए प्रशासन के साथ-साथ अब निजी संस्थाएं भी सहयोग के लिए आगे आने लगी हैं। सभी का प्रयास है कि करनाल लोकसभा क्षेत्र और करनाल विधान सभा उप चुनाव में अधिक से अधिक मतदान हो सके। इस अहम विषय को लेकर एक निजी संस्थान की ओर से 12 मई को सुबह 6 बजे एनडीआरआई चौक से मतदाता जागरूकता वॉकथन का आयोजन किया जा रहा है। इस वॉकथन में सैकड़ों खिलाड़ी, विद्यार्थी और संस्थाओं के प्रतिनिधि भाग लेंगे। अखिल पिलानी ने कहा कि हरियाणा प्रदेश के साथ-साथ करनाल लोकसभा क्षेत्र में भी एक निजी संस्थान की ओर से मतदाताओं को वोट डालने के प्रति जागरूक करने के लिए वॉकथन का आयोजन 12 मई को सुबह 6 बजे किया जा रहा है। इस कार्यक्रम में प्रशासन की ओर से भी सहयोग किया जा रहा है और इसके लिए बकायदा अलग-अलग विभाग की ओर से ड्यूटियां भी लगाई गई हैं, जिसमें जिला उच्च शिक्षा विभाग की तरफ से अधिक से अधिक एनएसएस, एनसीसी कैडेट्स, एनएसएस के स्वयं सेवकों को आमंत्रित किया गया है। इसके अलावा खेल विभाग की तरफ से खिलाड़ियों, नेहरू विभाग की ओर से युवाओं और रेडक्रॉस सोसायटी की तरफ से शहर की एनजीओ को आमंत्रित किया गया है।

न्यूज फ्लैश

## चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ संपन्न



**सोनीपत: निपुण** हरियाणा मिशन के तहत आयोजित चार दिवसीय प्राथमिक शिक्षकों के प्रशिक्षण शिविर कार्यक्रम का आज समापन हुआ। कार्यक्रम खंड शिक्षा अधिकारी सोनीपत श्रीमती मंजू गर्ग जी के दिशा निर्देशन में चल रहा है ।सभी शिक्षकों ने फीडबैक में चार दिन के अनुभव सांझा किए ।उसके बाद सभी शिक्षकों को प्रशंसा पत्र के साथ निपुण हरियाणा के लोगो( 'ङ्क') लगे हुए मग वितरित किए गए। मुख्य प्रशिक्षक के रूप में एवीआरसी मोनिका दहिया, मंजू, परमजीत, दिनेश कुमार, मुकेश शर्मा ,सुनीता, मंजू कुमारी ने भूमिका निभाई। मुख्य प्रशिक्षकों ने अंग्रेजी, हिंदी और गणित विषय पर चलने वाले शैक्षणिक कार्यक्रम की रूप रेखा से सभी प्रतिभागियों को अवगत कराया। अभी तक दो ग्रुप में कुल 240 प्राथमिक शिक्षकों का चार दिवसीय प्रशिक्षण कार्य खंड सोनीपत में संपन्न हो चुका है। खंड संसाधन समूह के रूप में अंजू ,शशि प्रभा, कमलेश ने भूमिका निभाई ।श्रीमती अंजु बाला ने एफएलएन ट्रेनिंग के खंड संयोजक के रूप में सभी कार्यभार संभाले। समापन समारोह में मुख्य प्रशिक्षक श्रीमती मोनिका दहिया ने सभी प्रकार की उचित व्यवस्थाओं के लिए राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बयापुर लहराडा की प्राचार्या श्रीमती संतोष खत्री जी का धन्यवाद किया।

## बच्चों ने हनुमान मंदिर जाकर की माता-पिता की स्वस्थ आयु की कामना

**समालखा ( कुलदीप सिंह ):** अपोलो इंटरनेशनल स्कूल पट्टी कल्याण के



तीसरी से पांचवी तक के विद्यार्थियों ने माता पुलि स्थित हनुमान मंदिर में संकट मोचन हनुमान जी से अपने माता-पिता ,परिवार और गुरुजनों की लंबी और स्वस्थ आयु के लिए प्रार्थना की और प्रसाद चढ़ाया। इस मौके पर नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंदिर में हनुमान चालीसा का लयबद्ध पाठ किया और प्रभु से जीवन में आने वाले संकटों के निवारण के लिए कामना की। नन्हे मुन्ने बच्चों ने मंदिर में मनमोहक भजनो की स्तुति भी की। विद्यार्थियों को प्रेरित करते हुए विद्यालय की प्रधानाचार्य रजनी शर्मा ने विद्यार्थियों को समाज और परिवार से जुड़ने का संदेश देते हुए कहा कि माता-पिता अपनी जिम्मेवारी को पूरी कर्तव्य निष्ठा और ईमानदारी से निभाते हैं इसलिए उनके सुख और दुख का ध्यान रखना हम सभी का कर्तव्य है ।इस मौके पर विद्यालय की कोऑर्डिनेटर अलका टंडन ने कहा कि माता-पिता समर्पण और त्याग का स्वरूप है।

# अवैध शराब और अवैध कैश की जांच में तेजी लाएं टीमे: निर्वाचन अधिकारी

### हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर की बैठक

निर्देश

**14 मई को 11 बजे 10 पोलिंग बूथ पर होगा वेबकास्टिंग का ट्रायल रन: जिला निर्वाचन अधिकारी**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने निर्देश दिए कि चुनाव के दौरान अवैध शराब और अवैध कैश को पकडने के लिए आने वाले दिनों में लगातार तेज अभियान चलाया जाए। इस काम में कार्यरत स्टेटिकल सर्विलांस टीम बारीकी से जांच करें। इसके साथ-साथ दूसरे राज्यों के साथ लगती सीमाओं पर भी जांच अभियान भी तेज किया जाए और चुनाव के दौरान इस तरह की अवैध गतिविधियों पर पूरी मुश्तैदी से रोक लगाई जाए। डीसी डॉ. शालीन कैंप कार्यालय में अधिकारियों की बैठक के दौरान बोल रहे थे। इससे पूर्व हरियाणा के मुख्य निर्वाचन अधिकारी अनुराग अग्रवाल ने लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर वीसी ली और आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न करवाना हमारी पहली प्राथमिकता है। उन्होंने सभी असिस्टेंट रिटर्निंग आफिसर (एआरओ) को सप्ताह में एक बार बीएलओ की बैठक लेने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ मतदान केंद्रों पर पीने के पानी की व्यवस्था, बिजली की व्यवस्था और रैंप आदि की व्यवस्था पूरी तरह सुनिश्चित करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने चुनाव से जुड़ी अलग-अलग तैयारियों की समीक्षा की।

**14 मई को 11 बजे 10 पोलिंग बूथ पर होगा वेबकास्टिंग का ट्रायल रन:** डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि 14 मई को वेबकास्टिंग का 11 बजे ट्रायल रन होगा। यह ट्रायल रन 10 पोलिंग बूथ पर किया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी एआरओ को अपने क्षेत्र के 10 पोलिंग बूथ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके साथ-साथ उन्होंने मतगणना के दिन स्कैनिंग व मतगणना करने के लिए रिजर्व स्टॉफ की ड्यूटी भी जल्द से जल्द लगाने के निर्देश दिए। सी-विजिल एप पर आ रही शिकायतों का तत्काल हो निवारण डीसी व जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालीन ने कहा कि सी-विजिल एप पर जो भी आमजन शिकायत कर रहे हैं, संबंधित एआरओ उनका तत्काल निवारण करें। शिकायत पर आवश्यक कार्रवाई की जाए और उससे जुड़े फोटो आदि भी अपलोड किए जाए। उन्होंने सभी एआरओ को सब डिविजन अस्पताल, सीएचसी व पीएचसी के एसएमओ से बैठक कर चुनाव के दिन सभी अस्पतालों में स्टॉफ की ड्यूटी सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त स्वीप के अंतर्गत मतदाताओं को अधिक से अधिक जागरूक करने के लिए अभियान चलाने के भी निर्देश दिए।

इस मौके पर एडीसी अपराजिता, एसडीएम अम्बाला शहर दर्शन कुमार, एसडीएम अम्बाला छावनी सत्येन्द्र सिवाच, एसडीएम नारायणगढ़ यश जालुका, एसडीएम बराड़ा अश्वनी मलिक, सचिव आरटीए सुशील कुमार, नगराधीश विश्वजीत सिंह, डीईओ सुरेश कुमार, डीईईओ सुधीर कालड़ा,

## अशोक अरोड़ा ने भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित की



**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** नगर के समस्त ब्राह्मण समाज द्वारा भगवान परशुराम जयंती के उपलक्ष में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के पूर्व मंत्री एवं वरिष्ठ कांग्रेसी नेता अशोक अरोड़ा ने भी भगवान परशुराम चौक पर पहुंचकर भगवान परशुराम को पुष्प अर्पित किए। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण एवं तीर्थोद्धार सभा के प्रधान श्याम सुंदर तिवारी, पूर्व प्रधान एवं इंप्रूवमेंट ट्रस्ट के पूर्व अध्यक्ष जलेश शर्मा, सभा के वरिष्ठ उप प्रधान यशपाल शर्मा, प्रधान महासचिव रामपाल शर्मा, संदीप गौतम, चंद्रशेखर शर्मा, नरेश भारद्वाज तथा अश्वनी शर्मा सहित अनेक ब्राह्मण नेता उपस्थित थे।

परशुराम जयंती

**हमें एकजुट होकर देश तोड़ने वाली इन ताकतों का मुकाबला करना होगा: अशोक अरोड़ा**

अशोक अरोड़ा ने भगवान परशुराम को पुष्पांजलि अर्पित करते हुए कहा भगवान परशुराम किसी जाति या संप्रदाय के विरुद्ध नहीं थे। उन्होंने आतताई ताकतों का नाश करने के लिए शस्त्र उठाए था। भगवान परशुराम ने उपदेश दिया मानव को शस्त्र और शास्त्र दोनों का ज्ञान लेना चाहिए। उन्होंने कहा आज फिर देश में आतताई ताकते सिर उठा रही है और हमें एकजुट होकर देश तोड़ने वाली इन ताकतों का मुकाबला करना होगा।

## जिला स्तर प्रतियोगिता में जी .वी .एम .स्कूल के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन

**टीम एक्शन इंडिया**

**समालखा ( कुलदीप सिह )** राष्ट्रीय खेलों में शामिल किए गए पंचक स्लेट में जिला स्तर प्रतियोगिता मे जी .वी .एम .स्कूल के बच्चों ने किया बेहतरीन प्रदर्शन बच्चों ने अपनी कड़ी मेहनत से आठ मेडल प्राप्त किए ' नितिन कक्षा छठी गोल्ड मेडल ,सुशांत कक्षा 8 सिल्वर मेडल ,पंकज आठवीं सिल्वर मेडल, रजत कक्षा 7 ब्रोंज ,हर्षित कक्षा छठी ब्रोंज ,अनिरुद्ध कक्षा आठ ब्रोंज, नयन कक्षा 7 गोल्ड मेडल, प्रिंस कक्षा 7 ब्रोंज ' प्रतिभाशाली बच्चों को स्कूल निदेशक राधेश्याम जांगड़ा, प्रधानाचार्या पम्मी



ठकराल और उप प्रधानाचार्य मीनाक्षी ने मेडल पहना कर सम्मानित किया व साथ ही इसी तरह लगन और मेहनत से परिश्रम करने की प्रेरणा दी।

## मजबूत लोकतंत्र के लिए लोकसभा चुनाव में करें ज्यादा से ज्यादा भागीदारी: एडीसी

अभियान

**मतदाताओं को जागरूक करने के लिए निरंतर चलाया जा रहा जागरूकता अभियान**



**टीम एक्शन इंडिया**
**मनीष कुमार**

**अम्बाला:** एडीसी एवं स्वीप एक्टिविटी की नोडल अधिकारी अपराजिता ने आमजन को ज्यादा से ज्यादा संख्या में आगामी 25 मई को लोकसभा चुनाव के लिए मतदान करने का आह्वान किया है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र की मजबूती के लिए मतदान अति आवश्यक है। ऐसे में आमजन अपने-अपने निर्वाचन क्षेत्र में मतदान कर भागीदारी सुनिश्चित करें। इस संबंध में जानकारी देते हुए एडीसी अपराजिता ने कहा कि जिला निर्वाचन अधिकारी व डीसी डॉ. शालीन के नेतृत्व में अम्बाला जिला में निरंतर मतदाताओं को जागरूक करने के लिए अभियान चल रहा है। इसके अंतर्गत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न विभागों के सहयोग से स्वीप (व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी) अभियान जारी है। इसी कड़ी में जिले भर के अलग-अलग स्थानों पर फ्लैक्स लगाए गए हैं। इन फ्लैक्स के माध्यम से आमजन के रोल मॉडल जैसे खिलाड़ी सचिन तेंदुलकर, नीरज चोपड़ा अधिक से अधिक मतदान करने का संदेश दे रहे हैं। एडीसी अपराजिता ने कहा कि उनका भरसक प्रयास है कि लोकसभा चुनाव के दिन आजमन मतदान के लिए घरों से निकलें और लोकतंत्र के इस पर्व में अपना योगदान दें।

**इलेक्ट्रॉनिग इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड की सुविधा शुरू:** **एडीसी अपराजिता**

एडीसी अपराजिता ने कहा कि चुनाव आयोग ने देशभर में डिजिटल मतदाता पहचान पत्र या इलेक्ट्रॉनिक इलेक्टोरल फोटो आईडी कार्ड यानी ई-ईपीआईसी की सुविधा शुरू कर रखी है। अगर मतदाता का वोटर आईडी कार्ड कहीं गुम गया है या फिर वह वोटर कार्ड की डिजिटल कॉपी सहेज कर रखना चाहता है तो वोटर हेल्पलाइन एप या फिर चुनाव आयोग की वेबसाइट से अपना वोटर कार्ड आसानी से मोबाइल या कंप्यूटर पर डाउनलोड कर सकते हैं। डिजिटल वोटर कार्ड ई-ईपीआईसी को डिजी लॉकर में भी अपलोड किया जा सकता है।

## मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को किया जागरूक

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा गुरुवार को मतदाता जागरूकता रैली निकालकर मतदाताओं को जागरूक किया गया। रैली श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय से शुरू हुई और सेक्टर सात और आठ में होते हुए विद्यार्थियों द्वारा स्वस्थ जनतंत्र की पहचान, सभी करें मतदान, प्रजातंत्र से नाता, हम सब मतदाता है स्लोगन के साथ नवीन मतदाताओं को मतदाता सूची में नाम जुड़वाने




और सेक्टरवासियों 100 प्रतिशत मतदान के लिए प्रेरित किया। रैली को कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान और कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर कुलपति प्रो. वैद्य करतार सिंह धीमान ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मतदान प्रक्रिया में 18 वर्ष से अधिक उम्र के युवा बढ़-चढ़ कर

प्रेरित किया

**वोट हर आदमी का अधिकार है। देश के हर नागरिक को वोट जरूर डालना चाहिए: कुलसचिव**

हिस्सा लें और मतदान अवश्य करें, इससे स्वस्थ एवं मजबूत राष्ट्र का निर्माण हो सकेगा। इसके साथ ही उन्होंने निर्भीक और निष्पक्ष होकर स्वतंत्रतापूर्वक बिना प्रलोभन के चुनाव में अपने मत का प्रयोग करने के लिए प्रेरित किया।

कुलसचिव डॉ. नरेश भार्गव ने कहा कि वोट हर आदमी का अधिकार है। देश के हर नागरिक को वोट जरूर डालना चाहिए, हो सकता है उम्मीदवार अच्छा न हो किन्तु इनमें से उच्चतम को चुनकर अपने मत का प्रयोग जरूर करना चाहिए। इस अवसर पर चिकित्सालय अधीक्षक डॉ. राजेंद्र चौधरी, परीक्षा शाखा नियंत्रक रणधीर सिंह, डॉ. चक्रपाणि, मनीष एवं अन्य मौजूद रहे।

## क्लेरिकल एसो. वेलफेयर सोसाइटी कुरूक्षेत्र जिला कार्यकारिणी हुई गठित

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा राज्य परिवहन विभाग के कुरुक्षेत्र कार्यालय में लिपिक वर्ग की बैठक का आयोजन किया गया। इस बैठक की अध्यक्षता क्लेरिकल एसोसिएशन वेलफेयर सोसाइटी के राज्य पर्यवेक्षक कर्ण सिंह मोगा ने की। आज की बैठक संगठन को मजबूत करने के साथ साथ कई अहम मुद्दो पर चर्चा की गई जैसे लिपिक वर्ग का मूल वेतन 35400 करवाना और हरियाणा सरकार द्वारा लिपिक वर्ग को दिए गए 21700 के लोलीपॉप का भी विरोध करना रहा। वोट फॉर 35400 और इस मुहिम को तेज करने के बारे में भी चर्चा की गई। इसके बाद सोसाइटी के राज्य पर्यवेक्षक कर्ण सिंह



मोगा और सह पर्यवेक्षक प्रवेश की निगरानी में जिला कार्यकारिणी का चुनाव हुआ। पूरी जिला कार्यकारिणी सर्वसम्मति से चुनी गई। मंजू रानी उपायुक्त कार्यालय को जिला प्रधान, एकता कुमारी हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को वरिष्ठ उपप्रधान, राकेश बैनीवाल नगर परिषद को जिला सचिव,रविंद्र कुमार हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को जिला संयोजक, मनोहर शर्मा सेल टैक्स विभाग को उपप्रधान,आनंद शिक्षा विभाग को उपप्रधान, अनिल मोर हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को कोषाध्यक्ष,विजय कुमार शिक्षा विभाग को मीडिया सचिव, शशि भूषण हरियाणा राज्य परिवहन विभाग को जिला संगठन सलाहकार,संदीप कुमार सिंचाई विभाग को जिला संगठन ऑडिटर, दर्शन सिंह उपायुक्त कार्यालय को संगठन का जिला सह सचिव, प्रदीप कुमार उपायुक्त कार्यालय को संगठन का वरिष्ठ सलाहकार चुना गया।

## साधना शिविर में हिस्सा ले रहे हैं साधक

**सोनीपत:** सोनीपत जिले के दीपालपुर गांव में स्थित ओशो आश्रम श्री रजनीश ध्यान मंदिर में सात दिवसीय ब्रह्म चैतन्य साधना शिविर का भव्य आयोजन किया गया है । साधना शिविर में देश-विदेश से पहुंचे साधक उत्साहपूर्वक विभिन्न आध्यात्मिक गतिविधियों में शिरकत कर रहे हैं । इस मंदिर का स्थापना दिवस मनाने के साथ ही चार सौ से अधिक साधकों ने बुधवार को उल्लासपूर्वक मां अमृत प्रिया का जन्मदिन भी मनाया।

दीपालपुर गांव में हरे-भरे खेतों के बीच बने श्री रजनीश ध्यान मंदिर को साधकों ने आकर्षक तरीके से सजाया । इस मौके पर स्वामी आनंद स्वभाव ने ओशो डायनेमिक मेडिटेशन का संचालन किया।

## गुरु ग्रंथ साहिब के हुए अनादर की घोर निंदा की

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र:** हरियाणा की सभी सिख जत्थे बंदिया और धार्मिक सभा सोसायटियों के प्रधान और मेंबर्स ने जिला नारायणगढ़ में गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब में सीएम के प्रोग्राम से पहले गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहब की चेकिंग की गई जोकि बहुत ही मंदभागी और निन्दनीय कार्यवाही थी इस चेकिंग को लेकर सिख संगत में भारी रोष है और पूरे देश की सिख संगत दुवारा गुरु घरों में हो रेही बेअदबिया सिख समाज और गुरु नानक नाम लेवा संगत में भारी रोष है। इस घटना की निंदा करते श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान एवं सीनियर लीडर शिरोमणि अकाली दल हरियाणा स्टेट के सरदार तेजेंद्र सिंह



मक्कड़ ने बताया की हरियाणा के सीएम नायब सैनी से अपील करते हैं कि सिक्योरिटी चेकिंग की जिस भी अधिकारी ने आज्ञा दी या जो भी इसमें संलिप्त था उस पर विभागीय कार्यवाही होनी चाहिए हरियाणा के गुरुद्वारों में मंत्री, मुख्यमंत्री,

सम्मान

**गुरुद्वारा रातगढ़ साहिब में सीएम के प्रोग्राम से पहले गुरुद्वारा में गुरु ग्रंथ साहब की चेकिंग की गई**

उच्चाधिकारी आमतौर पर शीश निवाने आते रहते हैं गुरुद्वारा साहिब के गुरुघरों में कभी सिक्योरिटी चेकिंग नहीं हुई लेकिन इस चेकिंग को पहली बार अंजाम दिया गया जोकि बहुत निन्दनीय अफसोस जनक है अकाली दल हरियाणा स्टेट और सुमची सिख संगत धार्मिक जत्थे बंदियों दुवारा इस घटना की निंदा करते मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी अपनी नैतिक ज़िम्मेदारी निभाते अपनी सरकार को और अपने अधिकारियों को इस पर जल्द से जल्द कार्रवाई करने का आदेश दे और ऊन अधिकारियों पर सजा की कार्रवाई करते गुरुघर में नतमस्तक हो अपनी भूल की माफी माँगे ।हरियाणा सिख गुरुद्वारा मैनेजमेंट कमेटी के प्रधान भुपेद्र सिंह असंघ को भी हस्तक्षेप करने की अपील की इस मौके पर श्री हेमकुंड साहिब सेवा सोसाइटी के प्रधान सरदार तेजिंद्र सिंह मक्कड़ मेंबर्स सरदार गुरविंदर सिंह , सरदार बलबीर सिंह , सरदार अजीत सिंह , गुरदेव सिंह , सरदार दिलबाग सिंह , जसपाल सिंह , सरदार अवतार सिंह सरदार प्रीतपाल सिंह और धार्मिक जत्थे बंदियों के प्रतिनिधि उपस्थित थे।

## आओ स्कूल चलें कार्यक्रम हुआ आयोजित, दाखिले के लिए संपर्क किया

**आज** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में "आओ स्कूल चलें " कार्यक्रम के अंतर्गत प्रधानाचार्य बलजीत सिंह जास्ट की अध्यक्षता में कक्षा ग्यारहवीं व बारहवीं में दाखिले के लिए डोर टू डोर अभिभावकगण से संपर्क किया गया। प्रधानाचार्य ने डोर टू डोर संपर्क अभियान के तहत बताया कि विद्यालय में इस वर्ष 10+2 के रिजल्ट में 31 मेरिट आई हैं। प्रधानाचार्य ने सभी अध्यापकों अभिभावकों व बच्चों को बधाई देते हुए उनकी प्रशंसा भी की। जिसमें गांव हरिपुर, अजरानी, अटवान, कतलहरी,बडाम में भी ये अभियान चलाया गया ।ताकि विद्यालय में छात्रों के दाखिलों की संख्या में बढ़ोत्तरी हो। सभी ने गांव गांव जाकर अभिभावकगण को अपने



बच्चों का विद्यालय में दाखिला करवाने के लिए प्रेरित किया ताकि बच्चों का भविष्य उज्ज्वल हो सके। समाजसेवी श्री सुरजीत सैनी हरिपुर ने यह निर्णय भी लिया की जिन लड़कियों के अभिभावक अपनी लड़की की फीस देने में असमर्थ हैं उन लड़कियों की आधी (50%) फीस समाजसेवी संस्था द्वारा प्रदान की जाएगी। ताकि कोई भी लड़की और कोई भी बच्चा बिना शिक्षा के न रह जाए। बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ की सरकार की योजना को फलीभूत करने में समाजसेवी संस्था अपना पूर्ण सहयोग देगी। इसके साथ-साथ उन्होंने अभिभावकों को यह भी कहा कि वे अपने बच्चे को हर रोज स्कूल में अवश्य भेजें ।

शिक्षा पर बल

**विद्यालय में इस वर्ष 10+2 के रिजल्ट में 31 मेरिट आई हैं। सभी अध्यापकों अभिभावकों व बच्चों को बधाई दी**

ताकि उनकी शिक्षा बाधित न हो ।इस कार्य में गांव कतलहरी के सरपंच श्री रिंकू, बाडाम के सरपंच श्री नरेंद्र कुमार, अजरानी के सरपंच श्री दलबीर सिंह, अटवान के सरपंच श्री विक्रम सिंह, हरिपुर के सरपंच श्री मोहनलाल ने कहा कि हम पूरी पंचायत के साथ ज्यादा से ज्यादा बच्चों को हरिपुर स्कूल में दाखिले के लिए प्रोत्साहित करेंगे और गांव में मुनियादी भी करवाएंगे कि हमारे गांव के ज्यादा से ज्यादा बच्चे राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय हरिपुर में मेडिकल, नॉन मेडिकल व कला संकाय में दाखिला लेकर अपने भविष्य का निर्माण कर सके। सभी सरपंचों ने प्रधानाचार्य महोदय की प्रशंसा की कि उन्होंने स्कूल को काफी अच्छा बनाया हुआ है व सभी बच्चे विद्यालय में अनुशासन में रहते हैं विद्यालय में प्रत्येक कक्षा में डिजिटल बोर्ड, सोलर सिस्टम प्रशिक्षित व मेहनती स्टाफ, साइंस की तीनों लैब व स्कूल का प्रांगण भी बहुत सुंदर है। इस अवसर पर डॉक्टर सर्वजीत कौर ,मुकेश देवी,अमरजीत सिंह,बंता राम, लक्ष्मण दास, रणवीर सिंह,रणजीत सिंह, राजेश कुमार मोहित कुमार व अन्य सभी स्टाफ सदस्य व ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## फसल अवशेषों में आग लगाने पर 2 लोगों पर किया 5 हजार का जुर्माना

**टीम एक्शन इंडिया**
**दलबीर मलिक**

**कुरुक्षेत्र :** कृषि एवं किसान कल्याण विभाग के उपनिदेशक डा. सुरेंद्र मलिक ने कहा कि कुरुक्षेत्र जिले में फसल अवशेषों में आग लगाने वाले किसानों पर सेटेलाइट के साथ-साथ अन्य अधिकारियों के माध्यम से निगरानी रखी जा रही है। हरसेक के माध्यम से जिले में अब तक 69 जगहों पर फसल अवशेषों में आग लगाने की सूचना मिली है। इन 69 जगहों में 66 जगहों पर आग लगाने की सूचना सही मिली है, जिनमें 44 जगहों पर कृषि भूमि पर आग लगाई गई हुई मिली। इन केसों में 2 लोगों के चालान करके 5 हजार रुपए



जुमार्ना लगाया गया है और 22 मामलों में कार्रवाई की जा रही है ।डीडीए डा. सुरेंद्र मलिक ने विभाग के अधिकारियों को सख्त आदेश देते हुए कहा कि सभी अधिकारी और कर्मचारी फसल अवशेषों में आग लगाने वालों पर अपनी पैनी निगाह रखेंगे और ऐसे लोगों के चालान कर उन पर जुर्माना लगाना भी सुनिश्चित करेंगे। इन आदेशों की अवहेलना नहीं होनी चाहिए,

सभी अधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में निगरानी रखेंगे ताकि कोई भी व्यक्ति फसल अवशेषों में आग ना लगा सके।

# लोकसभा चुनाव को लेकर दिए आवश्यक दिशा-निर्देश

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**करनाल लोकसभा के** सामान्य आब्जर्वर ई.रविन्द्रन ने वीरवार को जिला सचिवालय में पानीपत जिला की चारों विधानसभा के एआरओ व अन्य नोडल अधिकारियों को सम्बोधित करते हुए लोकसभा चुनाव को लेकर आवश्यक दिशानिर्देश दिए। इस मौके पर खर्च पर्यवेक्षक आर.वी. प्रदमेश, पुलिस पर्यवेक्षक कुसुम पुनिया, उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र दहिया, पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत भी उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ सम्पूर्ण करवाना सभी अधिकारियों का सबसे महत्वपूर्ण कर्तव्य है। अगर लोकसभा चुनाव को लेकर किसी भी अधिकारी या कर्मचारी के विरूद्ध कोई शिकायत मिली तो उसके विरूद्ध सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि चुनाव को सम्पन्न करवाने में किसी भी प्रकार की कोताही सहन नही की जाएगी। सभी अधिकारी समय रहते अपनी चुनाव की तैयारियों को पूरा कर लें। सभी एआरओ अपने-अपने विधानसभा क्षेत्रों निगाहें पैनी रखें और बनाई गई टीमें आपस में तालमेल रखें। सामान्य आब्जर्वर ई.रविन्द्रन ने कहा कि सभी अधिकारियों को लोकसभा चुनाव के दृष्टिद्गत पारदर्शिता और निष्पक्षता के साथ काम करना होगा। अगर की गई शिकायत सही पाई गई तो चुनाव आयोग की शिकायतों के अनुसार सख्त कारवाई अमल में लाई जाएगी। इसलिए सभी अधिकारी पूरी लगन और निष्पक्षता के साथ अपनी डयुटी का निर्वहन करें। उन्होंने बैठक में एक-एक कर सभी नोडल अधिकारियों से किए गए कार्यो की फीडबैक ली। बैठक में खर्च पर्यवेक्षक आर.वी. प्रदमेश ने कहा कि सभी राजनैतिक दल व प्रत्याशियों के खर्चो का पूरा हिसाब-किताब रखा जाए। खर्चो के लिए गठित टीमें पल-पल की गतिविधियों पर नजर रखेंगी और शेडो रजिस्टर में इसकी एन्ट्री भी करना सुनिश्चित करेंगे। पुलिस पर्यवेक्षक कुसम पुनिया ने कहा कि नाकाबंदी और पेट्रोलियम पार्टी पूरी मुस्तेदी के साथ वाहनों पर नजर रखें और लगातार चैकिंग भी करें। चुनाव को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न करवाने में किसी तरह की लापरवाही सहन नही होगी और आदर्श आचार संहिता की पालना सुनिश्चित की जाएगी। पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत ने जानकारी देते हुए बताया कि जिला में शाङ्कषतपूर्ण तरीके से चुनाव सम्पन्न करवाया जाएगा।




# अंशी मान ने कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय में हासिल किया पहला स्थान

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**वीरवार को** कुरूक्षेत्र विश्वविद्यालय, कुरूक्षेत्र ने बी.ए इकोनॉमिक्स ऑनर्स के पांचवें समेस्टर के परीक्षा परिणाम जारी किए जिसमें आर्य स्नातकोत्तर महाविद्यालय के सात विद्यार्थियों ने मेरिट सूची में स्थान हासिल कर महाविद्यालय का नाम रोशन किया। केयूके की मेरिट सूची में स्थान पाने पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने सभी विद्यार्थियों को कॉलेज प्रांगण में मिठाई खिलाकर कर स्वागत किया व बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की कामना की, और साथ ही अर्थशास्त्र विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो.सतबीर सिंह व अन्य स्टाफ सदस्यों को बधाई दी। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने अपने संबोधन में कहा कि महाविद्यालय के विद्यार्थी निरंतर प्रत्येक क्षेत्र में महाविद्यालय का नाम रोशन कर रहे हैं, उन्होंने कहा कि अर्थशास्त्र के क्षेत्र में रोजगार की अपार संभावनाएं हैं। मंजिल निर्धारित कर आगे बढ़ने से हमें सफलता अवश्य मिलती है। महाविद्यालय प्रबंधन समिति के प्रधान सुरेंद्र सिंगला ने अपने बधाई संदेश में कहा कि प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता व स्टॉफ सदस्यों की मेहनत रंग ला रही है जिसकी बदौलत हमारे विद्यार्थी देश,प्रदेश में प्रत्येक क्षेत्र में नाम रोशन कर रहे हैं जो कि हमारे लिए गर्व की बात है। प्राचार्य डॉ.जगदीश गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय कुरुक्षेत्र द्वारा घोषित बी.ए इकोनॉमिक्स ऑनर्स के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों में आर्य कॉलेज की छात्रा अंशी मान ने 324 अंक लेकर पहला स्थान, कुशाग्रा ने 320 अंकों के साथ दूसरा, तान्या ने 308 अंकों के साथ पांचवां, दिव्यांशी सिंह ने 400 अंकों के सातवां, अरुणिमा पाल ने 293 अंकों के साथ मरीट सूची में आठवां स्थान हासिल किया। वहीं स्वेता कुमारी व छात्र चांद ने भी मरीट सूची में स्थान बनाया।



## न्यूज फ्लैश

### मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेड न्यूज पर रखी जा रही है पैनी नजर



**सोनीपत: भारत निर्वाचन** आयोग के निदेर्शानुसार जिला में लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी द्वारा पेड न्यूज व राजनीतिक विज्ञापनों पर पैनी नजर रखी जा रही है। जिला प्रशासन की ओर से लघु सचिवालय के तृतीय तल स्थित डीआईपीआरओ कार्यालय के कमरा नंबर-306 में मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी सेल स्थापित किया गया है। जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त डॉ मनोज कुमार ने बताया कि एलईडी स्क्रीन व समाचार पत्रों के माध्यम से लोकसभा आम चुनाव के मद्देनजर पेड न्यूज की प्रभावी रूप से मॉनिटरिंग की जा रही है। साथ ही पेड न्यूज से संबंधित रिपोर्ट प्रतिदिन लोकसभा आम चुनाव से संबंधित ऑब्जर्वर व उच्चाधिकारियों को भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान उम्मीदवारों व राजनीतिक दलों के प्रचार-प्रसार पर निरंतर निगरानी रखने के लिए जिला स्तर पर मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग कमेटी (एमसीएमसी) का गठन किया गया है। यह कमेटी चुनाव के दौरान प्रिंट, इलेक्ट्रॉनिक व सोशल मीडिया पर राजनीतिक चुनाव प्रचार की मॉनिटरिंग कर रही है। इसके अलावा कमेटी का कार्य पेड न्यूज पर कार्रवाई करना व मीडिया माध्यमों पर चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन व प्रसारण से पूर्व प्रमाण पत्र प्रदान करना है। उन्होंने बताया कि इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर उम्मीदवार व राजनीतिक दल के चुनाव प्रचार से संबंधित सामग्री के प्रसारण से पूर्व एमसीएमसी कमेटी से प्रमाण पत्र लेना होगा वहीं प्रिंट मीडिया में मतदान से पहले व मतदान के दिन प्रकाशित होने वाले विज्ञापन का भी प्रमाण पत्र लेना अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि प्रचार सामग्री का प्रमाण पत्र लेने के लिए 48 घंटे पहले एमसीएमसी के पास प्रमाण पत्र के लिए निर्धारित फार्म में आवेदन करना होगा। उन्होंने बताया कि लोकसभा आम चुनाव के दौरान उम्मीदवार एवं राजनीतिक दल चुनावी विज्ञापनों के प्रकाशन एवं प्रसारण के लिए प्रमाण लेने के लिए डीआईपीआरओ कार्यालय में स्थापित मीडिया सर्टिफिकेशन एंड मॉनिटरिंग सेल में संपर्क कर सकते हैं।

### एडीसी ने की आईसीडीएस व मिशन पोषण 2.0 स्कीम के कार्यों की समीक्षा

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**



**करनाल। अतिरिक्त उपायुक्त** अखिल पिलानी की अध्यक्षता में वीरवार को महिला एवं बाल विकास विभाग की आईसीडीएस व मिशन पोषण 2.0 स्कीम के कार्यों की समीक्षा हेतु बैठक की गई, जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राजबाला मोर सहित सभी महिला एवं बाल विकास अधिकारी व सुपरवाइजरों ने भाग लिया।

### दो उद्घोषित अपराधी गिरफ्तार

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। थाना सिविल लाईन** व थाना सदर की टीम द्वारा दो उद्घोषित अपराधियों को गिरफ्तार किया गया है। थाना सिविल लाइन टीम द्वारा आरोपी अवनीश पुत्र सुरेश कुमार वासी कलवेहड़ी थाना कुंजपुरा, करनाल को अंबेडकर चौक करनाल से गिरफ्तार किया गया। यह आरोपी 2015 में थाना सिविल लाइन में दर्ज आपसी विवाद के एक मामले में आरोपी था। इस संबंध में थाना सिविल लाइन के प्रबंधक निरीक्षक विष्णु मितर ने बताया कि आरोपी 2017 में विदेश चला गया था और सात साल बाद वह विदेश से लौटा था, लेकिन उनकी टीम आरोपी को लेकर पूरी तरह से मुस्तैद थी और जैसे ही वह आया तो बिना किसी देरी के उनकी टीम ने आज उसे काबू कर लिया।

# 'आगजनी से हुए नुकसान की मिलकर करें भरपाई'

**टीम एक्शन इंडिया**

**सोनीपत: मुख्यमंत्री के** पूर्व मीडिया सलाहकार तथा वरिष्ठ भाजपा नेता राजीव जैन ने व्यापारियों से अपील की है कि शहर की किसी भी मार्किट में आगजनी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए मार्किट एसोसिएशन के सदस्य थोड़ा - थोड़ा धन एकत्रित कर पीड़ित की सहायता करने की योजना बनायें। कच्चे क्वार्टर मार्किट में चार दिन पूर्व बिजली के शार्ट सर्किट से हसीजा रेडीमेड शो रूम में आग लग गई थी और सारे कपडे जलकर नष्ट हो गए थे। भाजपा नेता राजीव जैन ने मार्किट एसोसिएशन के प्रधानों के आग्रह पर दुकानदार को एक लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का आश्वासन दिया था। वीरवार को राजीव जैन ने पीड़ित दुकानदार को मदद के तौर पर एक लाख और भाजपा जिला उपाध्यक्ष संजीव वलेचा ने इक्कीस हजार रुपए की राशि भेंट की। भाजपा नेताओं ने चुनावी आचार संहिता हटने के बाद सरकार से भी मदद करवाने का आश्वासन दिया। राजीव जैन ने दुकानदारों से कहा कि प्रदेश सरकार ने जी०ऐस०टी० रजिस्टर्ड व्यापारियों के लिए पांच लाख रुपए दुर्घटना बीमा तथा पच्चीस लाख रुपए तक का स्टॉक का मुफ्त बीमा करने की सुविधा प्रदान कर रखी है, इसके लिए मात्र पचास रुपए का शुल्क जमा करवाकर व्यापारी कल्याण बोर्ड में सदस्यता लेनी है। उन्होंने सभी व्यापारियों से अपील की है कि सभी व्यापारी अपना रजिस्ट्रेशन फार्म अवश्य भरकर सदस्यता लें ताकि नुकसान की दशा में भरपाई हो सके। दुकानदारों ने आश्वासन दिया कि वह सरकार की सुविधाओं के प्रति भी अपने साथी दुकानदारों को जागरूक करेंगे। इस अवसर पर राकेश चोपड़ा, बिट्टू जैन, यशपाल अरोड़ा, जवाहर चांदना, अशोक अरोड़ा (पूर्व पार्षद), वासुदे० सुखीजा, नरेश छाबड़ा, मोहित परुथी, धर्मेंद्र (काला), धर्मपाल जुनेजा, राधेश्याम नासा, विजय चुघ, प्रेम, साहिल आदि दुकानदार उपस्थित रहे।



# पर्ची पर लिख दिया मोबाइल नंबर, उतरते वक्त पकड़ा हाथ

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। जिले के संगोहा** गांव की विधवा ने एक व्यक्ति पर छेड़छाड़ के आरोप लगाए है। आरोपी ने महिला को पहले अपनी कार में बैठाया और उसे एक पर्ची पर अपना मोबाइल नंबर लिख दिया। उल्टी सीधी बातें भी की। जब महिला गाड़ी से उतरी तो उसकी बाजू पकड़ ली। किसी तरह से महिला वहां से निकली और छेड़छाड़ की जानकारी अपने परिजनों को दी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। संगोहा गांव की एक विधवा महिला ने पुलिस को दी शिकायत में बताया है कि वह दरड के एक प्राइवेट स्कूल में स्वीपर का काम करती है। 7 मई की सुबह करीब सात बजे वह संगोहा राम मन्दिर के पास खड़ी थी। उसी समय गांव का सतीश अपनी कार में आया। उसने मेरे पास आकर अपनी कार रोकी और. कहने लगा कि आ गाडी में बैठ जा, मैं तेरे को छोड़ दूंगा। वह उसे जानती थी इसलिए गाड़ी की पिछली सीट पर बैठ गई। महिला ने बताया कि थोडी दूर चलने के बाद सतीश कहने लगा कि मेरे को अपना मोबाइल नंबर दे दो। उसने बताया कि मेरे पास मोबाइल नहीं है। उसने पर्ची पर अपना मोबाइल नंबर लिखकर उसे दे दिया। पर्ची देने के बाद मेरे साथ उल्टी सीधी बातें करने लगा और कहा मेरी बहुत जानकारी है और. काम हो तो मेरे को बताना।

# उपचुनाव को लेकर कर्मचारियों को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**राजकुमार प्रिंस**

**करनाल। करनाल विधानसभा** उप चुनाव के रिटर्निंग अधिकारी एवं एसडीएम अनुभव मेहता ने कहा कि करनाल विधानसभा चुनाव 2024 को पारदर्शिता, निष्पक्षता और सुचारू रूप से सम्पन्न करवाने की पूरी जिम्मेवारी अधिकारियों व कर्मचारियों की है। इन चुनावों को लेकर पोलिंग पार्टियों का गठन कर दिया गया है। सभी पोलिंग पार्टियों को 11 मई को सुबह 9 बजे व दोपहर 2 बजे के दो सत्रों में चुनावों से संबंधित प्रशिक्षण दिया जाएगा। एसडीएम अनुभव मेहता ने जारी आदेशों में कहा है कि करनाल विधानसभा उप चुनाव 2024 के संबंध में 11 मई को सुबह 9 बजे पोलिंग पार्टी नम्बर 1 से 124 तथा दोपहर दो बजे पार्टी नम्बर 125 से 148 तक को डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम हॉल में प्रशिक्षण देने का शेड्यूल तैयार किया है। इस दौरान फेसिलिटेशन सेंटर पर पोलिंग पार्टियों से फार्म नम्बर 12 प्राप्त किये जाएंगे। इसके लिए पोलिंग पार्टियों को प्रशिक्षण देने के लिए अलग-अलग टीमों का गठन कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि डॉ. मंगलसेन ऑडिटोरियम हॉल में कुर्सियों पर पोलिंग पार्टी नम्बर वाईज स्टीकर लगाने के लिए उप अधीक्षक राजस्व विनोद जैन के नेतृत्व में 11 कर्मचारियों की डयूटी लगाई गई है।

# बगैर संकोच रक्तदान करें: गौरव कुमार

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**मानवता की सेवा के** लिए हमें हमेशा तैयार रहना चाहिए। जो व्यक्ति इंसानियत को आगे रखकर अपना कर्म करते है सही मायने में वे ही समाज के लिए प्रेरणा बनते है। ऐसे व्यक्तियों को समाज एक प्रेरक के रूप में याद रखता है। हमें समाज सेवा के कार्यों मे किसी भी प्रकार की कोताही नहीं बरतनी चाहिए। रक्त दान के कार्यो में बगैर किसी भय व संकोच के रक्त दान करना चाहिए। यह बात जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने जिला सचिवालय के बाहर पार्किंग स्थल पर मां धन्नो देवी ट्रस्ट की ओर से आयोजित किये गए रक्त दान शिविर में रक्त दान करते हुए कही। उन्होंने इस अवसर पर रक्त दाताओं को प्रशस्ति पत्र भी प्रदान किये। जिला परिषद के कार्यकारी अधिकारी गौरव कुमार ने कहा कि रक्त दान स्वस्थ के लिए उत्तम दान है। हमें साल में कम से कम 3 बार रक्तदान जरूर करना चाहिए। जिनका एचबी 11 व 12 है वे 3 से ज्यादा बार भी रक्त दान कर सकते है। उन्होंने 19वीं बार रक्त दान किया व आम नागरिक को एक संदेश दिया कि उनके द्वारा किया गया रक्त दान किसी जरूरतमंद की जान बचा सकता है। उन्होंने कहा कि समाज में रक्त दान को लेकर जो भ्रांतियां है उन पर आज के युवा अंकुश लगा कर यह साबित कर रहे है कि रक्त दान करने से किसी तरह का जोखम नहीं होता व जो लोग रक्तदान करते है वे बहुत सी बीमारियों से अपने आप को बचा लेते है। उन्होंने रक्तदान के फायदो पर भी प्रकाश डाला व ज्यादा से ज्यादा लोगो को रक्त दान के लिए प्रेरित किया। जिला सचिवालय के पार्किंग स्थल में मोबाइल ब्लड वैन में आयोजित किये गए शिविर में रैडक्रास सोसायटी का भी सहयोग रहा। शिविर की शुरूआत सवेरे 10 बजे जिला परिषद सीईओ ने की। इस रक्त दान शिविर में 80 के करीब नागरिकों ने रक्तदान किया। ज्यादा रक्त दान करने वालों में जिला परिषद कार्यालय, पुलिस विभाग व अन्य विभागों के अधिकारी व कर्मचारियों का सहयोग रहा। इस मौके पर मनरेगा के रणसिंह वर्मा, दीपक के अलावा बड़ी संख्या में विभिन्न विभागों के कर्मचारी मौजूद रहे।



# हिमगिरी पब्लिक स्कूल में मातृदिवस मनाया

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा ( कुलदीप सिंह )**

**हिमगिरी पब्लिक** स्कूल, बिहौली रोड़, समालखा में भड़ी धूम-धाम व उत्साह के साथ मातृ दिवस मनाया गया । कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्य प्रमोद राठी द्वारा माँ सरस्वती के सामने दीप प्रज्वलित कर की गई । छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी माताओं के सामने अपनी प्रतिभा दिखाई । माताएँ भी अपने बच्चों की प्रतिभा देखकर गदगद हो गई मानो उन्हें आज जीवन के सर्वोत्तम सुख की प्राप्ति हो गई हो । नर्सरी कक्षा के खुशी एंड ग्रुप ने आई लव माई मम्मी गीत पर , एल के जी कक्षा के अनाया एन्ड ग्रुप नेहर जन्म तुझे कहूँ गीत पर, यू के जी कक्षा के अर्पिता एंड ग्रुप ने तेरी उँगली पकड़ के चला गीत पर, प्रथम कक्षा के अनाया एंड ग्रुप ने पास बुलाती है गीत पर नृत्य किया, द्वितीया कक्षा के अर्पिता एंड ग्रुप ने माँ प्यारी माँ गीत पर, तृतीय कक्षा के अक्षित एंड ग्रुप ने कितनी अच्छी है माँ, चतुर्थ कक्षा के सान्वी, नक्स एंड ग्रुप ने थोड़ी सी क्यूट है गीत पर बहुत ही शानदार नृत्य किया । जहाँ बच्चों ने अपनी प्रतिभा दिखाई वहीं बच्चों की माताएँ भी पीछे नही रही । रैम्प वाक में अन्नू, बैलून एक्टिविटी में किरण व म्यूजिकल चेयर में सुषमा ने प्रथम स्थान ग्रहण किया ।कार्यक्रम के अंत मे प्रधानाचार्य प्रमोद राठी ने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा कि माँ वह शब्द है जो सामान्यतः एक बच्चा सबसे पहले बोलना सीखता है और उसके जीवन के अंतिम क्षणों में भी माँ शब्द ही उसके होठों पर होता है । संसार में माँ शब्द एक ऐसा पवित्र एवं शक्तिशाली शब्द है जो किसी भी प्राणी के जीवन के दुखों को समाप्त करने की शक्ति रखता है । इसीलिए पूरे विश्व में माँ को सर्वोपरि माना गया है क्योंकि माँ तो माँ होती है अगर धूप हो फिर भी उसके आंचल में छाँव होती है ।अतः आप सदा जीवन देने वाली जननी का सम्मान करना । कभी भी कड़वी बातें बोलकर उसका अपमान मत करना ।

स्कूल चेयरमैन राजबीर सिंह ने भी माँ के महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि माँ बच्चे की प्रथम गुरु होती है तथा माँ ही मनुष्य की तरक्की का आधार होती है ।




# मतगणना केन्द्रों और स्ट्रांग रूम का किया निरीक्षण

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**



**करनाल लोकसभा** के सामान्य आब्जर्वर ई.रविन्द्रन ने वीरवार को आर्य कॉलेज के परिसर में बनाए गए मतगणना केन्द्रों और स्ट्रांग रूम का निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उनके साथ खर्च पर्यवेक्षक आर.वी. प्रदमेश, पुलिस पर्यवेक्षक कुसम पुनिया भी उपस्थित रहे। उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. वीरेन्द्र कुमार दहिया ने सामान्य आब्जर्वर को चारों विधानसभाओं के मतगणना केन्द्रों में बनाए गए स्ट्रांग रूम की विस्तार से जानकारी दी। इस मौके पर पुलिस अधीक्षक अजीत सिंह शेखावत, एडीसी एवं पानीपत शहरी विधानसभा के एआरओ डॉ. पंकज यादव, एसडीएम पानीपत एवं ग्रामीण विधानसभा के एआरओ मनदीप कुमार, एसडीएम इसराना एवं एआरओ इसराना विधानसभा ज्योत मित्तल, एसडीएम समालखा एवं समालखा विधानसभा के एआरओ अमित कुमार भी उपस्थित रहे।

# आईआईअचटी अलुमनी एसोसिएशन की हुई वार्षिक मीटिंग

**टीम एक्शन इंडिया**
**पानीपत/कमाल हुसैन**

**पानीपत जिमखाना कल्ब** के परिसर मे आई आई अच टी अलुमनी एसोसिएशन की वार्षिक मीटिंग बी बी पॉल, ओ पी रानोलीया व स पी सिंह की अध्यक्षता मे सम्पन हुई। जनरल हाउस मीटिंग मे लगभग 90 मेम्बर ने भाग लिया जो की देश के अलग अलग स्टेट से भाग लेने के लिये आये। आरम्भ मे बी बी पॉल, ओ पी रानोलिया, प्रिसडेंट धर्म वीर सिंह, वाईस प्रिसडेंट के के गर्ग, राकेश जैन, महा सचिव भंवर लाल मंड रवाल ओर वारिस खान द्वारा दीपक प्रजवलित किया गया। प्रोग्राम के आरम्भ मे प्रधान धर्म वीर द्वारा सभी मेंबर का स्वागत किया। और तीन साल के किये गये काम से सभी को अवगत किया। सभी मेंबर द्वारा किये काम की बहुत परसंसा की ओर पूरी टीम की तारीफ की गयी। सभी ने अपनी कुर्सी से उठ कर तालियां बजा कर तारीफ की। उसके बाद एसोसिएशन के महा सचिव ने अपने सम्बोधन मे सभी किये कार्य की जानकारी दी। तथा ओर न्यू मेंबर को संगठन मे जोड़ने की अपील की। इस समय सभी इंस्टिट्यूट के पास आउट 100% स्टूडेंट को मेंबर बनया जाये जिस से एसोसिएशन ओर मजबूती से काम कर सके। ओर सभी से आग्रह किया की आप अपने सुझाव दे। दिये सुझाव को नोट किया गया जो की आगे अमल मे लाये जाये गे। एक मुद्दा जो इलेक्शन से सम्बन्ध मे था जिसका आगे अमल मे लाने की अनुमति प्रधान द्वारा दी गयी। इस के बाद कोषाध्यक्ष राकेश जैन द्वारा जनरल हाउस को तीन साल का लेखा जोखा के बारे सभी को अवगत किया जनरल हाउस द्वारा बिना किसी ऑब्जेक्शन के तालियां बजा कर पास किया। राकेश जैन द्वारा सभी का धन्यवाद किया ओर सभी को अकाउंट की एक कॉपी दी। जनरल हाउस मे एक मुद्दा हैंडलूम के बारे मै किया गया उसका जवाब बी बी पॉल द्वारा हॉउस को दिया ओर बताया की कैसे हैंडलूम उद्योग को बचाया जा सकता है इस बात पर सभी ने मिल कर काम करने की रजामंदी दी।आगे जैसा की जनरल हाउस की मीटिंग की गयी है उस मुद्दे पर प्रधान द्वारा अवगत करवाया। ओर बतया आगे के लिये नई कार्यकारणी का चुनाव प्रथम कार्यकारणी का टाइम 3 साल का था जो अब पूरा हो गया। नई सिमिति का गठन किया जाये। इसी के अंतर्गत प्रधान द्वारा अपना अस्तीफा अपनी टीम के साथ जनरल हाउस को दिया। साथ मे बी बी पॉल, ओ पी रानोलीया,एस पी सिंह, डी पी सिंह, आर डी पॉल ओर अन्य को न्यू हाउस का चुनाव करने को अधिकार दिया जो हाउस को भी मंजूर कर लिया। चुनाव कार्यक्रम स्टार्ट किया फिर सब से पहले फारूक मलिक ने पूर्व प्रधान ओर उनकी टीम ने जो तीन साल मै काम किये है वो काबिले तारीफ है ओर इस का सभी ने तालियां से अनुमोदन किया।



# 'देवेन्द्र तो एमसी बनने के लायक भी नहीं है हमने तो विधायक ओर मंत्री बना दिया'

**टीम एक्शन इंडिया**
**समालखा( कुलदीप सिंह )**

**जननायक जनता पार्टी** के करनाल लोकसभा क्षेत्र से प्रत्याशी देवेन्द्र कादियान के समर्थन में समालखा पहुंचे जजपा के प्रदेश प्रधान महासचिव दिग्विजय चौटाला ने अपने ही विधायक देवेंद्र बबली को लेकर बड़ा ब्यान दिया है। उन्होंने कहा कि देवेन्द्र बबली तो एमसी बनने के लायक भी नहीं है हमने तो उसे विधायक ओर मंत्री बना दिया। मीडिया कर्मियों से बातचीत करते हुए दिग्विजय चौटाला ने कहा कि हमने तो देश में प्रधानमंत्री तक बनाए हैं उनसे भी हमें दगा ही मिला है, लेकिन हम घबराने वाले नहीं हैं। जिस प्रकार एक पेड़ की जड़ें,तना व टहनियां मजबूत हो तो बसंत ऋतु में पत्ते फिर से आ जाते हैं इसी तरह हमारी पार्टी का काडर (संगठन) मजबूत है नेताओं के आने जाने से कोई फर्क नहीं पड़ता।



# भाजपा को मिल रहा देश की मातृशक्ति का आशीर्वाद: चंदोलिया










**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः लोकसभा चुनाव** को लेकर अब कुछ ही दिन शेष रह गए हैं। सभी राजनैतिक दलों की ओर से अपने-अपने प्रत्याशियों को जीताने के लिए कोई कसर नही छोड़ रहे है और बैठकों का भी दौर क्रमबद्ध तरीके से जारी हैं। इसी क्रम में उत्तर पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले कृष्णा गार्डन सेक्टर 17 रोहिणी में भाजपा की उत्तर पश्चिम जिला महिला मोर्चा द्वारा महिला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन जिलाध्यक्षा महिला मोर्चा मधु दास के संयोजन में आयोजित किया गया।

**कई गणमान्य लोग रहें कार्यक्रम में शामिलः** महिला सम्मेलन के दौरान उत्तरी पश्चिमी लोकसभा क्षेत्र से सांसद प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया, दिल्ली प्रदेश अध्यक्ष विरेंद्र सचदेवा के साथ-साथ महिला मोर्चा की राष्ट्रिय महामंत्री दिप्ति भारद्वाज, मोर्चा की प्रदेश अध्यक्षा रिचा पांडे, मिश्रा जी, मोर्चा की प्रदेश महामंत्री प्रियल भारद्वाज, वैशाली पोद्दार सहित पार्टी के सैंकड़ों कार्यकर्ता व पदाधिकारी सम्मेलन मे उपस्थित रहे।

**नारी शक्ति को चंदोलिया ने किया संबोधितः** सम्मेलन में महिलाओं को संबोधित करते हुए योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि नारी शक्ति का सशक्तिकरण प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सरकार की प्रथम दिवस से प्राथमिकता रही है। मोदी सरकार ने सेल्फ हैल्प ग्रुप के माध्यम से 1 करोड़ महिलाओं को लखपति दीदी बनाकर, ड्रोन दीदी योजना के माध्यम से तकनीकी से महिलाओं को जोड़कर सरकार ने आर्थिक तौर मजबूत किया है, तो वहीं नारी शक्ति वंदन अधिनियम लाकर राजनैतिक तौर पर महिलाओं को सशक्त किया है इसके अतिरिक्त उज्वला योजना एवं हर घर नल योजना समेत अन्य कई योजनाओं के माध्यम से मातृशक्ति का जीवन आसान करने का कार्य किया है। मोदी सरकार के इन प्रयासों से मातृशक्ति के जीवन में व्यापक सकारात्मक बदलाव आए हैं।

**मातृशक्ति ने योगेंद्र चंदोलिया को दिया आशीर्वादः** इस अवसर पर योगेंद्र चांदोलिया ने शक्ति स्वरूपा माताओं बहनों को संबोधित करके उन उनका आशीर्वाद लिया। इस आयोजन में हजारों की संख्या में मातृशक्ति ने भाग लिया।

## कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर एस्केलेटर में आई तकनीकी खराबी, छह लोग घायल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः कश्मीरी गेट मेट्रो** स्टेशन पर एस्केलेटर में तकनीकी खराबी आने के कारण एस्केलेटर पर एक-दूसरे पर गिरने से छह लोग घायल हो गए। घायलों की पहचान मनोज, नमन कुमार, पंकज कुमार, संगीता, हिबा और मनोज वर्मा के रूप में हई है। शिकायतकर्ता बीटेक छात्र नमन कुमार की शिकायत पर कश्मीरी गेट मेट्रो थाना पुलिस मामला दर्ज कर जांच में जुटी हैं।

घटना की पूरी जानकारी जुटाने के लिए पुलिस सीसीटीवी फुटेज स्कैन कर रही है। शिकायर्ता ने पुलिस को बताया कि जब वह नोएडा में अपने कालेज से घर लौट रहा था, तो वह कश्मीरी गेट मेट्रो स्टेशन पर उतर गया और रेड लाइन प्लेटफार्म तक पहुंचने के लिए वायलेट लाइन से एस्केलेटर का इस्तेमाल किया।

**दोगुनी गति से चलने लगा एस्केलेटरः** शाम लगभग साढे. छह से पौने सात बजे के बीच एस्केलेटर पर चढ़ते समय, एस्केलेटर अचानक एक सेकंड के लिए रुक गया और फिर दोगुनी गति से चलने लगा।

## गांवों को गोद लेकर विकास की नीति हुई फेलः अग्रवाल



**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः चांदनी चौक** लोकसभा संसदीय क्षेत्र से इंडिया गठबंधन के सांसद प्रत्याशी जय प्रकाश अग्रवाल ने कहा कि मोदी और उनकी सरकार बड़े-बड़े वायदे और झूठी घोषणाएं कर लोगों के साथ छलावा करती रही है।

**गांवों को गोद लेकर विकास की नीति हुई फेलः** बीजेपी सांसदों द्वारा अपने क्षेत्र में गांवों को गोद ले उनका चहुंमुखी विकास करने की नीति एवं योजना पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुई। सांसदों द्वारा गांवों का विकास करना तो दूर की बात उन्होंने इन गांवों में जाकर लोगों की सुध तक नहीं ली जो गांववासियों के साथ सिर्फ और सिर्फ धोखा एंव छलावा है।

**देश में तेजी से बढ़ा महंगाई और बेरोजगारी का ग्राफः** अग्रवाल ने कहा कि मोदी सरकार ने गांवों को गोद ले उनमें चहुंमुखी विकास करने के बड़े-बड़े वायदे किए थे जो झूठे साबित हुए हैं। उन्होंने कहा कि पिछले 10 सालों में देश में जहां बेहिसाब महंगाई हुई है, वहीं बेरोजगारी का ग्राफ भी काफी बढ़ गया है जिससे आम नागरिक बुरी तरह से प्रभावित है। साधारण परिवार मुश्किलों से जूझते हुए किसी तरह गुजर बसर कर रहा है।

**मोदी की तानाशाही नीतियों से उब गया है आम आदमीः** उन्होंने कहा कि आम आदमी मौके की तलाश में था अब समय आ गया है बदलाव का। मोदी सरकार की तानाशाह और लापरवाही नीतियों से परेशान आम आदमी 25 तारीख को होने वाले चुनाव में पूरी एकजुटता के साथ अपने वोट के माध्यम से बदलाव का मन बना चुका है। वहीं जयप्रकाश अग्रवाल ने सदर बाजार विधानसभा क्षेत्र के आम आदमी पार्टी विधायक सोमदत्त से मुलाकात की। विधायक ने अपने क्षेत्रीय प्रमुख नेताओं और कार्यकर्ताओं से कहा कि वे चुनाव में पार्टी और राजनीति से ऊपर उठकर कांग्रेस के जयप्रकाश अग्रवाल को जिताने में जुट जाए।

इसी दौरान जयप्रकाश अग्रवाल ने रामपुरा गांव त्रिनगर में गांव वासियों के साथ मीटिंग कर चुनावी चर्चा की और वोट देने की अपील की। जयप्रकाश अग्रवाल ने लोगों को भरोसा दिलाया कि वे चुनाव जीतने के बाद महंगाई पर कैसे लगाम लगे और युवाओं को ज्यादा से ज्यादा रोजगार एंव नौकरियां मिले इस पर विशेष ध्यान देंगे।

# नांगलोई विधानसभा क्षेत्र में योगेंद्र चंदोलिया के रोड शो में उमड़ा जनसैलाब









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** चिलचिलाती हुई गर्मी के पारे के बीच चुनावी पारा भी अपने चरम पर है। इसी बढ़ते हुए गर्मी के पारे के बीच उत्तर पश्चिमी संसदीय क्षेत्र स्थित नांगलोई विधानसभा के निहाल विहार में भारतीय जनता पार्टी के योगेंद्र चंदोलिया के समर्थन में विशाल रोड शो का आयोजन किया गया। इस दौरान पार्टी के सैकडों कार्यकर्ताओं के साथ-साथ क्षेत्रीय जनता भी रोड शो में शामिल हुई।

**कई दिग्गज नेता हुए रोड शो में शामिलः** रोड शो के दौरान योगेंद्र चंदोलिया के चुनावी रथ पर उनके साथ दिल्ली प्रदेश के उपाध्यक्ष विनय रावत, नांगलोई विधानसभा के पूर्व विधायक मनोज शौकिन, वार्ड 48 से निगम पार्षद मोनिका गोयल, वार्ड 24 की निगम पार्षद पुनम सैनी, जिला प्रभारी डा. योगेश आत्रे, जिलाध्यक्ष राम सिया शरण, मंडल अध्यक्ष राजवीर कश्यप, जिला मंत्री व मंडल प्रभारी हेमलता वरूण के अलावा जिला व मंडल के सैकडों पदाधिकारी व कार्यकर्ता इस रोड शो मे शामिल रहे।

**पुष्पवर्षा से किया गया चंदोलिया का अभिनंदनः** इस मौके पर उत्तर पश्चिमी संसदीय से भाजपा प्रत्याशी योगेंद्र चंदोलिया ने कहा कि आप लोगों की जो भी समस्याएं हैं उन सभी समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाएगा, क्योंकि भारतीय जनता पार्टी जो कहती है वह कर-के दिखाती है। इस मौके पर जगह-जगह चंदोलिया का स्थानीय लोगों ने फूलों की वर्षा करके स्वागत किया।

इस अवसर पर हेमलता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की नीतियों से देश की जनता काफी ज्यादा खुश है। हम जहां पर भी जनसंपर्क के लिए जा रहे हैं वहां के लोग भाजपा से काफी खुश नज़र आ रहे हैं, और दिल्ली की जनता भी भाजपा के समर्थन मे पूरी तरह से नज़र आ रही है। उन्होंने कहा कि भारतीय जनता पार्टी ने देश में विकास कर-के दिखाया है। आज भाजपा के राज्य में देश में नई-नई योजनाएं लागू हुई है, जिससे देश के लोग काफी खुश हैं और विकास की ओर अग्रसर हो रहे हैं। इस मौके पर कई अन्य लोग मौजूद रहे।

## नरेलाः 166वें मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन







**नई दिल्ली/ एक्शन इंडिया**
**बाहरी उत्तरी दिल्ली** के नरेला में मेन बाजार स्थित नारायण मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से 166 वें मासिक संगीतमय सुंदरकांड पाठ एवं संकीर्तन का बड़े ही धूमधाम से आयोजन किया गया। जिसमे सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी श्रद्धालु शामिल हुए। इस दौरान विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें सैकड़ो की संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। बाहरी उत्तरी दिल्ली के नरेला में झंडा चौक स्थित नारायण मंदिर में श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति की ओर से मासिक 166 वें सुंदरकांड पाठ एवं संकीर्तन का आयोजन बड़े ही धूमधाम से किया गया। पं.ललित वशिष्ठ ने संगीतमय सुंदरकांड का प्रभावी पाठ किया, जिसे सुन श्रोता भाव विभोर हो गए। सुंदरकांड की संपूर्णता उपरांत उन्होंने हनुमान जी पर आधारित भजन प्रस्तुत कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। और श्रद्धालुओं ने जय श्री राम के जयकारे लगाए। श्रद्धालुओं को सुंदरकांड पाठ का महत्व बताते हुए पं ललित वशिष्ठ ने कहा कि सुंदरकांड का जीवन में विशेष महत्व है।

हनुमान जी से हमें बेहतर प्रबंधन की शिक्षा मिलती है। जो भी भक्तजन उनकी शरण में जाता है, उन पर भगवान श्री राम की कृपा खुद- ब- खुद हो जाती है। साथ ही हनुमान जी की भक्ति करने वाले भक्तजन सभी प्रकार के सभी प्रकार के दुःखो से छुटकारा पा जाते हैं। श्रीराम भक्त हनुमान सेवा समिति के प्रधान विकास बंसल ने बताया कि समिति की ओर से हर महीने के पहले मंगलवार को मासिक सुंदरकांड पाठ का भव्य आयोजन किया जाता है। समिति द्वारा पिछले 14 साल से निरंतर सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। सुंदरकांड पाठ व संकीर्तन पश्चात विशाल भंडारे में सैकड़ो लोगों ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ कमाया। सुंदरकांड पाठ में प्रधान विकास बंसल, निपुण गुप्ता, पुनित गर्ग,सनी भारद्वाज, प्रमोद गर्ग, सोनू नाई,अजय, वीरेंद्र कौशिक, मनोज शर्मा,अजय शर्मा,मनोज सिंगल, संदीप,राजेश गोयल, पवन गोयल, माया देवी, स्नेहलता सहित सैकड़ो की संख्या में धर्म प्रेमी लोग मौजूद रहे।

## बेगमपुर में डंडों से पीट-पीटकर युवक की हत्या




**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः** बेगमपुर थाना क्षेत्र में एक युवक की डंडों से पीटकर हत्या कर दी। हत्या का कारण रंजिश बताया जा रहा है। मृतक युवक करोल बाग में कपड़े की दुकान पर काम करता था। पुलिस ने 24 घंटे के भीतर दो आरोपित को गिरफ्तार कर लिया है। तीसरे आरोपी की पुलिस तलाश कर रही है। गत सात अप्रैल की रात करीब 11:10 बजे बेगमपुर पुलिस थाना को बेहोशी की हालत में एक व्यक्ति के कीचड़ में मिलने की पीसीआर कॉल मिली। बेगम विहार के अंबेडकर चौक स्थित काली माता मंदिर के पास करीब 30 वर्षीय युवक पुलिस को बेहोश मिला, जिसे रोहिणी के अंबेडकर अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल में रखवा दिया।

बाद में मृतक की पहचान गगन उर्फ चिंटू निवासी बेगम विहार के रूप में हुई। प्रारंभिक जांच में पता चला कि मृतक करोल बाग में एक कपड़े की दुकान में काम करता था और बेगमपुर इलाके में किराए के कमरे में अकेला रहता था।

# मॉडल टाउनः महिला मोर्चा का किया गया गठन, मिली नई जिम्मेदारियां









**टीम एक्शन इंडिया**
**नई दिल्लीः आगामी** लोकसभा चुनाव को देखते हुए मॉडल टाउन विधानसभा क्षेत्र स्थित मॉडल टाउन के वार्ड के डेरावाल नगर में महिला मोर्चा का गठन किया गया। कार्यक्रम का आयोजन महिला मोर्चा अध्यक्षा श्वेता जैन की अध्यक्षता में किया गया। इस दौरान होने वाले आगामी महिला सम्मेलन को लेकर भी बैठक की गई, इस मौके पर पार्टी की कई पदाधिकारी व महिला कार्यकर्ता भी बैठक में शामिल रही।

**महिलाओं को मिली बडी जिम्मेदारीः** लोकसभा चुनाव को मद्देनज़र मॉडल टाउन मंडल महिला मोर्चा गठन के दौरान पार्टी की कई महिलाओं को अहम पद देकर जिम्मेदारी सौंपी गई है, जिसमें महामंत्री के तौर पर बीना बहल व पुष्पा रानी को तैनात किया गया है, तो वहीं लता ठाकुर, दुर्गेश, सोनिया, रेखा मित्तल को उपाध्यक्ष बनाया गया है और पवना रानी व सविता लांबा को मंत्री पद की जिम्मेदारी सौपा। वहीं प्रचार मंत्री का पद गीता को दिया गया है, कोषाध्यक्षा के पद पर दिव्यांशी गुप्ता और आईटी सेल की जिम्मेदारी आरती मनोचा को दी गई है।

**आगामी महिला सम्मेलन कार्यक्रम को लेकर भी हुई चर्चाः** इस दौरान आगामी 11 मई को क्षेत्र में होने वाली महिला सम्मेलन कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए भी कार्यक्रम की रूप रेखा तैयार की गई। वहीं इसी दौरान पार्टी के कई नेता भी मौजूद रहे।

मॉडल टाउन वार्ड नंबर-68 से निगम पार्षद विकेश सेठी, चांदनी चौक जिला से पूर्वांचल व किसान मोर्चा प्रभारी हरीश असडी, मंडल अध्यक्ष सुभाष असडी, इंदौर से सांसद प्रत्याशी प्रतिनिधी हुकूम चंद, चांदनी चौक जिला से महिला मोर्चा अध्यक्षा गीता सक्सेना, महिला मोर्चा दिल्ली प्रदेश उपाध्यक्षा सीमा निगम, चांदनी चौक जिला मंत्री मनी असडी बहल, शैफाली मनचंदा, चांदनी चौक महिला मोर्चा पूर्व जिला अध्यक्षा संगीता मोंगा, चांदनी चौक जिला महिला मोर्चा उपाध्यक्षा संजना बिट्टू, मोहिनी शर्मा मॉडल टाउन मंडल प्रभारी महिला मोर्चा सहित कई महिला पदाधिकारी मौजूद रही।

# भाजपा व जजपा नेताओं को ग्रामीण गांवों में नहीं घुसने दे रहे : लाल बहादुर खोवाल

दावा

▶▶ देशभर में कांग्रेस की लहर, स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी कांग्रेस: लाल बहादुर खोवाल



**टीम एक्शन इंडिया/हिसार, 9 मई (महेंद्र गोयल)**
हरियाणा कांग्रेस लीगल डिपार्टमेंट के प्रदेश अध्यक्ष एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि देशभर में कांग्रेस की लहर है और इस बार कांग्रेस स्पष्ट बहुमत से सरकार बनाएगी। उन्होंने हरियाणा के विभिन्न क्षेत्रों का अवलोकन करने के उपरांत कहा कि बहुत से गांवों व क्षेत्रों में भारतीय जनता पार्टी व जजपा के नेताओं का बहिष्कार किया जा रहा है और उन्हें गांवों के अंदर घुसने तक नहीं दिया जा रहा। खोवाल ने कहा कि भाजपा की कई जनसभाओं में लोगों ने खुलकर अपना विरोध जताया है। किसान व मजदूर भाजपा के नेताओं की गाडि?ां रोककर जनविरोधी कार्य करने के लिए आक्रोश जता रहे हैं। हर जगह लोग भाजपा के विरोध में मोर्चो खोले बैठे हैं। एडवोकेट लाल बहादुर खोवाल ने कहा कि भाजपा ने पिछले दस वर्षों में गरीब, मजदूर, किसान व पिछड़ा वर्ग को प्रताड़ित करने का काम किया है। उन्होंने कहा कि भाजपा झूठे वादे व दावे करके दो बार जनता को बरगला चुकी है लेकिन इस बार उसकी चाल कामयाब नहीं होने वाली है। जनता भाजपा की सच्चाई को जान चुकी है, इसलिए भाजपा का हर जगह विरोध हो रहा है और किसान व मजदूर भाजपा सरकार के खिलाफ नारेबाजी व धरना देकर एवं प्रदर्शन करके अपना विरोध जता रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे कांग्रेस कार्य समिति की सदस्य, हरियाणा कांग्रेस की पूर्व प्रदेशाध्यक्ष व सिरसा लोकसभा क्षेत्र की उम्मीदवार कुमारी सैलजा के साथ विभिन्न क्षेत्रों का दौरा कर चुके हैं। हर जगह कांग्रेस को बढ़त मिलती दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की नीतियों से प्रभावित होकर विभिन्न दलों के लोग कांग्रेस में शामिल हो रहे हैं।

खोवाल ने कहा कि कांग्रेस की नीतियों में जनता विश्वास जता रही है। कांग्रेस पार्टी ने इसलिए अपने घोषणा पत्र को न्याय पत्र का नाम दिया है। दरअसल कांग्रेस जनता के हितों की लड़ाई लड़ रही है और हर वर्ग व हर तबके के लोगों को समुचित सुविधाएं व अधिकार मिलें, इसके लिए कांग्रेस प्रयत्नशील है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस जातिगत जनगणना की प्रबल पक्षधर है ताकि इस जनगणना के आधार पर पिछड़ों व शोषितों के कल्याण के लिए नीतियां बनाई जा सकें।

इसी भांति कांग्रेस पार्टी अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं गरीब सामान्य वर्ग को मिलने वाले आरक्षण की समर्थक है।

# विद्यालय में महाराणा प्रताप जयंती, परशुराम जयंती का आयोजन

जयंती

▶▶ महापुरुषों के आदर्शों को अपनाकर राष्ट्र निर्माण के लिए कार्य करना चाहिए - सुमित कुमार



**टीम एक्शन इंडिया/कुरुक्षेत्र**
आज गीता निकेतन विद्या मंदिर सेक्टर -3 विद्यालय में वीर योद्धा महाराणा प्रताप , भगवान परशुराम एवं रविंद्र नाथ टैगोर जयंती मनाई गई। कार्यक्रम का संचालन दयानंद सदन द्वारा किया गया। इस अवसर पर विद्यालय आचार्या श्रीमती कविता दत्त जी ने बताया कि समाज में विभिन्न कालखंडों में ऐसे महान लोग जन्म लेते हैं जिसे पूरा समाज प्रभावित रहता है ।तथा उन्हें अपना आदर्श भी मानता है। महापुरुषों के जीवन से हमें प्रेरणा मिलती है। इसी उद्देश्य को ध्यान में रखते हुए विद्यालय में महापुरुषों की जयंतियां मनाई जाती हैं।
इस अवसर पर विद्यालय के छात्रों ने कविता, भाषण एवं नृत्य आदि के द्वारा अपनी मनमोहक प्रस्तुतियां दी। एवं महापुरुषों की जीवनी के बारे में भी बताया गया। महापुरुषों के चित्र के समक्ष पुष्प भी अर्पित किए गए। इस अवसर पर विद्यालय प्रधानाचार्य श्री सुमित कुमार जी ने बताया कि हमारे पास महान आत्माओं के विषय में बताने को इतना ज्ञान है ।जिससे पूरे विश्व को एक नया मार्ग मिल सकता है। भारतीय संस्कृति में हर दिन का इतिहास है। हमारा हर दिन पवन है। महापुरुषों को आदर्श मानकर ही "वसुधैव कुटुंबकम" जैसे संकल्पना को साकार किया जा सकता है।

## संक्षिप्त खबरें

### राहुल गांधी के गुरु सैम पित्रोदा के बयान पर भड़के भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़



**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़**
भाजपा ने सैम पित्रोदा के बयान को नस्लीय टिप्पणी बताया है। भाजपा के राष्ट्रीय सचिव ओम प्रकाश धनखड़ ने सैम पित्रोदा के नस्लभेदी बयानों की कड़ी भर्त्सना करते हुए राहुल गांधी, सोनिया गांधी और प्रियंका वाड्रा को भी घेरा है। गुरुवार को गुरुग्राम स्थित पार्टी कार्यालय गुरुकमल में प्रेसवार्ता के दौरान श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस रंग-रूप के आधार पर भारतीयों का अपमान कर रही है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा के बयान पर कांग्रेस के शीर्ष नेताओं की चुप्पी साबित करती है कि कांग्रेस लोगों को नस्ल, धर्म और जाति के नाम पर आपस में लड़ाकर देश के टुकड़े-टुकड़े करना चाहती है। इस मौके पर जिला अध्यक्ष कमल यादव, जिला उपाध्यक्ष अजीत यादव और जिला सह मीडिया प्रमुख पवन यादव मौजूद रहे।
ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की सोच विभाजनकारी रही है। कांग्रेस देश को धर्म, जाति और रंग के आधार पर बांटने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि सैम पित्रोदा की रंग भेदी टिप्पणी से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सहित पूरा देश आहत है। कांग्रेस पर तंज कसते हुए श्री धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस की मोहब्बत की दुकान में नफरत का सामान बिखरा पड़ा है। श्री धनखड़ ने कहा कि देश की जनता कांग्रेस की काली करतूतों को समझती है और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस का सूपड़ा साफ कर सबक सिखाएगी।
पत्रकारों से बातचीत करते हुए ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्व गुरू और विकसित बनने की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। ऐसे समय में भारत के लोगों की रंग और नस्ल के आधार पर दूसरे देशों के नागरिकों से तुलना कर भारत को आगे बढ़ने से रोकने का कांग्रेस प्रयास कर रही है। श्री धनखड़ ने कहा कि राहुल गांधी के राजनीतिक सलाहकार सैम पित्रोदा का रंग-रूप के आधार पर टिप्पणी करना बेहद शर्मनाक और दुर्भाग्यपूर्ण है। बीजेपी के राष्ट्रीय सचिव श्री धनखड़ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दुनिया में भारत का मान-सम्मान बढ़ा रहे हैं, जबकि कांग्रेस लगातार विवादित बयानों से देशवासियों को अपमानित कर रही है। जेएनयू में राष्ट्र विरोधी नारे लगाने वाली गैंग का समर्थन करने वालों और उत्तर दक्षिणी भारत को अलग देश बनाने की मांग करने वालों को लोकसभा टिकट दे रही है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी स्वयं उत्तर दक्षिण के लोगों को बांटने की बात करते हैं। देश और समाज को बांटने की इनकी मानसिकता रही है। इनकी राजनीति की दुकान देशविरोधी विचारधारा से चलती है। इनके पास कोई मुद्दे नहीं है। पत्रकार द्वारा पूछे गए सवाल पर ओम प्रकाश धनखड़ ने कहा कि कांग्रेस के पास 45 विधायक हैं तो परेड़ कराएं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की बातों में कोई दम नहीं है। श्री धनखड़ ने कहा कि नायब सरकार को कोई खतरा नहीं है, सरकार के पास पूर्ण बहुमत है। एक अन्य सवाल पर श्री धनखड़ ने कहा कि भाजपा हरियाणा में 10 की 10 सीटें जीत रही है। उन्होंने यह भी कहा कि दिल्ली में भी सातों सीटों पर कमल खिल रहा है और तीसरी बार नरेंद्र मोदी देश के प्रधानमंत्री बन रहे हैं।

### 6 वर्ष से लापता लड़की के मिलने पर परिजनों के चेहरे पर लौटी मुस्कान

**टीम एक्शन इंडिया**
**चंडीगढ़:** हरियाणा पुलिस की एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट ने पिछले 6 साल से प्रयागराज उत्तर प्रदेश से लापता 12 वर्षीय लड़की को उसके परिजनों से मिलवाने में सफलता प्राप्त की है। यह लड़की मानसिक रूप से बीमार है और पिछले 6 साल से लापता थी। इस किशोरी को स्टेट क्राइम ब्रांच की एन्टी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट पंचकूला में कार्यरत एएसआई राजेश कुमार की कड़ी मेहनत व संवेदनशीलता की वजह से तलाश किया गया है। इसके लिए पुलिस महानिदेशक श्री शत्रुजीत कपूर ने उन्हें अपनी शुभकामनाएं दी और भविष्य में भी इसी प्रकार मेहनत व लगन के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया।

## यौन शोषण मामले में सजा काट रहे जलेबी बाबा की मौत

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार**
राजगढ़ रोड स्थित केन्द्रीय कारागार-2 में सजा काट रहे जलेबी बाबा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। वह महिलाओं की अश्लील वीडियो बनाकर उन्हें ब्लैकमेल करने व एक सौ से अधिक महिलाओं से रेप के मामलों में 14 साल की सजा काट रहा था। जानकारी के अनुसार हिसार में केंद्रीय कारागार-2 में सजा काट रहे बिल्लू राम उर्फ जलेबी बाबा की बुधवार देर रात तबीयत बिगड़ गई। पुलिसकर्मी उसे नागरिक अस्पताल में लेकर आए, जहां से उन्हें अग्रोहा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया, लेकिन डॉक्टरों ने चेकअप के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया।

# श्री तिरुपति धाम में 12 मई को होगा श्री रामानुज स्वामी उत्सव का समापन

उत्सव

▶▶ - रामानुजाचार्य के अभिषेक व शोभा यात्रा के साथ 12 मई को संपन्न होगा रामानुज स्वामी उत्सव

**टीम एक्शन इंडिया/हिसार :** अध्यात्म व सामाजिक सरोकारों में अग्रणी भूमिका निभाने वाले श्री तिरुपति बालाजी धाम में दस दिवसीय श्री रामानुज स्वामी उत्सव धूमधाम से मनाया जा रहा है। हर रोज विशेष पूजा-अर्चना के बाद रामानुज स्वामी की सवारी निकाली जाती है। इस सवारी शोभा यात्रा में काफी संख्या में श्रद्धालु हिस्सा लेते हैं।



फोटो : श्री तिरुपति बालाजी धाम में श्री रामानुज स्वामी उत्सव में हिस्सा लेते श्रद्धालुगण।

12 मई को पूरे विधि-विधान से अर्चक प्रातः श्री रामानुजाचार्य का अभिषेक करके विधिवत ढंग से पूजा-अर्चना करेंगे और सायंकाल सुसज्जित पालकी में रामानुज स्वामी के विग्रह को विराजमान करके शोभा यात्रा निकाली जाएगी।
उत्सव के अंतिम दिन विभिन्न क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु उमड़ेंगे। हिसार में अग्रोहा रोड पर लांदड़ी टोल प्लाजा के पास स्थापित श्री तिरुपति धाम में रामानुज स्वामी उत्सव के अंतर्गत सवारी शोभा यात्रा निकाली गई।
इसके उपरांत श्रद्धालुओं में सात्विक गोष्ठी प्रसाद का वितरण किया गया। रामानुज स्वामी उत्सव में पधारने वाले श्रद्धालुओं ने धाम में स्थापित विभिन्न मंदिरों के दर्शन करके अपने इष्ट को नमन करके मन्नतें भी मांगी। इस दौरान भक्तों ने श्री गरुण स्तंभ, बलिपीठम्, श्रीनिवास गोशाला, पवित्र पुष्करणी व श्री तिरुपति यज्ञशाला का भी अवलोकन किया।
उल्लेखनीय है कि श्री तिरुपति धाम में श्री रामानुज स्वामी के मंदिर का विशेष महत्व है। रामानुजाचार्य के नाम से प्रसिद्ध रामानुज स्वामी भगवान विष्णु के अनन्य भक्त रहे हैं। उन्होंने धर्म व संस्कृति के प्रचार के लिए विशेष प्रयास किए और जीर्ण-शीर्ण हो चुके मंदिरों के पुनरुद्धार व सौंदर्यीकरण में विशेष भूमिका निभाई।

# बीजेपी ने अग्निवीर योजना लाकर युवाओं से फौज की नौकरी छीनी: अनुराग ढांडा

**कलायत/कैथल**
आम आदमी पार्टी के वरिष्ठ प्रदेश उपाध्यक्ष अनुराग ढांडा ने इंडिया गठबंधन के तहत आम आदमी पार्टी के उम्मीदवार डॉ. सुशील गुप्ता के समर्थन में कलायत विधानसभा के गांव प्योदा और हरसौला में जनसभा की। उन्होंने कहा कि जनता इस सरकार को बदलना चाहती है और हम इस सरकार से लड़ रहे हैं, इसलिए हम सबका काम साझा है। पिछले पांच साल में आपका समस्याओं को सुनने कोई नहीं आया। लेकिन पांच साल में एक बार ऐसा समय आता है जब नेता आपके पीछे घूमते हैं,



यही हमारा लोकतंत्र है। आजाद हिंदुस्तान में हमारा संविधान ऐसा है कि जो कुछ है वो जनता के हाथ में है। लेकिन बीजेपी जनता की इस ताकत को खत्म करना चाहती है। इसलिए ये चुनाव बाकी सभी चुनावों से अलग है। बीजेपी देश में तानाशाही लाना चाहती है। इसलिए ये चुनाव अपनी उस ताकत को बचाए रखने के लिए है।

## मोदी के नेतृत्व में भारत को मिली विश्व पटल पर पहचान: कंवर पाल

**टीम एक्शन इंडिया/यमुनानगर**
हरियाणा के कैबिनेट कंवरपाल ने अम्बाला लोकसभा क्षेत्र से भाजपा प्रत्याशी बंतो कटारिया के समर्थन में बुधवार रात तक जगाधरी शहर में शिवपुरी सोसाइटी, वाल्मीकि बस्ती , गोमती गली, नालागढ़ और कई कालोनियों में धुआंधार जनसंपर्क किया।
कैबिनेट मंत्री कंवर पाल ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि विरासत और विकास का ये अदभूत समन्वय अगर किसी एक महापुरूष के विजन और दृढ़ इच्छाशक्ति के कारण आज देश में देखने को मिल रहा है, तो वह देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में संभव हो पाया है।

# नशे के विरुद्ध किया जागरूक

## नशा होता अच्छा तो मां कहती खा ले मेरे बच्चा- डॉ. अशोक



**टीम एक्शन इंडिया/फरीदाबाद**
हरियाणा राज्य नारकोटिक्स कण्ट्रोल ब्यूरो के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक श्री ओ.पी. सिंह साहब के दिशानिर्देशों एवं पुलिस अधीक्षक सुश्री पंखुरी कुमार के मार्गदर्शन में हरियाणा को नशा मुक्त करने के लिए दो प्रकार से कार्य किया जा रहा है। जागरूकता कार्यक्रम के लिए ब्यूरो द्वारा जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा नियुक्त हैं जो हरियाणा के विभिन्न जिलों में नशे के विरुद्ध प्रचार प्रसार में जुटे हुए हैं। इस कड़ी में आज डी ए वी पुलिस पब्लिक स्कूल फरीदाबाद के विद्यार्थियों के साथ नशे के विरुद्ध एक दिवसीय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। विद्यालय की प्राचार्या हेमा अरोड़ा की अध्यक्षता और उपस्थिति में यह कार्यक्रम हुआ जिसमें कक्षा 8 से 12 के 206 विद्यार्थियों ने भाग लिया।
ब्यूरो के जागरूकता कार्यक्रम एवं पुनर्वास प्रभारी/उप निरीक्षक डॉ. अशोक कुमार वर्मा ने छात्र छात्राओं को भावनात्मक और देश प्रेम से ओत-प्रोत होकर कहा आज एक भयानक समस्या हमारे सामने है कि विवाह और अन्य समारोह में लोग अपने को बड़ा दिखाने के चक्कर में नशीले पदार्थों की प्रदर्शनी सी लगा देते हैं अर्थात लोगों को परोसते हैं। इतना ही नहीं इ-हुक्का और इ-सिगरेट जो प्रतिबंधित है सामान्य रूप से परोसी जा रही है। उन्होंने बताया कि दो प्रकार का नशा होता है। प्रतिबंधित और अप्रतिबंधित। डॉ. वर्मा ने कहा कि दोनों ही नशे मनुष्य के लिए किसी भी रूप में अच्छे नहीं है। यदि नशा अच्छा होता तो सबसे पहले माँ कहती ले खा ले मेरे बच्चा। यदि नशा अच्छा होता तो पिता कहता ले थोड़ी सी पी ले क्यों करता है चिंता अपनी जिंदगी जी ले। उन्होंने विस्तारपूर्वक नशे के दुष्परिणामों पर चर्चा करते हुए कहा कि एक दशक पूर्व हरियाणा में तम्बाकू उत्पाद केवल पनवाड़ी की दुकानों पर मिलते थे लेकिन आज के समय में थोड़ी थोड़ी दूरी पर स्थित खोखों में ये सरलता से उपलब्ध हैं। कोई व्यक्ति नहीं चाहता कि उसका बच्चा नशा करे लेकिन वही व्यक्ति दूसरे व्यक्ति के बच्चों के लिए ये नशे का सामान बेच रहा है।

# पाक अधिकृत कश्मीर को हिंदूस्तान का हिस्सा बनाएंगे मोदी

रैली

▶▶ रानियां में आयोजित विजय संकल्प में उमड़े जनसैलाब को पूर्व मुख्यमंत्री ने किया संबोधित

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़ / सिरसा/।** प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा के स्टार प्रचारक मनोहर लाल ने कहा कि कांग्रेस देश की एकता को तोड?ा चाहती है। वर्ष 1947 से ही जम्मू कश्मीर में धारा 370 लगा दी। कांग्रेस ने डराया कि धारा 370 हट गई तो खून की नदियां बह जाएंगी, देश में गृह युद्ध छिड़ जाएगा, लेकिन मोदी और शाह की जोड़ी ने एक ही लाइन में धारा



370 को खत्म कर दिया और किसी को खरोंच तक नहीं आई। कश्मीर में अब वैसे ही हालात हैं जैसे हरियाणा व अन्य प्रदेशों के हैं।पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर गुरुवार को रानियां में भाजपा प्रत्याशी डा. अशोक तंवर के समर्थन में आयोजित विजय संकल्प रैली को संबोधित कर रहे थे। रैली में उमड़े जनसैलाब को संबोधित करते हुए मनोहर लाल ने कहा कि प्रधानमंत्री ने धारा 370 के साथ साथ तीन तलाक जैसे काले कानून का भी खात्मा किया और राम मंदिर का निर्माण करवाया। ये सब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ इच्छा शक्ति के चलते ही संभव हो पाया। अब हमारी नजर पी.ओ.के यानी पाक अधिकृत कश्मीर पर है। पाकिस्तान से पी.ओ.के. वापस लेना है और ये मोदी सरकार ही कर सकती है।पूर्व सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश के लिए, देश के एक-एक आदमी के लिए जद्दोजहद की है, जबकि कांग्रेस के लोग मैं, मेरा बेटा, मेरा परिवार के लिए ही दुनिया में आएं हैं। कांग्रेस ने जो भ्रष्टाचार की गंगा बहाई उन सबके कारनामे एक एक कर सामने आ रहे हैं। ये लोग अब एक के बाद एक पकड़े जा रहे हैं।
कांग्रेस सरकार में मंत्री के पी.ए. के घर से करोड़ों रुपए की बरामदगी ये साफ करती है कि ये पार्टी पूरी तरह भ्रष्टाचार में लिप्त है, इसे देश के विकास से कोई लेना-देना नहीं। उन्होंने कहा कि देश में जो सुधार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 10 सालों में किए हैं और इन सुधारों को और बढ़ावा देने के लिए फिर से तीसरी बार सरकार लाना जरूरी है।

# भारत को तोड़ने की साजिश कर रही कांग्रेस: रामचंद्र जांगड़ा

तीखा हमला

▶▶ भाजपा कांग्रेस और पित्रोदा के खतरनाक मंसूबों को कभी पूरा नहीं होने देगी: रामचंद्र जांगड़ा

**टीम एक्शन इंडिया/चंडीगढ़/रोहतक** भाजपा के वरिष्ठ नेता और राज्यसभा सांसद रामचंद्र जांगड़ा ने कांग्रेस पर तीखा हमला बोला है। यहां पार्टी कार्यालय में पत्रकारों से बात करते हुए जांगड़ा ने राहुल गांधी के मुख्य सलाहकार सैम पित्रोदा द्वारा की गई नस्लीय टिप्पणी की घोर निन्दा की। जांगड़ा ने कहा कि पित्रोदा के बयान से साफ है कि कांग्रेस भारत को एक बार फिर





नस्लीय और धार्मिक आधार पर तोड़ना चाहती है। सैम पित्रोदा ने हाल ही में बयान दिया कि दक्षिणी भारत के लोग अफ्रीकन जैसे दिखते हैं और पूर्वोत्तर के लोग चाइना के लोगों जैसे दिखते हैं। जांगड़ा ने कहा कि इससे स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस भारत की संस्कृति और सभ्यता को आज भी सहन नहीं कर पा रही। रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि सैम पित्रोदा ने 1984 के दंगों में मारे गए सिख भाइयों पर भी घटिया टिप्पणी की थी। अब वे कांग्रेस सरकार आने पर कभी विरासत टैक्स लगाने की बात बोल रहे हैं तो कभी मुस्लिम तुष्टिकरण को बढ़ाकर आरक्षण देने की बात कर रहे हैं। सैम पित्रोदा के बयान से साफ है कि जिसका सलाहकार ऐसे तुच्छ सोच वाला होगा उस कांग्रेस पार्टी की संस्कृति भी वैसी ही होगी। हम कांग्रेस को आगाह करना चाहते हैं कि चुनाव जीतने के लिए देश को तोड़ने की कोशिश न करे। जांगड़ा ने कहा कि भाजपा 400 पार सीट से जीत रही है और कांग्रेस को यह हजम नहीं हो रहा। इसलिए कांग्रेसी ऊल जलूल बयानबाजी कर रहे हैं।

### टुकड़े-टुकड़े गैंग फिर एक्सपोज

**पत्रकारों** से बात करते हुए रामचंद्र जांगड़ा ने कहा कि कांग्रेस भारत की सभ्यता और संस्कृति को समझती ही नहीं, कांग्रेस के नेता भारत की मूल सभ्यता से विमुख हैं। वे भारत के लोगों को कभी अफ्रीकन तो कभी चाइना जैसे बताते हैं। जांगड़ा ने कहा कि टुकड़े टुकड़े गैंग एक बार फिर एक्सपोज हो गया है। कांग्रेस देश को बांटना चाहती है, लेकिन भाजपा इस खतरनाक इरादे को कभी सफल नहीं होने देगी।

# चढूनी भी हरियाणा के लिए नई राजधानी व अलग हाई कोर्ट की मांग के समर्थन में आगे आए

**टीम एक्शन इंडिया/चण्डीगढ़**
हरियाणा बनाओ अभियान को आज उस समय बल मिला जब भारतीय किसान यूनियन (चढूनी) के अध्यक्ष सरदार गुरनाम सिंह चढूनी, जो संयुक्त संघर्ष पार्टी के संस्थापक व राष्ट्रीय अध्यक्ष भी हैं, ने भी हरियाणा के लिए नई राजधानी व अलग हाई कोर्ट की मांग का समर्थन किया। हरियाणा बनाओ अभियान के संयोजक रणधीर सिंह बधरान ने जानकारी देते हुए बताया कि संस्था की टीम ने गुरनाम सिंह चढूनी के साथ बैठक करके इस मुद्दे पर चर्चा की। सरदार गुरनाम सिंह चढूनी ने कहा कि ये हरियाणा प्रदेश से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं व सरकार को इस



तरफ जल्द ध्यान देना चाहिए। उन्होंने आश्वासन दिया कि बहुत जल्द वह इस मुद्दे को राज्य स्तर पर उठाएंगे। रणधीर सिंह बधरान ने बताया कि इस मुद्दे पर हरियाणा के राजनीतिक नेताओं पर दबाव बनाने के लिए आने वाले दिनों में पूरे प्रदेश में बड़ी सार्वजनिक बैठकें बुलाई जाएंगी जिनमें समाज के सभी वर्गों से समर्थन प्राप्त किया जाएगा। आज कि बैठक में रवि कांत सैन एडवोकेट, हरमन श्योराण, अमित श्योराण , हरपाल सिंह एडवोकेट भारत भूषण वाल्मीकि एडवोकेट,रितेश गुर्जर एडवोकेट राकेश कटलारी और कई अन्य वकील भी मौजूद थे। रणधीर सिंह बधरान ने बताया कि हरियाणा बनाओ अभियान विभिन्न संसदीय चुनाव के उम्मीदवारों से संपर्क कर-के उनके समक्ष अपनी बात रख कर समर्थन मांग रहा है जिसके तहत अभी तक वरुण मुलाना, बंतो कटारिया, उदयभान, अध्यक्ष हरियाणा प्रदेश कांग्रेस कमेटी के साथ-साथ सुशील गुप्ता अध्यक्ष आम आदमी पार्टी हरियाणा को ज्ञापन सौंपा जा चुका है।

ACTION INDIA

# एक्शन इंडिया

Front Page - 2

एक्शन इंडिया • नई दिल्ली • 10 मई 2024 • पृष्ठ 12 • आरएनआई: DELHIN / 2006 / 19302

RKB GROUP Rakesh Bhardwaj Group

फास्ट न्यूज

## इंदौर के स्टेडियम में स्ट्रांग रुम तैयार

**इंदौर:** इंदौर लोकसभा सीट पर 13 मई को मतदान होना है।उसके एक दिन पहले दो हजार से ज्यादा मतदान दलों को मतदान सामग्री का वितरण निर्वाचन कार्यालय करेगा। इसके लिए इंदौर के नेहरु स्टेडियम में तैयारियां पूरी हो चुकी है।स्टेडियम में स्ट्रांग रुम बनाया गया है। जिसमें मतदान समाप्त होने के बाद ईवीएम को उसमें रखा जाएगा। इस स्ट्रांग रुम की खिड़कियों को भी सील किया है। मतदान के बाद स्ट्रांग रुम का बिजली कनेक्शन भी काट दिया जाएगा, ताकि भीतर कोई अग्नि हादसा न हो सके। स्टेडियम ग्राउंड पर फायर ब्रिगेड की दमकलें अब मतगणना तक खड़ी रहेगी। स्टेडियम में तीन डोम बनाए गए है। पिछली बार की तरह विधानसभा क्षेत्रों के हिसाब से डोम में अलग-अलग सेक्टर रहेंगे। वहां मतदान दल अपनी टेबलों पर बैठेंगे और टेबल तक ही मतदान सामग्री पहुंचाई जाएगी। उसके बाद पोलिंग पार्टियां अपने-अपने मतदान केंद्रों के लिए रवाना होगी।

## 'विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुई'

**चंडीगढ़: हरियाणा** के मुख्यमंत्री नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के कुशल नेतृत्व में देश में अभूतपूर्व बदलाव आया है और विश्व पटल पर भारत की छवि सशक्त हुई हैं। पीएम मोदी के नेतृत्व क्षमता का ही कमाल है कि आज विश्व में भारतीयों का भी मान-सम्मान बढ़ा है। श्री सैनी ने ये उद्बोधन गुरुवार को करनाल विधानसभा उपचुनाव जनसंपर्क अभियान के दौरान कहे। इससे पहले श्री सैनी ने माँ भारती के अमर सपूत, अद्वितीय योद्धा, स्वाभिमान की प्रतिमूर्ति एवं भारत के महानायक महाराणा प्रताप जी की जयंती पर उन्हें नमन करते हुए पुष्प अर्पित किए। श्री सैनी ने कहा कि महाराणा प्रताप जी का मातृभूमि के लिए त्याग और बलिदान राष्ट्र के लिए सदैव प्रेरणादायी रहेगा।

नायब सैनी ने कहा कि हम अपने वीर शहीदों के बलिदान के कारण की खुली हवा में सांस ले रहे हैं। हमें उनके बलिदान को कभी भी नहीं भूलना चाहिए। सीएम सैनी ने युवाओं से आह्वान करते हुए कहा कि युवा वर्ग महाराणा प्रताप जैसे सेनानियों से प्रेरणा लें और उनका हमेशा सम्मान करें। उन्होंने कहा कि युवाओं में राष्ट्र के प्रति समर्पण की भावना का होना बहुत जरूरी है। सभा को संबोधित करते हुए नायब सैनी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सही मायने में शहीदों का सम्मान किया है। शहीदों का सम्मान भाजपा शासन काल में जितना हुआ है, इससे पहले कभी नहीं हुआ। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में 10 सालों में विकास की नई गाथा लिखी गई है।

# सपा आतंकवादियों की हिमायती: जेपी नड्डा

### दो बातों का गठबंधन है, पहला- ये सभी परिवारवादी पार्टियां हैं और अपने परिवार को बचाने में लगी

सपा निशाने पर

**ये आतंकवादियों के हिमायती हैं और खासमखास हैं। इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर**



टीम एक्शन इंडिया

**फतेहपुर:** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने गुरुवार को फतेहपुर में आयोजित जनसभा में समाजवादी पार्टी पर जमकर हमला बोला। जनसभा को संबोधित करते हुए जेपी नड्डा ने कहा कि समाजवादी पार्टी की असलियत यह है कि जो लोग गोरखपुर बम कांड में शामिल थे, वाराणसी बम कांड में शामिल थे, लखनऊ बम कांड में शामिल थे। इन सभी की सजा माफ करने के लिए अखिलेश यादव ने अर्जी डाली थी। ये आतंकवादियों के हिमायती हैं और खासमखास हैं। उन्होंने कहा कि इंडी अलायंस के नेता या तो जेल में हैं या फिर बेल पर हैं। ये भ्रष्टाचारियों का टोला है। ये सिर्फ जाति, धर्म और क्षेत्र के नाम पर लोगों को बांटकर वोटबैंक की राजनीति करते हैं और अब तो ये चमड़ी के रंग के नाम पर देश को बांटने में लगे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि इंडी अलायंस सिर्फ दो बातों का गठबंधन है। पहला- ये सभी परिवारवादी पार्टियां हैं और अपने परिवार को बचाने में लगी हैं। इनको जनता से कोई लेना-देना नहीं है। दूसरा- ये सभी भ्रष्टाचारी पार्टियां हैं और ये अपने भ्रष्टाचार को बचाने में जुटे हैं। पहले इंदिरा आवास योजना के तहत एक पंचायत में सिर्फ दो घर ही मिलते थे। आज मोदी ने पीएम आवास योजना के तहत 4 करोड़ गरीबों को पक्के घर दिए हैं और अगले 5 साल में 3 करोड़ घर और बनेंगे। यही नहीं, आने वाले समय में पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना से सबको बिजली मुफ्त में मिलेगी। मोदी जी के नेतृत्व में गांव, गरीब, शोषित, दलित, वंचित, आदिवासी, किसान, युवा, महिला सबको ताकत मिली है। ये मोदी जी की सही नीतियों के कारण संभव हो पाया है। पीएम गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ लोगों को मुफ्त राशन मिल रहा है। जेपी नड्डा ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में 25 करोड़ लोग गरीबी की रेखा से बाहर निकल आए हैं। ये बदलता भारत है। पहले यहां बम बनाने की फैक्ट्री थी, तमंचे बनते थे, गुंडागर्दी होती थी। व्यापारी पलायन करते थे। हमारी बहू-बेटियां सुरक्षित नहीं थीं। मोदी और योगी जीके नेतृत्व में हमारी बहू-बेटियां इज्जत के साथ सब जगह जा रही हैं। विकास के नए-नए आयाम जोड़े जा रहे हैं। 10 साल पहले मोबाइल पर लिखा होता था- मेड इन चाइना, मेड इन जापान, मेड इन ताइवान, मेड इन कोरिया और आज मोबाइल पर लिखा रहता है- मेड इन इंडिया। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि आज मोदी के नेतृत्व में दुनिया में भारत का डंका बज रहा है। आने वाले समय में मोदी के नेतृत्व में भारत दुनिया की तीसरे सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारत, दुनिया में मोबाइल मैन्युफैक्चरिंग में नंबर दो पर है।

### कांग्रेस की नीति के चलते जनसंख्या असंतुलनः भूपेन्द्र

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊ:** भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस की तुष्टीकरण की नीति के चलते देश में जनसंख्या असंतुलन की परिस्थिति उत्पन्न हुई है। भाजपा समान जनसंख्या नीति की समर्थक है। प्रदेश भाजपा कार्यालय पर गुरुवार को पत्रकार वार्ता करते हुए भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि कांग्रेस की काली करतूतों से देश की जनता वाकिफ है। वह देश को क्षेत्र व भाषा के आधार पर बांटना चाहते हैं। भूपेन्द्र चौधरी ने कहा है कि कांग्रेस नेता सैम पित्रोदा ने नस्लभेदी टिप्पणी कर करोड़ों भारतीयों को अपमानित करने का काम किया है। उनके बयान को व्यक्तिगत बयान कहकर कांग्रेस बच नहीं सकती। इसके लिए राहुल गांधी और प्रियंका वाड्रा को माफी मांगना चाहिए।

## बाल-बाल बचे चिराग चिराग पासवान



टीम एक्शन इंडिया

**समस्तीपुर: लोक** जनशक्ति पार्टी के प्रमुख चिराग पासवान गुरुवार को बाल-बाल बचे। उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर ही क्रैश हो सकता था। हालांकि, हादसा होने से टल गया। इस घटना की कुछ तस्वीरें सामने आई हैं। इनमें देखा जा सकता है कि हेलीकॉप्टर का पहिया जमीन में धंसा हुआ है। बता दें कि गुरुवार को चिराग पासवान उजियारपुर में जनसभा को संबोधित करने के लिए पहुंचे थे। यहां बने हेलीपैड पर हेलीकॉप्टर ट्रैक से नीचे चला गया है। तस्वीरों से इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है।

टला हादसा

**उनका हेलीकॉप्टर हेलीपैड पर ही क्रैश हो सकता था। हालांकि, हादसा होने से टल गया**

हेलीकॉप्टर के पहिए कच्ची जमीन में धंसे हुए हैं। ऐसे में यहां बड़ा हादसा हो सकता था। बता दें कि इस संबंध में जानकारी चिराग पासवान के कार्यालय की ओर से मीडिया को जारी की गई है।

# किसानों के लिए कांग्रेस व भाजपा एक जैसीः सुनैना

टीम एक्श इंडिया

**हिसार:** जिस प्रकार से कांग्रेस घास किसानों के लिए हानिकारक है, उसी तरह से कांग्रेस पार्टी भी किसानों के लिए नुकसानदायक है। जिन तीन काले कानूनों के लिए किसानों को 13 महीने तक सडकों पर बैठना पड़ा और 750 किसान शहीद हुए उन्हें लिखने का काम कांग्रेस की सरकार में किया गया था और लागू भाजपा की सरकार ने किया। यह बात हिसार लोकसभा से इनेलो उम्मीदवार सुनैना चौटाला ने गुरुवार को नलवा हलके में चुनाव



प्रचार के दौरान लोगों को संबोधित करते हुए कही। सुनैना चौटाला ने हलके के गांव मुकलान, देवा, सिंघराण, कालवास, चिड़ौद, रावतखेड़ा, पायल, चारनौंद, तलवंडी रुक्का, तलवंडी बादशाहपुर, भेरिया, पनिहार, गावड़, चौधरीवास, पातन, टोकस आदि गांवों का दौरा कर वोटों की अपील की। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और बीजेपी दोनों एक-दूसरे की बी पार्टियां हैं और दोनों ही किसान विरोधी हैं।

हमला बोला

**कांग्रेस और बीजेपी दोनों एक-दूसरे की बी पार्टियां हैं और दोनों ही किसान विरोधी हैं : सुनैना**

# परिवार की पांचों सीटें हारेगी सपा, नहीं खुलेगा खाताः सीएम योगी

टीम एक्शन इंडिया

**लखीमपुर खीरी:** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को एक चुनावी जनसभा में कहा कि लोकसभा चुनाव में प्रदेश में सपा का खाता भी नहीं खुलेगा। सपा मुखिया के परिवार की पांचों सीटों पर हार सुनिश्चित है। मुख्यमंत्री आदित्यनाथ ने खीरी सीट से भाजपा प्रत्याशी एवं केंद्रीय गृह राज्यमंत्री अजय मिश्रा टेनी के समर्थन में गोला में आयोजित जनसभा में कहा कि लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा के लोग कह रहे हैं कि राममंदिर का निर्माण अनावश्यक हुआ है। चुनाव जैसे-जैसे आगे बढ़ रहा है दो चीजें साफ हो गई हैं। एक तरफ भारत के विकास, गरीब कल्याण के लिए योजनाओं का



दावा

**लोकसभा चुनाव के तीन चरण पूरे हो चुके हैं। देश में एक ही स्वर गूंज रहा है फिर एक बार मोदी सरकार**

लाभ देने वाले रामभक्त हैं। दूसरी तरफ भारत की सुरक्षा में सेंध लगाने वाले, अंतरराष्ट्रीय मंच पर भारत का अपमान करने वाले, आस्था के साथ खिलवाड़ करने वाले रामद्रोही हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और सपा देश को बांटने की साजिश रच रही हैं। एक तरफ कांग्रेस के कार्यकाल में जहां देश की सीमाएं असुरक्षित थीं, आतंकवाद और नक्सलवाद चरम पर थे वहीं दूसरी तरफ सपा रामभक्तों पर गोलियां चलवाती थी और आतंकियों के केस वापस लेती थी। मगर इस बार पूरे देश में एक ही स्वर गूंज रहा है कि जो राम को लाए हैं हम उनको लाएंगे। मुख्यमंत्री ने बाबा गोला गोकर्णनाथ की पावन धरा को नमन करते हुए महाराणा प्रताप की पावन जयंती पर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।

# भाजपा सरकार में मुस्लिम वर्ग योजनाओं से लाभान्वित हो रहें : डा. दिनेश शर्मा

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः महाराष्ट्र के चुना**व प्रभारी और उत्तर प्रदेश के पूर्व उपमुख्यमंत्री डा.दिनेश शर्मा ने कहा कि जो लोग चुनाव के वक्त टोपी पहनकर मुस्लिम के बीच जाते रहे हैं, उन्होंने मुस्लिम को क्या दिया। ना कभी गैस चूल्हा दिया और ना ही युवतियों की शादी के लिए शादी अनुदान के तहत धनराशि दी। ना ही किसी विकास योजना का लाभ ही पहुंचाया। हमारी केन्द्र की भाजपा सरकार में मुस्लिम वर्ग सभी योजनाएं से लाभान्वित हो रहे हैं।

पूर्व उपमुख्यमंत्री डा. दिनेश शर्मा ने लखनऊ के पश्चिम विधानसभा के लॉ प्लास में आयोजित अल्पसंख्यक संवाद कार्यक्रम में कहा कि आजतक



अखिलेश यादव और मायावती ने मुस्लिम वर्ग के लोगों को किस योजना का लाभ पहुंचाया। ये सत्ता में आते थे, तब कर्फ्यू लगता था। कर्फ्यू लगने पर हर वर्ग के गरीब लोगों को नुकसान होता था। डा. दिनेश ने कहा कि साइकिल का पंचर बनाते हुए मुस्लिम आज मशीन पर काम करते हुए दिखायी देते हैं। जबकि कांग्रेस ने इनका वोट लिया, सपा ने लिया, बसपा ने वोट लिया और इनके हालात को तीनों पार्टियों ने नहीं बदला। कांग्रेस, सपा और बसपा ने मुस्लिम को शिक्षा से दूर रखा, क्योंकि ये दल जानते थे कि जो मुस्लिम वर्ग शिक्षित हो गया तो वो भाजपा, अटल बिहारी बाजपेयी और राजनाथ सिंह का हो कर रह जायेगा।

हमला बोला

**जो लोग चुनाव के वक्त टोपी पहनकर मुस्लिम के बीच जाते रहे हैं, उन्होंने मुस्लिम को क्या दिया**

## आर्टिफिशियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त

**दुमका:** हंसडीहा-भागलपुर रोड स्थित मसाला कारोबारी कमलेश वैध के यहां फूड सेफ्टी और स्टैंडर्ड अथॉरिटी ऑफ इंडिया ने गुरुवार को छापेमारी करके बड़ी मात्रा में आर्टिफिसियल हल्दी और धनिया पाउडर जब्त किया।

# दो पत्नी वालों को हर साल दो लाख देगी कांग्रेसः कांतिलाल भूरिया

टीम एक्शन इंडिया

**रतलाम:** पूर्व केंद्रीय मंत्री और रतलाम से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया ने चौंकाने वाला बयान दिया है। उन्होंने दो पत्नियों वालों को दो लाख देने की घोषणा कर दी है। प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी की मौजूदगी में दिया गया ये बयान तेजी से वायरल हो रहा है। मध्य प्रदेश से कद्दावर आदिवासी नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री रतलाम से कांग्रेस के लोकसभा प्रत्याशी कांतिलाल भूरिया ने गुरुवार को एक सभा में घोषणा की



है कि जिस व्यक्ति की दो पत्नियां हैं, उसे दो लाख रुपये सालाना दिए जाएंगे। इसके अलावा कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में सभी महिलाओं के खातों में एक-एक लाख रुपये देने की बात कही है। खास बात यह है कि पीसीसी चीफ जीतू पटवारी भी उनकी इस घोषणा का समर्थन किया है।

ऐलान

**कांग्रेस ने चुनावी घोषणापत्र में सभी महिलाओं के खातों में एक-एक लाख रुपये देने की बात कही है**

## पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट, 5 की मौत

**शिवकाशी (तमिलनाडु)):** तमिलनाडु के विरुधुनगर जिले में शिवकाशी में गुरुवार को एक पटाखा निर्माण इकाई में आग लगने से पांच महिलाओं सहित सात श्रमिकों की मौत हो गई और तीन अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। जानकारी के मुताबिक शिवकाशी के एक पटाखा फैक्ट्री में यह हादसा हुआ है। ये ब्लास्ट इतना जोरदार था कि घटनास्थल से करीब एक किलोमीटर दूर तक धुएं का गुबार और तेज धमाके की आवाज सुनाई दी।

**समीकरण** पिछले आम चुनाव में कांग्रेस ने उप्र की 67 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे, कांग्रेस रायबरेली सीट जीतने में कामयाब हुई थी

# लोस चुनावः चौथे चरण में कांग्रेस की कमजोर चुनौती

टीम एक्शन इंडिया

**लखनऊः** 18वीं लोकसभा के चुनाव में चौथे चरण में उप्र की 13 सीटों पर मतदान होगा। पिछले आम चुनाव में कांग्रेस ने उप्र की 67 सीटों पर प्रत्याशी उतारे थे। कांग्रेस एकमात्र रायबरेली सीट जीतने में कामयाब हुई थी। 2024 के चुनाव में कांग्रेस-सपा का गठबंधन है।

गठबंधन के तहत कांग्रेस 17 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। चौथे चरण के चुनाव में दो सीटों पर कांग्रेस प्रत्याशी चुनाव मैदान में हैं। पिछले चुनाव में दो में से एक सीट पर उसकी जमानत जब्त हुई थी। बता दें, 2019 के चुनाव में भाजपा ने सभी 13 सीटें जीती थी।



**2019 के चुनाव का हालः** 2024 के चुनाव में चौथे चरण की जिन 13 सीटों पर चुनाव होना है उनमें से कन्नौज संसदीय सीट पर पिछले चुनाव में कांग्रेस ने अपना प्रत्याशी नहीं उतारा था। 2019 के आम चुनाव में शाहजहांपुर (अ0जा0) सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी ब्रह्मस्वरूप सागर को 2.93 फीसदी वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। कांग्रेस प्रत्याशी की जमानत जब्त हुई। खीरी संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी जफर इकबाल नकवी को 8.11 फीसदी वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे कांग्रेस प्रत्याशी अपनी जमानत बचाने में विफल रहे। धौरहरा सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी कुंवर जितिन प्रसाद 15.31 फीसदी वोट के साथ तीसरे नंबर पर रहे। पूर्व केंद्रीय मंत्री जितिन प्रसाद अपनी जमानत बचाने में असफल रहे। सीतापुर संसदीय सीट पर कांग्रेस उम्मीदवार कैसर जहां की जमानत जब्त हुई। कांग्रेस प्रत्याशी 9.01 फीसदी वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही। हरदोई (अ0जा0) सीट पर कांग्रेस का वोट शेयर 1.89 फीसदी रहा। कांग्रेस प्रत्याशी वीरेन्द्र कुमार की जमानत जब्त हुई, और वो तीसरे स्थान पर रहे। मिश्रिख (अ0जा0) संसदीय सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी मंजरी राय को 2.58 फीसदी वोट मिले। मंजरी तीसरे स्थान पर रही और जमानत बचाने में विफल रही।

